शनिवार, 9 मई 2026

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष
सप्तमी, वि.स. 2082,
पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये

Epaper.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

सुविचार : जो नहीं मिला वो बेहतर और जो मिलेगा वो बेहतरीन होगा।

स्थानीय खबरें
पृष्ठ दो, चार और पांच पर

पश्चिम बंगाल सरकार

विकसित भारत
विकसित पश्चिम बंगाल

বহুবলধারিণীং
নমামি তরিণীং
রিপুদলবারিণীং
মাতরম্
বন্দে মাতরম্

ঋষি বঙ্কিমচন্দ্র চট্টোপাধ্যায়



চিত্ত যেথা ভয়শূন্য,
উচ্চ যেথা শির,
জ্ঞান যেথা মুক্ত...

কবিগুরু রবীন্দ্রনাথ ঠাকুর



আমরা উন্নতি করব।
আমরা এক হব। আমরা
এমন দেশে থাকব যার ভাগ্য
কেবল তার সন্তানদের
হাতে থাকবে।

ড. শ্যামাপ্রসাদ মুখোপাধ্যায়

गुरूदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

की गरिमामयी उपस्थिति में

## पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

**9 मई 2026, शनिवार | ब्रिगेड परेड ग्राउंड**
**सुबह 11:00 बजे**

ICA-D673(35)/2026

**आप सभी का हार्दिक स्वागत है।**

## बंगाल में कानूनी व्यवस्था की हो बहाली

छिटपुट हिंसा की घटनाओं के बावजूद पश्चिम बंगाल में कमोबेश शांतिपूर्ण मतदान हुआ था। लेकिन चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हो रही हिंसा की घटनाएं परेशान करने वाली हैं। भाजपा व टीएमसी के कुछ समर्थकों में हिंसक झड़पों के अलावा राज्य में पार्टी के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी के करीबी चंद्रनाथ रथ की हत्या चौंकाने वाली है। इससे दोनों दलों के बीच तनाव बढ़ा है। राज्य में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार सुवेंदु अधिकारी का दावा है कि रथ की हत्या उनके करीबी होने के कारण की गई है। वहीं चंद्रनाथ के परिजनों का आरोप है कि यह हत्या ममता बनर्जी की भवानीपुर में अधिकारी से हुई हार का बदला लेने के लिये की गई है। उल्लेखनीय है कि इस दौरान कुछ भाजपा व टीएमसी कार्यकर्ताओं की भी हत्या की गई है। दरअसल, पंद्रह साल से सत्ता में काबिज रही टीएमसी पर भाजपा की बड़ी जीत ने दोनों पार्टियों के बीच तनाव को बढ़ाया है। यही वजह है कि भारतीय चुनाव आयोग पर हमलावर होते हुए ममता बनर्जी ने केवल चुनाव परिणामों को ही खारिज नहीं किया, बल्कि मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने तक से मना कर दिया। उनकी इस घोषणा ने लंबे समय से जारी टकराव को बढ़ाने का काम ही किया। इस घटनाक्रम से टीएमसी कार्यकर्ताओं को आक्रामक होने का मौका मिला। निश्चय ही यह स्थिति राज्य के हित में नहीं कही जा सकती। राज्य में कानून व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किए जाने की जरूरत है। कायदे में चुनाव परिणाम सामने आने के बाद ममता को सदाशयता का परिचय देते हुए कार्यकर्ताओं से शांत रहने की अपील राज्य हित में करनी चाहिए। यही लोकतंत्र का तकाजा भी है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा को भी अपने कार्यकर्ताओं को शांत रहने के लिये प्रेरित करना चाहिए। उन्हें चुनाव परिणाम सामने आने के बाद हिंसा से परहेज करना चाहिए। यही लोकतंत्र की प्रतिष्ठा भी है।

यह विडंबना ही है कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य के अधिकारियों को विजय जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश देने के बाद भी दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं। ऐसी स्थिति में राज्य पुलिस को हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाते हुए, केंद्रीय बलों के साथ कानून व्यवस्था बहाल करने के लिये मिलकर काम करना चाहिए। यूं तो पूरे राज्य में ही, अन्यथा खासकर संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ायी जानी चाहिए। हिंसक वारदातों व तोड़फोड़ में शामिल लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। किसी भी राजनीतिक दल से संबद्धता की परवाह किए बिना उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना वक्त की जरूरत है। भाजपा व टीएमसी को अपने कार्यकर्ताओं से संयम बरतने को कहना चाहिए। वास्तव में अतीत में हिंसा का लंबा इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल को अब नये सिरे से शुरुआत करके विकास के पथ पर लौटना चाहिए। यह निर्विवाद सत्य है कि किसी भी हिंसा की कीमत आखिर आम जनता को ही चुकानी पड़ती है। यदि पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो पाते हैं कि राज्य की राजनीति में अपराध जगत से जुड़े व दबंग किस्म के लोग दखल देते रहे हैं। कभी वे राजनीतिक दलों के लिए बूथ लूटने का काम किया करते थे। एक समय वामपंथी सरकार में दखल रखने वाले ये लोग कालांतर तृणमूल कांग्रेस के लिये काम करने लगे थे। दरअसल, ये लोग अपनी सुविधा के हिसाब से राजनीतिक शरण लेकर अपने मंसूबों को पूरा करते रहे हैं। जाहिर है,अब राज्य में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई है तो वे भाजपा की छतरी के नीचे आने की कोशिश कर रहे होंगे। कहीं न कहीं हालिया हिंसा में उनकी भी भूमिका हो सकती है। यही वजह है कि भाजपा की तरफ से कहा जा रहा है कि अब तक टीएमसी से जुड़े रहे कुछ लोग खुद को भाजपा का बता रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी को यहां तक कहना पड़ा कि जब तक भाजपा किसी व्यक्ति को पार्टी का सदस्य न बनाये तब तक वह व्यक्ति खुद को भाजपा का नहीं बता सकता है। बहरहाल, राज्य में शांति की स्थापना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# बंगाल की हिंसा है लोकतंत्र पर धब्बा और बड़ी चुनौती

ललित गर्ग

पश्चिम बंगाल में हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनावों के बाद जिस प्रकार हिंसा, हत्याओं, आगजनी और राजनीतिक प्रतिशोध की घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने केवल राज्य की शांति को ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को भी आहत किया है। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव माना जाता है, किंतु जब यह उत्सव हिंसा, भय और प्रतिशोध में बदल जाए तो यह केवल राजनीतिक असफलता नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक पतन का संकेत बन जाता है। बंगाल की ताजा हिंसक घटनाएं इसी चिंता को सामने लाती हैं। चुनाव के दौरान छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो मतदान अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ था। लेकिन परिणामों की घोषणा के बाद जिस प्रकार राजनीतिक दलों के समर्थक एक-दूसरे के खिलाफ आक्रामक हुए, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अब वैचारिक संघर्ष न रहकर प्रतिशोध और वर्चस्व की लड़ाई बनती जा रही है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें, कई लोगों की हत्याएं और विशेष रूप से सुवेंदु अधिकारी के करीबी चंद्रनाथ रथ की हत्या ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक गंभीर बना दिया। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह क्यों बची रहनी चाहिए?

यह विडंबना है कि भारत, जिसने विश्व को अहिंसा, करुणा और वसुधैव कुटुम्बकम् का मंत्र दिया, आज वही देश राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी छवि धूमिल करता दिखाई देता है। महात्मा गांधी ने राजनीति को नैतिकता और सेवा से जोड़ा था, लेकिन आज राजनीति सत्ता, प्रतिशोध और भय का माध्यम बनती जा रही है। बंगाल की हिंसा इस बीमारी का एक भयावह उदाहरण है। पश्चिम बंगाल का राजनीतिक इतिहास हिंसा से अछूता नहीं रहा है। वामपंथी शासन के लंबे दौर से लेकर तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल तक राजनीतिक संघर्ष कई बार रक्तरंजित रूप में सामने आया। बूथ कब्जाने, विरोधियों को डराने, स्थानीय दबंगों और अपराधी तत्वों का राजनीतिक संरक्षण-ये सब बंगाल की राजनीति की कटु वास्तविकताएं रही हैं। सत्ता बदलती रही, लेकिन राजनीतिक संस्कृति में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आ सका। यही कारण है कि चुनाव परिणामों के बाद भी हिंसा का वातावरण बनता है और आम नागरिक भय तथा असुरक्षा के बीच जीने को मजबूर होता है।

दरअसल जब राजनीति विचार और जनसेवा से हटकर केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम बन जाती है, तब हिंसा उसका स्वाभाविक परिणाम बनती है। हार को लोकतांत्रिक विनम्रता से स्वीकार करने के बजाय प्रतिशोध का माध्यम बना लेना लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। यही कारण है कि चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देशों और विजय जुलूसों पर प्रतिबंध के बावजूद हिंसक घटनाएं हुईं। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों की नैतिक विफलता भी है। ममता बनर्जी द्वारा चुनाव परिणामों पर सवाल उठाना और राजनीतिक टकराव को तीखा बनाना हो या भाजपा द्वारा आक्रामक राजनीतिक प्रतिक्रिया-दोनों पक्षों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। लोकतंत्र में विपक्ष और सत्ता दोनों की जिम्मेदारी होती है कि वे जनता को शांति और संयम का संदेश दें। दुर्भाग्य से हमारे राजनीतिक दल अक्सर कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नियंत्रित करने के बजाय उन्हें उकसाने का काम करते हैं। परिणामस्वरूप हिंसा सामान्य राजनीतिक व्यवहार का हिस्सा बनती जा रही है।

सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि राजनीतिक हिंसा की कीमत हमेशा आम जनता को चुकानी पड़ती है। जिन लोगों के घर जलते हैं, जिन परिवारों के सदस्य मारे जाते हैं, जिन छोटे व्यापारियों की दुकानें टूटती हैं, उनका राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं होता। वे केवल उस हिंसक मानसिकता के शिकार बनते हैं जो सत्ता को मानवता से ऊपर मानती है। यह प्रश्न गंभीरता से पूछा जाना चाहिए कि आखिर राजनीतिक दल हिंसा का सहारा क्यों लेते हैं? जबकि इतिहास गवाह है कि हिंसा कभी स्थायी समाधान नहीं देती। हिंसा केवल भय, अविश्वास और प्रतिशोध को जन्म देती है। जो दल हिंसा को हथियार बनाते हैं, वे अंततः जनता की नजरों में अपना नैतिक अधिकार खो देते हैं। राजनीति का उद्देश्य समाज को जोड़ना होना चाहिए, तोड़ना नहीं।

आज भारत एक नए वैश्विक दौर में प्रवेश कर रहा है। दुनिया भारत को एक उभरती आर्थिक शक्ति, तकनीकी महाशक्ति और लोकतांत्रिक मॉडल के रूप में देख रही है। वर्ष 2047 तक जब भारत अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब हमारा लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं होना चाहिए, बल्कि एक ऐसे सभ्य और नैतिक राष्ट्र का निर्माण भी होना चाहिए जहां राजनीति का आधार अहिंसा, संवाद और संवेदनशीलता हो। यदि राजनीतिक दल नफरत, सांप्रदायिकता और हिंसा को अपना हथियार बनाए रखेंगे, तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी सांस्कृतिक चेतना रही है। गौतम बुद्ध ने करुणा का संदेश दिया, महावीर ने अहिंसा को जीवन का सर्वोच्च मूल्य बताया, गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर साम्राज्य को चुनौती दी। यह वही भारत है जिसने दुनिया को यह सिखाया कि मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति प्रेम और सह-अस्तित्व है। लेकिन आज राजनीतिक स्वार्थों और गैर-राजनीतिक आपराधिक तत्वों के कारण देश की छवि प्रभावित हो रही है। अपराधी मानसिकता के लोग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। वे दल बदलते रहते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य केवल शक्ति और स्वार्थ की पूर्ति होता है। बंगाल की ताजा घटनाओं में भी ऐसे तत्वों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

समाधान केवल प्रशासनिक कठोरता में नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति के परिवर्तन में निहित है। सबसे पहले सभी राजनीतिक दलों को सार्वजनिक रूप से हिंसा की निंदा करनी चाहिए और अपने कार्यकर्ताओं को संयम बरतने का स्पष्ट संदेश देना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र प्रतिद्वंद्विता का नहीं, सह-अस्तित्व का नाम है। दूसरा, कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। किसी भी दल से जुड़े उपद्रवियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक दबाव से मुक्त रखकर संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी बढ़ानी होगी। तीसरा, राजनीति के अपराधीकरण पर कठोर नियंत्रण आवश्यक है। ऐसे लोगों को राजनीतिक दलों में प्रवेश ही न मिले जिनकी पृष्ठभूमि हिंसक और आपराधिक रही हो। राजनीतिक दलों को अपने भीतर नैतिक अनुशासन विकसित करना होगा। चैथा, समाज में लोकतांत्रिक शिक्षा और संवेदनशीलता का वातावरण बनाना होगा। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में संवाद, सहिष्णुता और अहिंसा के मूल्यों को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। जब तक समाज स्वयं हिंसा को अस्वीकार नहीं करेगा, तब तक राजनीतिक हिंसा का अंत कठिन होगा।

बंगाल की ताजा हिंसा केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी है। यदि हमने समय रहते राजनीति को स्वस्थ मूल्यों की ओर नहीं मोड़ा, तो नफरत और हिंसा लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करती रहेंगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी आत्मा को पहचाने। यह देश युद्ध और प्रतिशोध की नहीं, बल्कि शांति, सह-अस्तित्व और विश्वबंधुत्व की भूमि है। वसुधैव कुटुम्बकम् केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता का मूल दर्शन है। यदि राजनीति इस दर्शन से विमुख होगी, तो लोकतंत्र केवल सत्ता संघर्ष बनकर रह जाएगा। पश्चिम बंगाल को अब हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकलकर विकास, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यही लोकतंत्र की गरिमा है, यही जनता की अपेक्षा है और यही विकसित भारत का मार्ग भी। -लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# स्वातंत्र्य समर के शाश्वत सूर्य महाराणा प्रताप

अशोक प्रवृद्ध

भारतीय इतिहास के क्षितिज पर महाराणा प्रताप एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र हैं, जिनका व्यक्तित्व केवल युद्धों की गाथा नहीं, अपितु स्वधर्म और स्वराष्ट्र के निमित्त अटूट निष्ठा का दर्शन है। उनके जीवन चरित का निष्पक्ष विश्लेषण करने से इस सत्य का सत्यापन होता है कि वह शौर्य, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और प्रजातांत्रिक सामूहिकता का एक अनुपम संगम प्रतीत होता है। महाराणा प्रताप का संघर्ष केवल भूभाग की रक्षा तक सीमित नहीं था। उनके लिए मेवाड़ आर्यावर्त की सांस्कृतिक शुचिता का प्रतीक था। वीर विनोद और पृथ्वीराज रासो जैसे ग्रंथों के सूक्ष्म अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि प्रताप ने तुर्क आधिपत्य के विरुद्ध जो ध्वज उठाया, उसका मूल आधार हिन्दू पद पादशाही की वह अवधारणा थी, जिसमें धर्म का अर्थ मजहब न होकर नैतिक मूल्यों और मर्यादाओं का संरक्षण था। उनके द्वारा धारण की गई राणा उपाधि मात्र राजसी पद नहीं, अपितु एकलिंग जी के दीवान के रूप में लोक-कल्याण का संकल्प थी। ऐतिहासिक ग्रंथों और बदायूंनी का मुन्तख़ब-उत-तवारीख़ आदि समकालीन फारसी वृत्तांतों के विश्-लेषण से यह तथ्य उभरता है कि प्रताप एक असाधारण सैन्य रणनीतिकार थे। हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक दिन की भिड़ंत नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संग्रामिकता का सूत्रपात था। उन्होंने अरावली की दुर्गम कंदराओं को अपना शस्त्रागार बनाया। भामाशाह जैसे दानवीरों का सहयोग और भील जनजातियों का सैन्य एकत्रीकरण यह सिद्ध करता है कि प्रताप ने सर्वप्रथम जनयुद्ध की अवधारणा को साकार किया था। प्रताप के व्यक्तित्व का सर्वाधिक प्रभावकारी पक्ष उनकी भीष्मवत प्रतिज्ञा है। रावल राणौ री बात में वर्णित है कि वैभव के स्थान पर उन्होंने तृणशैया और कंद- मूल को इसलिए चुना ताकि आने वाली पीढ़ियां पराधीनता के स्वर्णपाश के स्थान पर स्वतंत्रता के कंटकपथ को गौरव प्रदान कर सकें। यह उनके चरित्र की शाश्वत सत्य शैली है- जहां सत्य केवल शब्दों में नहीं, अपितु आचरण में परिलक्षित होता है। अक्सर उन्हें केवल एक क्षेत्रीय शासक माना जाता है, किंतु निष्पक्ष अध्ययन यह दर्शाता है कि प्रताप का प्रतिरोध संपूर्ण भारत के लिए प्रेरणा पुंज था। दक्षिण में छत्रपति शिवाजी महाराज के उदय की वैचारिक पीठिका प्रताप के इसी संघर्ष ने तैयार की थी। उन्होंने सिद्ध किया कि सत्ता बल से नहीं, अपितु नैतिक बल और आत्मसम्मान से संचालित होती है। महाराणा प्रताप का जीवन आज के युग में भी उतना ही प्रासंगिक है। वे केवल अतीत के योद्धा नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माता हैं। उनका राष्ट्रवाद समावेशी था, जिसमें स्वामिभक्त चेतक से लेकर झाला मान और हकीम खां सूरी तक, हर वह व्यक्ति सम्मिलित था जो मातृभूमि की मर्यादा हेतु प्राणोत्सर्ग को तत्पर था। प्रताप के पदचिह्न आज भी हमें यही संदेश देते हैं कि जिसका मस्तक सत्य और स्वाभिमान के समक्ष झुकता है, उसे काल की गर्त भी विस्मृत नहीं कर सकती। महार-ाणा प्रताप का स्थान स्वतंत्रता संग्राम इतिहास में इसलिए अद्वितीय है, क्योंकि उनका यह केवल एक राजा का युद्ध नहीं, बल्कि भारत का प्रथम जनयुद्ध था। इस जनयुद्ध की रीढ़ भील समुदाय था। ऐतिहासिक ग्रंथ वीर विनोद और स्थानीय ख्यातों के सूक्ष्म विश्-लेषण से यह स्पष्ट होता है कि प्रताप ने सामाजिक समरसता के माध्यम से जिस सैन्य शक्ति का सृजन किया, वह आज के गुरिल्ला वॉरफेयर का आधार स्तंभ है। अरावली की दुर्गम घाटियों में भीलों का सूचना तंत्र इतना सुदृढ़ था कि मुगल सेना की हर हलचल की जानकारी प्रताप तक घंटों पहले पहुंच जाती थी। कर्नल टॉड के अनुसार भील बालक और महिलाएं भी गुप्तचर की भूमिका निभाते थे। यह वह मौन शक्ति थी, जिसने अकबर के विशाल संसाधनों को भी बौना सिद्ध कर दिया। प्रताप जानते थे कि खुले मैदान में मुगल तोपखाने का सामना करना आत्मघाती होगा। अतः उन्होंने भीलों के सहयोग से युद्ध को पहाड़ों में खींच लिया। भील धनुर्धारियों ने ऊंची पहाड़ियों से पत्थर लुढ़काकर और विषैले तीरों की वर्षा कर मुगल सेना में त्राहि-त्राहि मचा दी। हल्दीघाटी के युद्ध में राणा पूंजा के नेतृत्व में भीलों का पराक्रम इस बात का प्रमाण है कि शस्त्रों से अधिक श्रेष्ठ संकल्प शक्ति होती है। प्रताप ने भीलों को केवल सैनिक नहीं, बल्कि अपना परिवार माना। यह उनके व्यक्तित्व की महानता थी कि उन्होंने राजसी अहंकार को त्यागकर वनवासियों के साथ कंद- मूल खाया। इसी कृतज्ञता वश भील समुदाय ने मेवाड़ के राजचिह्न में स्वयं को सदा के लिए अंकित करवा लिया- जो दृढ़ राखे धर्म को, तिही राखे करतार के साथ एक ओर राजपूत और दूसरी ओर धनुषधारी भील का चित्र, उनके शाश्वत गठबंधन का प्रतीक है। जब दुर्गों पर मुगलों का अधिकार हो गया, तब घने जंगलों

के भीतर गुप्त शस्त्रागारों का संचालन और विषम परिस्थितियों में रसद की आपूर्ति भीलों के बिना असंभव थी। यह उनकी संग्रामिकता ही थी, जिसने प्रताप को वर्षों तक अजेय बनाए रखा। महाराणा प्रताप और भीलों का संबंध आज के राष्ट्रनायकों के लिए एक सबक है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का विश्वास जीतना अनिवार्य है। प्रताप ने भीलों को शस्त्र ही नहीं, सम्मान भी दिया, जिसके प्रतिदान में भीलों ने अपना रक्त मेवाड़ की माटी में मिला दिया।हल्दीघाटी के समर प्रांगण में महाराणा प्रताप की सेना केवल संख्याबल का समूह नहीं, बल्कि विविधतापूर्ण सामाजिक एकता का एक जीवंत शस्त्रागार थी। प्रताप की सेना के हरावल (अग्रिम पंक्ति) का नेतृत्व एक अफगान सेनापति कर रहा था। हकीम खां सूरी का यह कथन इतिहास में अमर है- मेरी तलवार उस आततायी के विरुद्ध उठेगी, जिसने मजहब के नाम पर साम्राज्य विस्तार को अपना लक्ष्य बनाया है। वे अंत समय तक हाथ में तलवार लिए लड़ते रहे और वीरगति के बाद उन्हें उनकी तलवार सहित दफनाया गया, जो उनके अटूट स्वामिभक्ति का प्रमाण है। पानरवा के भील राजा राणा पूंजा ने अरण्य शक्ति के नायक के रूप में युद्ध की दिशा बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने पहाड़ियों पर मोर्चा संभालकर मुगल सेना की रसद काटी और पत्थरों व तीरों से छापामार आक्रमण का नेतृत्व किया। उनकी इसी वीरता के कारण मेवाड़ के राजचिह्न में भील योद्धा को स्थायी स्थान प्राप्त हुआ। जब महाराणा युद्ध क्षेत्र में संकट से घिरे, तब झाला मान (झाला बीदा) ने प्रताप का राजकीय छत्र स्वयं धारण कर लिया, ताकि शत्रु भ्रमित हो जाए। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र के प्रतीक (प्रताप) को सुरक्षित निकाला। यह बलिदान सामंती व्यवस्था में राष्ट्र प्रथम की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह त्याग की पराकाष्ठा है। युद्ध केवल शस्त्रों से नहीं, रसद से भी जीते जाते हैं। भामाशाह ने न केवल अपनी निजी संपत्ति प्रताप के चरणों में अर्पित की, बल्कि युद्ध भूमि में तलवार भी चलाई। वे केवल एक दानवीर नहीं, बल्कि कुशल सैन्य प्रबंधक और योद्धा भी थे। सलूंबर के कृष्णदास ने चूंडावतों की परंपरा को अक्षुण्ण रखा, वहीं ग्वालियर के राजा रामशाह तोमर ने अपने तीन पुत्रों सहित प्रताप के पक्ष में लड़ते हुए प्राणोत्सर्ग किया। यह दर्शाता है कि प्रताप का संघर्ष क्षेत्रीय न होकर अखिल भारतीय स्वरूप ले चुका था। हल्दीघाटी में प्रताप के साथ खड़ा हर सेनापति अलग पृष्ठभूमि से था, किंतु सबका लक्ष्य एक था- स्वतंत्रता। यह एक ऐसा सैन्य संगठन था जहां धर्म, जाति और वर्ग से ऊपर उठकर राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि माना गया। महाराणा प्रताप की युद्ध पद्धति रक्षात्मक आक्रामकता का उत्कृष्ट उदाहरण थी। जहां मुगल सेना भारी तोपखाने और मंझोले हथियारों पर निर्भर थी, वहीं प्रताप की सेना अस्त्र-शस्त्र वैविध्य और द्रुत गतिशीलता पर आधारित थी। महाराणा प्रताप स्वयं दो तलवारें रखते थे-एक शत्रु के लिए और दूसरी निहत्थे शत्रु को देने के लिए, जो उनकी युद्ध नैतिकता का परिचायक था। उनके पास 81 किलो का भाला और 72 किलो का कवच था। यह भारी उपकरण सिद्ध करते हैं कि उनका युद्ध कौशल केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि असाधारण शारीरिक सौष्ठव और प्राण बल पर टिका था। उनके सेनापति खांडा (दोधारी तलवार) और कटार के प्रयोग में निपुण थे, जो द्वंद्व युद्ध में मुगलों की लंबी तलवारों पर भारी पड़ते थे। सत्य यही है कि प्रताप पराजित नहीं हुए थे, क्योंकि उन्होंने कभी अधीनता स्वीकार नहीं की।

सच कहें तो, प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी राष्ट्र निर्माता भी थे। हल्दीघाटी के पश्चात प्रताप ने चावंड को अपनी राजधानी बनाकर यह सिद्ध किया कि विपत्ति में भी सृजन संभव है। यहां उन्होंने प्रताप शैली के चित्रों को संरक्षण दिया, जो कालांतर में मेवाड़ चित्रकला की आधारशिला बनी। उनके संरक्षण में निस-रारदीन जैसे चित्रकारों ने कला को नवीन आयाम प्रदान किए। प्रताप के समय में ही पंडित चक्रपाणि मिश्र द्वारा विश्ववल्लभ जैसे महान ग्रंथ की रचना हुई। यह ग्रंथ केवल धार्मिक नहीं, बल्कि पूर्णतः वैज्ञानिक था, जिसमें वृक्षायुर्वेद, जल प्रबंधन और भूमि के उर्वरक परीक्षण की विधियों का वर्णन है। यह दर्शाता है कि भीषण युद्धों के मध्य भी प्रताप अपनी प्रजा की आर्थिक समृद्धि और कृषि उन्नति के प्रति कितने सजग थे। प्रताप ने ज्योतिष और काल- गणना को महत्व देते हुए मुहूर्तमाला ग्रंथ का संकलन करवाया। यह इस शाश्वत सत्य को पुष्ट करता है कि प्रताप एक सुसंस्कृत सम्राट थे, जिनका लक्ष्य अपनी आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान-संपन्न बनाना था। महाराणा प्रताप का जीवन दर्शन किसी एक कालखंड या भूगोल की सीमा में आबद्ध नहीं है। उनका व्यक्तित्व एक कालजयी चेतना है, जो हर उस युग में प्रासंगिक होगी जहां स्वतंत्रता और स्वाभिमान का संघर्ष विद्यमान होगा। स्पष्ट है कि प्रताप ने केवल अस्त्रों से युद्ध नहीं जीता, बल्कि उन्होंने विचारों का युद्ध जीता। उन्होंने मुगलों की उस धारणा को ध्वस्त कर दिया कि सत्ता केवल धन और विलासिता से प्राप्त होती है। उन्होंने प्रमाणित किया कि राष्ट्र भूमि का टुकड़ा नहीं, अपितु एक जीवित इकाई है जिसका प्राणतत्व उसकी संस्कृति और स्वतंत्रता है। उनका त्याग, शौर्य और हिन्दुत्व की रक्षा का संकल्प आज भी भारत की धमनियों में प्रताप (तेज) बनकर प्रवाहित हो रहा है। वह अरावली का वह अजेय शिखर हैं, जिसके ऊपर आज भी स्वाभिमान का सूर्य चमक रहा है।

-लेखक, आध्यात्मिक चिंतक व साहित्यकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 मई, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष सप्तमी, 13:59 तक, नक्षत्र : श्रावण, 23:13 तक, योग : शुक्ला, 26:25 तक, सूर्योदय: 04:59, सूर्यास्त: 18:06, चन्द्रोदय : 00:19, चन्द्रास्त: 11:30, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 08:56 से 10:33

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन सामान्य लेकिन संभलकर चलने का संकेत दे रहा है। नई प्रॉपर्टी लेने का विचार बन सकता है और लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने की कोशिश भी करेंगे।

**वृष :** आज धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। हर बात में बोलने से बचें, वरना उलझन बढ़ सकती है। यात्रा का प्लान फिलहाल टालना ही बेहतर रहेगा।

**मिथुन :** आज जल्दबाजी आपको मुश्किल में डाल सकती है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं। नया वाहन लेने का मन बन सकता है और समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी।

**कर्क :** आज किस्मत आपका पूरा साथ दे रही है। जिस काम में हाथ डालेंगे, सफलता मिलने के पूरे योग हैं। जीवनसाथी को तरक्की की खबर मिल सकती है। पुरानी गलतियों से सीख लेना जरूरी होगा।

**सिंह :** आज मन में पैसों को लेकर चिंता रह सकती है। परिवार में शादी-ब्याह की खुशखबरी माहौल को खुशनुमा बनाएगी। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छा मौका मिल सकता है।

**कन्या :** आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा और कुछ कामों में अड़चनें आ सकती हैं। सेहत में उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर सकता है। घर में मेहमानों के आने से रौनक बढ़ेगी।

**तुला :** आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। नए लोगों से पहचान बढ़ेगी, लेकिन सतर्क रहें क्योंकि हर कोई आपका शुभचिंतक नहीं होगा। उधार लेने से बचें।

**वृश्चिक :** आज धन लाभ के अच्छे संकेत हैं और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुके हुए काम पूरे करने में आप सफल रहेंगे। कोई कानूनी मामला सुलझाने के लिए सही सलाह मिल सकती है।

**धनु :** आज उन्नति के रास्ते खुल रहे हैं। पुराने दोस्त से मुलाकात आपको खुशी देगी। जीवनसाथी के साथ घूमने का प्लान बन सकता है। घर के कामों में लापरवाही परेशानी बढ़ा सकती है।

**मकर :** आज आप अपने जरूरी कामों में व्यस्त रहेंगे, लेकिन परिवार के लिए समय निकालने की कोशिश करेंगे। संतान पढ़ाई में लापरवाही कर सकती है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है।

**कुम्भ :** आज का दिन खासकर राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शानदार रहेगा। आपकी पहचान और प्रभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी नई नौकरी के लिए कदम बढ़ा सकते हैं।

**मीन :** आज कुछ रुकावटें आपके काम की रफ्तार को धीमा कर सकती हैं। फैसले सोच-समझकर लें और दिखावे से दूर रहें, वरना पैसा बेकार खर्च होगा। सेहत का ध्यान रखें।

## वर्ग पहेली नं. 3433



*बायें से दायें:-* 1) नसीहत, 5) बघार, 6) अपराधमुक्त, 7) भ्रष्टाचारी; कृतघ्न, 8) देवता, 9) एक नमकीन पकवान, 11) मापना, 13) साधु का चोंगा, 14) सजीला, 15) फैलाव, 16) दुहागन, 17) आद्योपांत; सविस्तार, 18) एक संख्या, 20) पच्चीस वर्षीय *(समारोह)*, 22) मेहरबानी, 24) प्रतिष्ठित; वयस्क, 25) पहुँच, 26) घूँघट.

*ऊपर से नीचे:-* 1) खौलना, 2) अप्सरा, 3) नगर, 4) सहयात्री, 5) रहम, 8) आभूषणकार, 10) एक नदी, 12) नाव चलाने का बल्ला, 13) दुर्व्यवहार, 15) उपस्थित, 16) बदतमीज़, 17) पुत्र, 19) ख़राब; बुरा, 21) बादल; मेघ, 23) मित्र. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | का | र | | कृ | पा | | क | ब | ड्डी |
| | र्य | | भू | मि | क | र | | द | |
| क | र | व | त | | | ई | श्व | री | य |
| र | त | | का | रा | वा | स | | फ | |
| तू | | का | ल | | स | | दौ | ल | त |
| त | मा | म | | द | र | द | रा | | र |
| | | या | त | ना | | श्रं | | सा | फ़ |
| श | रा | बी | | द | म | क | ल | | दा |
| ती | स | | त | न | हा | | ती | त | र |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3391

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 7 | |
| 6 | 9 | | 7 | | | | | 4 |
| 8 | | | | 2 | | | | |
| | | | 3 | | 5 | 1 | | 8 |
| 1 | | | | | 4 | | | 7 |
| | | 2 | | | | | 3 | 6 |
| | 1 | 3 | | | | | | |
| | | 6 | | | | 3 | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3390 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 |

शनिवार, 9 मई 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 33 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदयः 04:59 | सूर्यास्तः 18:09 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

पश्चिम एशिया संकट से सरकारी तेल कंपनियों को महीने में 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान पृष्ठ 10

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जो नहीं मिला वो बेहतर और जो मिलेगा वो बेहतरीन होगा।

# बंगाल में भाजपा युग की शुरुआत, शुभेंदु आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

## गृह मंत्री अमित शाह ने कीं घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा**

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए, जिससे उनके राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नव निर्वाचित भाजपा विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान शुभेंदु अधिकारी के सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने की घोषणा की। बैठक के बाद शाह ने कहा कि आठ प्रस्ताव प्राप्त हुए, और उन सभी में केवल एक ही नाम था। दूसरे नाम के लिए पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन कोई दूसरा नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। इसलिए, मैं शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित करता हूं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नयी भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, शाह और भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

## शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल में पहली भाजपा सरकार बनाने का दावा किया पेश

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार की शाम राज्यपाल आर एन रवि से मुलाकात की और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार बनाने का दावा पेश किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के दो घंटे बाद शुभेंदु अधिकारी लोकभवन पहुंचे। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कई शीर्ष नेता भी मौजूद थे, जिनमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सुकांत मजूमदार और शांतनु ठाकुर, ओडिशा के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल की बैठक के सह-पर्यवेक्षक मोहन चरण माझी, भाजपा की बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, और पार्टी की प्रदेश इकाई के अन्य वरिष्ठ नेता जैसे दिलीप घोष, लॉकेट चटर्जी और तापस रॉय शामिल थे।

## घोषणापत्र में किये गये सभी वादों को पूरा करेंगे : शुभेंदु अधिकारी

- **कहा... 'भाषण कम, काम ज्यादा और घोटालों पर होगा एक्शन'**
- **'सामूहिक नेतृत्व करूंगा', मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण से पहले किया वादा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में 'डर के युग' के समाप्त होने की घोषणा करते हुए राज्य के नामित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में नई और पहली भाजपा सरकार सामूहिक नेतृत्व के सिद्धांत पर काम करेगी, पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पार्टी विधायकों को संबोधित करते हुए शुभेंदु ने आने वाली सरकार की प्राथमिकताएं रेखांकित कीं और कहा कि बंगाल में डर का माहौल खत्म हो गया है और राज्य अब 'भरोसे' के दौर की ओर बढ़ेगा। अधिकारी ने कहा कि भय अब खत्म हो गया है और जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है, भरोसा आ गया है। अधिकारी ने कहा कि मैं नहीं, बल्कि हम- भाजपा सरकार सामूहिक नेतृत्व के सिद्धांत पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने हमें ऐतिहासिक जनादेश दिया है। हम बंगाल में भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किये गये सभी वादों को पूरा करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य की नई भाजपा सरकार के बीच समन्वय की जरूरत पर जोर दिया। अधिकारी ने कहा कि केंद्र और बंगाल की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने दें। पीएम मोदी की चुनावी गारंटियों का उल्लेख करते हुए अधिकारी ने कहा कि जनता से किया गया हर वादा चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोपों में जांच की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला आयोग भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच करेगा। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं की भी आयोग जांच करेगा और दोषियों को दंडित किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि भाजपा सरकार बंगाल के पुनर्निर्माण की दिशा में काम करेगी और सकारात्मक शासन तथा पार्टी के संकल्प पत्र के क्रियान्वयन के साथ अगले चुनाव में '60 प्रतिशत से अधिक लोगों' का विश्वास जीतने के लक्ष्य के साथ बढ़ेगी।

## भाजपा सरकार में बंगाल में घुसपैठ, मवेशी तस्करी असंभव हो जाएगी : अमित शाह

- **कहा... 'आज गंगोत्री से गंगासागर तक हर जगह भाजपा की सरकार'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा करने के बाद कहा कि भाजपा सरकार में राज्य में घुसपैठ और मवेशियों की तस्करी 'नामुमकिन' हो जाएगी। भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने राज्य में पार्टी की शानदार जीत को एक चुनावी उपलब्धि से कहीं अधिक बताया, और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा, लोकतांत्रिक बहाली से जुड़े एक निर्णायक राजनीतिक परिवर्तन और उस यात्रा की वैचारिक परिणति के रूप में चित्रित किया जो 1950 के दशक की शुरुआत में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल और देश की जनता से वादा करती है कि हम भारत में हर घुसपैठिये की पहचान करेंगे और उसे देश से बाहर करेंगे। मैं इस मंच से यह भी कहना चाहता हूं कि जो लोग इसे ध्रुवीकरण कह रहे हैं, वे गलत हैं। यह ध्रुवीकरण की बात नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा की बात है। शाह ने कहा कि अब 'गंगोत्री से गंगासागर' तक भाजपा की सरकार है। उन्होंने पार्टी की जीत को जनसंघ संस्थापक मुखर्जी की वैचारिक विरासत की विजय बताया। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में 1950 में शुरू हुई वैचारिक यात्रा ने अंततः 2026 में उनकी पार्टी को उनकी जन्मभूमि में सत्ता तक पहुंचा दिया। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। शाह ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय रचित 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ का भी जिक्र किया और कहा कि उपन्यासकार की भूमि पर भाजपा द्वारा सरकार बनाना 'एक बहुत बड़ा संकेत' है।

## भारत ने नयी हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने ओडिशा तट के पास स्वदेशी रूप से विकसित 'ग्लाइड' हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, साधारण युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने के लिए विकसित सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (टीएआरए) प्रणाली का बृहस्पतिवार को परीक्षण किया गया। मंत्रालय ने कहा, ''रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा तट के पास टीएआरए हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।'' उसने बताया कि टीएआरए भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार

प्रणाली है, जो बिना निर्देशित युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। बयान में कहा गया कि इस हथियार प्रणाली को रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई), हैदराबाद ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर डिजाइन और विकसित किया है, ताकि कम लागत वाले हथियार की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ाकर जमीनी लक्ष्यों को नष्ट किया जा सके। मंत्रालय ने कहा कि यह अत्याधुनिक कम लागत वाली प्रणालियों का उपयोग करने वाला पहला ग्लाइड हथियार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हथियार प्रणाली के पहले उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना और परियोजना से जुड़े उद्योग साझेदारों को बधाई दी। उन्होंने इसे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## 'भारत के खिलाफ जंग में पाकिस्तानी सेना की मदद की थी', चीन ने पहली बार माना सच

**बीजिंग :** चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि उसने पिछले साल भारत-पाक संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को रण क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। चीन की आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी। चीन के सरकारी प्रसारणकर्ता 'सीसीटीवी' ने बृहस्पतिवार को देश के विमानन उद्योग निगम (एवीआईसी) के चेंगदू वायुयान डिजाइन एवं अनुसंधान संस्थान के इंजीनियर झांग हेंग का साक्षात्कार प्रसारित किया। एवीआईसी चीन के उन्नत लड़ाकू विमानों और मानवरहित वायुयान (यूएवी) का एक प्रमुख विकासकर्ता है। हांगकांग से प्रकाशित होने वाले 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने 'सीसीटीवी' के हवाले से बताया कि झांग ने पिछले साल मई में चार दिवसीय संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। पाकिस्तान की वायुसेना के पास चीन निर्मित जे-10सीई लड़ाकू विमानों का बेड़ा है, जिनका उत्पादन एवीआईसी की एक सहायक कंपनी द्वारा किया जाता है। झांग ने कहा, ''हम अक्सर लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने की गर्जना और हवाई हमले के सायरन की लगातार आवाज सुना करते थे। मई में, सुबह होते-होते तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच जाता था। यह हमारे लिए मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से एक कठिन परीक्षा थी।'' झांग ने 'सीसीटीवी' को बताया कि उनकी टीम को ''रण क्षेत्र में सहायता प्रदान करने में और भी बेहतर काम करने की इच्छा'' और यह सुनिश्चित करने की लगन ने प्रेरित किया कि उनके उपकरण ''अपनी पूरी युद्ध क्षमता के साथ प्रदर्शन कर सकें।'' उन्होंने कहा, ''यह जे10सीई (चीन निर्मित लड़ाकू विमान) के उपयोग को महत्व देना भर नहीं है। यह हमारे बीच कंधे से कंधा मिलाकर, दिन-रात काम करने से बने गहरे जुड़ाव का भी प्रमाण है।''



# माध्यमिक परीक्षा के परिणाम घोषित, 86.83 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

## टॉप 10 में 131 छात्रों ने बनाई जगह, उत्तर दिनाजपुर के अभिरूप भद्र बने टॉपर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए, जिसमें कुल 9.71 लाख परीक्षार्थियों में से 86.83 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए। पश्चिम बंगाल 10वीं बोर्ड की परीक्षा में इस वर्ष कुल 131 छात्रों ने टॉप-10 में अपनी जगह बनाई है। इनमें 103 लड़के और 20 लड़कियां हैं। पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गांगुली ने कहा कि

पिछले वर्ष की माध्यमिक परीक्षा में 9.84 लाख विद्यार्थियों में से 86.56 प्रतिशत सफल घोषित किए गए थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की परीक्षा दो फरवरी से 12 फरवरी तक राज्यभर के 2,600 से अधिक केंद्रों पर आयोजित की गई थी। उत्तर दिनाजपुर जिले में शारदा विद्यामंदिर के अभिरूप भद्र ने परीक्षा में 700 में से 698 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। बीरभूम में सरोजिनीदेवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रियतोष मुखापोध्याय ने 696 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरा स्थान तीन विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। शीर्ष 10 रैंक में कुल 131 विद्यार्थियों ने जगह बनाई, जिनमें 28 लड़कियां शामिल हैं। कलिम्पोंग ने 95.01 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया, जबकि पूर्व मेदिनीपुर 94.02 प्रतिशत और कोलकाता 92.31 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# हावड़ा के स्कूलों का माध्यमिक परीक्षा 2026 बेहतरीन प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के स्कूलों ने भी माध्यमिक परीक्षा 2026 में बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं। कई स्कूलों ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल करते हुए उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की है, वहीं अन्य विद्यालयों के छात्रों ने भी उच्च अंक प्राप्त कर अपने संस्थानों का नाम रोशन किया है। शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**✒ शिबपुर अंबिका हिंदी हाई स्कूल**

शिबपुर अंबिका हिंदी हाई स्कूल का माध्यमिक परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। इस वर्ष विद्यालय के कुल 183 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 164 छात्र सफल हुए। विद्यालय में अक्षरा राउथ ने 539 अंक (77%) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, सिद्धार्थ कुमार दास ने 507 अंक (72%) प्राप्त कर द्वितीय तथा आदित्य राज ने 482 अंक (68%) अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**✒ हावड़ा श्रीमती मिश्री देबी सोंथालिया शिक्षा निकेतन**

हावड़ा श्रीमती मिश्री देबी सोंथालिया शिक्षा निकेतन के कुल 136 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 129 छात्र सफल घोषित हुए। विद्यालय में अमृता वर्मा एवं हरिओम कुशवाहा ने 486 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, मोहम्मद मदस्सर आलम ने 471 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा राकेश कुमार ने 435 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के टीआईसी धर्मबीर मूर्ति तथा अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**✒ डानकुनी मॉडर्न भारती इंस्टीट्यूट**

डानकुनी मॉडर्न भारती इंस्टीट्यूट का माध्यमिक परीक्षा 2026 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 110 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। सिमरन कुमारी ने 620 अंक, संजय बारिक ने 585 अंक तथा सोनू साव ने 513 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भावना राय ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर परिणाम के लिए लगातार मेहनत करते रहना चाहिए।

**✒ सलकिया श्री सत्यनारायण माधव मिश्रा विद्यालय**

सलकिया श्री सत्यनारायण माधव मिश्रा विद्यालय में आदर्श सिंह ने 494 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने हिंदी विषय में 90 अंक भी प्राप्त किए। वहीं, सचिन कुमार सिंह 399 अंक के साथ द्वितीय एवं ऋतिक कुमार साव 350 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। यह जानकारी विद्यालय के एचओआई रविकांत उपाध्याय ने दी।

**✒ श्री हनुमान जूट मिल हिंदी हाई स्कूल**

श्री हनुमान जूट मिल हिंदी हाई स्कूल के छात्रों में से माध्यमिक परीक्षा 2026 में अभिषेक कुमार ठाकुर ने 518 अंक, अनुज सिंह ने 449, मनजीत कुमार ने 443, विवेक साव ने 437 एवं आदित्य पाठी ने 403 अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह जानकारी विद्यालय के टीआईसी अरुण कुमार राय ने दी।

**✒ सलकिया विक्रम विद्यालय (मेन)**

सलकिया विक्रम विद्यालय (मेन) में छात्राओं में रानी कुमार झा ने 565 अंक प्राप्त कर प्रथम तथा अंजली कुमारी ने 540 अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, छात्रों में रितेश कुमार वर्मा ने 558 अंक के साथ पहला, आकाश मंडल ने 556 अंक के साथ दूसरा तथा दीपक शर्मा ने 542 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। यह जानकारी विद्यालय के शिक्षक प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने दी।

**✒ सोहनलाल देवरालिया बालिका विद्यालय**

सोहनलाल देवरालिया बालिका विद्यालय का माध्यमिक परीक्षा 2026 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय में मुनमुन साव ने 631 अंक प्राप्त कर प्रथम, कामिनी कुमार शॉ ने 610 अंक के साथ द्वितीय तथा प्रतिक्षा यादव ने 560 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। यह जानकारी विद्यालय की प्रिंसिपल मंजू सत्पति ने दी।

**✒ सलकिया श्री मिश्रा विद्यालय**

सलकिया श्री मिश्रा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में किशन जायसवाल ने प्रथम, राकेश यादव ने द्वितीय तथा श्रेयांश जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। यह जानकारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्रा ने दी।

# कोलकाता के स्कूलों का माध्यमिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, कई विद्यालयों का परिणाम शत-प्रतिशत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा शुक्रवार को माध्यमिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम जारी होते ही विभिन्न विद्यालयों में खुशी का माहौल देखने को मिला। कई स्कूलों ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए उत्कृष्ट सफलता हासिल की, वहीं विद्यार्थियों ने भी शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया।

**✒ टांटिया हाई स्कूल**

टांटिया हाई स्कूल के छात्रों ने माध्यमिक परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 174 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 73 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 46 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी तथा 55 छात्रों ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की। विद्यालय के टॉपर छात्रों में नवीन चावला ने 87% अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं, शेख रसाद रहमान ने 81% के साथ दूसरा तथा शिवम राय ने 80% अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुणाल तिवारी और मंत्री कैलाश चंद शर्मा ने सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी जानकारी दी कि कक्षा 11वीं में विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग में नामांकन प्रक्रिया शनिवार से प्रारंभ कर दी जाएगी।

**✒ माहेश्वरी बालिका विद्यालय**

माहेश्वरी बालिका विद्यालय (अंतर्गत माहेश्वरी सभा) की छात्रा अंशिका मिश्रा ने 584 अंक (83.4%) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अन्वी व्यास ने 562 अंक (80.3%) प्राप्त कर दूसरा, श्रद्धा गुप्ता ने 525 अंक (75%) के साथ तीसरा, रौनक व्यास ने 514 अंक (73.4%) के साथ चौथा और मंताशा शाहीन ने 506 अंक (72.3%) प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। विद्यालय के सभापति गणेश बागड़ी, मंत्री राकेश मोहता एवं शिक्षिका प्रभारी सुचरिता रॉय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**✒ श्री जगदंबा हाई स्कूल**

श्री जगदंबा हाई स्कूल के छात्रों ने माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय में अंशु कुमार यादव ने 467 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, राजा कुमार यादव ने 432 अंक के साथ द्वितीय और कृष्णा चौहान ने 392 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**✒ श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय (बॉयज)**

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय का माध्यमिक परीक्षा 2026 का परिणाम 100% रहा। विद्यालय में राघव कुमार अग्रवाल ने 83%, आयुष कुमार साव ने 67% अंक पाकर दूसरा और अफहाम साजिद ने 65% अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। राघव कुमार अग्रवाल ने हिंदी और अंग्रेजी में 90 अंक प्राप्त किए, जबकि हेमंत प्रसाद सिंह ने इतिहास में 91 अंक हासिल किए।

**✒ खन्ना हाई स्कूल**

खन्ना हाई स्कूल में माध्यमिक परीक्षा 2026 में कुल 186 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिनमें से 180 छात्र-छात्राएं सफल घोषित हुए। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97% रहा। विद्यालय में अमित सिंह ने 572 अंक प्राप्त कर प्रथम, शुभम कुमार सिंह ने 565 अंक के साथ द्वितीय तथा प्रेम प्रसाद ने 529 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। यह जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या आर. डी. शर्मा ने दी।

**✒ आदर्श शिक्षा निकेतन**

आदर्श शिक्षा निकेतन, श्यामबाजार के 130 विद्यार्थी माध्यमिक परीक्षा 2026 में शामिल हुए और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय में स्वाती कुमारी और सलोनी प्रसाद ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंकज कुमार ने द्वितीय तथा रिद्धि कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**✒ श्री विशुद्धानंद सरस्वती विद्यालय**

श्री विशुद्धानंद सरस्वती विद्यालय में अयान हुसैन ने 90% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, चिराग चावला ने 77% अंक के साथ द्वितीय और गौसिया खातून ने 74% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**✒ श्री दिगंबर जैन बालिका विद्यालय**

श्री दिगंबर जैन बालिका विद्यालय की छात्रा संजना महतो ने 70.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, पायल जैन ने 67.4% अंक के साथ द्वितीय तथा साक्षी झा ने 65.6% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टीचर इंचार्ज कुसुम जैन ने छात्राओं के परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री जैन विद्यालय हावड़ा की बॉयज व गर्ल्स शाखाओं का माध्यमिक परीक्षा 2026 में शत-प्रतिशत परिणाम

**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित माध्यमिक परीक्षा 2026 के परिणाम में श्री जैन विद्यालय, हावड़ा की बॉयज एवं गर्ल्स दोनों शाखाओं के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष दोनों विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

### श्री जैन विद्यालय फॉर बॉयज

देव साव

अंकुर रूपदा

उज्जन दत्ता

श्री जैन विद्यालय फॉर बॉयज के इस वर्ष कुल 174 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 113 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि शेष सभी छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के मेधावी छात्रों में देव साव ने 648 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अंकुर रूपदा ने 644 अंक के साथ दूसरा और उज्जन दत्ता ने 636 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रिंसिपल इंदु जोसफ चौधरी ने सभी सफल छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दिया। वहीं, विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने शत-प्रतिशत परिणाम पर छात्रों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

### श्री जैन विद्यालय फॉर गर्ल्स

सपना कुमारी

सृष्टि कुमारी

सौम्यश्री चक्रवर्ती

श्री जैन विद्यालय फॉर गर्ल्स की कुल 187 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। जिनमें से 87 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी और 100 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय की छात्रा सपना कुमारी ने 653 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, सृष्टि कुमारी ने 644 अंक के साथ दूसरा और सौम्यश्री चक्रवर्ती ने 620 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल ने सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को बधाई एवं धन्यवाद दिया। विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर सभी छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

# श्री जैन विद्यालय (कोलकाता) का माध्यमिक 2026 में शत-प्रतिशत परिणाम

परमेश्वर लाल

आयुष शाव

आशुतोष शाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय ने माध्यमिक परीक्षा 2026 में शानदार परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कुल 195 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी 195 छात्र सफल रूप से उत्तीर्ण हुए। परिणाम में 82 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 78 ने द्वितीय श्रेणी तथा 35 ने तृतीय श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के टॉपर्स में परमेश्वर लाल पारीक ने 637 अंक (91%) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आयुष शाव ने 634 अंक (90.57%) के साथ द्वितीय एवं आशुतोष शाव ने 630 अंक (90%) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की है। अध्यक्ष बिनोद कांकारिया, प्रधानाचार्य एस. के. पांडेय तथा सचिव मनोज बोथरा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हुगली में छात्रों का जलवा, मेघा तालिका में छठे से नौवें स्थान पाकर जिले का नाम किया रोशन

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में छात्रों ने माध्यमिक परीक्षा फलों में उम्दा प्रदर्शन कर जिले का नाम गर्व से रोशन किया है। राज्य मेघा तालिका में छटवां से नौवा स्थान हासिल कर छात्रों ने जिले का मान बढ़ाया है। हरिपाल स्थित परंबुआ जगद्धात्री हाई स्कूल की छात्रा सोहिनी कोले ने 692 अंक प्राप्त कर राज्य में छठा स्थान हासिल किया। वह हुगली जिले में प्रथम स्थान पर भी रहीं। सोहिनी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, स्कूल शिक्षकों और निजी ट्यूशन शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने पढ़ाई को कभी बोझ नहीं बल्कि जुनून माना। पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें गायन, नृत्य, कहानी और कविता लिखने का शौक है। उनके पसंदीदा गायक कौशिकी चक्रवर्ती और अरिजीत सिंह हैं। भविष्य में वह मेडिकल क्षेत्र में जाकर डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। आरामबाग हाई स्कूल के छात्र अर्कपर्व पाल ने 691 अंक प्राप्त कर राज्य में सातवां स्थान हासिल किया। इसी अंक के साथ जॉयपुर की छात्रा तनिशा फकीर (कैलाश चंद्र साधुखा हाई स्कूल) ने भी सातवां स्थान प्राप्त किया। अर्कपर्व पाल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और विशेष रूप से स्कूल के प्रधानाध्यापक को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक ने उन्हें काफी प्रेरित किया और हर संभव मदद की। पढ़ाई के अलावा उन्हें क्रिकेट खेलना, चित्रकला और कविता पाठ का शौक है। वह आगे चलकर आईआईटी क्षेत्र में जाना चाहते हैं। श्रीपुर के छात्र सौमल्य घोष (कामारपुकुर रामकृष्ण मिशन मल्टीपरपज स्कूल) ने 690 अंक प्राप्त कर राज्य में आठवां स्थान

उपयान पाल

सोहिनी कोले

हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय रामकृष्ण मिशन के महाराज, माता-पिता और अपनी मेहनत को दिया। उनके पिता निजी शिक्षक हैं और माता एक छोटे गारमेंट व्यवसाय से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद माता-पिता ने हमेशा उनका साथ दिया। वह भी आगे आईआईटी की पढ़ाई करना चाहते हैं।

राज्य मेरिट सूची में नौवें स्थान पर हुगली जिले के छह छात्रों ने 689 अंक प्राप्त किए। इनमें कोन्नगर के उपयान पाल (महेश श्रीरामकृष्ण आश्रम विवेकानंद विद्यालय), आरामबाग की तमोहा कुंडू (आरामबाग गर्ल्स हाई स्कूल), बलरामपुर के संबर्ता बेताल (कामारपुकुर रामकृष्ण मिशन स्कूल), टाटीशल के प्रत्यय सामंता (सेकेंदरपुर के.पी. पाल बहादुर हाई स्कूल) और बारुईपाड़ा के उज्जन घोष (बारुईपाड़ा रखाल विद्यापीठ) शामिल हैं।

तमोहा कुंडू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निजी ट्यूशन को दिया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, दृढ़ता और अनुशासन सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने गाइड बुक की बजाय पाठ्य पुस्तकों पर अधिक ध्यान दिया। उनके माता-पिता शिक्षक हैं और उन्होंने घर पर ही उन्हें बंगाली और गणित पढ़ाया। उनके शौक गायन, कविता पाठ और कहानी पढ़ना हैं।

गौरतलब है कि पिछले माध्यमिक परीक्षा में भी कामारपुकुर रामकृष्ण मिशन मल्टीपरपज स्कूल के छात्रों ने राज्य मेरिट सूची में पांचवां और नौवां स्थान हासिल किया था।

## स्वच्छ सफर के लिए पूर्व रेलवे का अभियान, 2026 में 20,090 लोग गंदगी फैलाते पकड़े गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने स्टेशन परिसरों और ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए वर्ष 2026 के शुरुआती चार महीनों में 20,090 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान रेलवे प्रशासन ने कुल 40,31,600 का जुर्माना वसूला। यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर यात्रा अनुभव देने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पूर्व रेलवे प्रतिदिन लाखों यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का कार्य करता है। ऐसे में स्टेशन परिसर की साफ-सफाई को रेलवे ने अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। रेलवे प्रशासन का मानना है कि गंदगी से भरा स्टेशन यात्रियों के अनुभव को प्रभावित करता है और उनकी यात्रा की शुरुआत खराब कर सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने एंटी-लिटरिंग अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ मिशन की निगरानी आईजी-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिया नंदन सिन्हा द्वारा की जा रही है। रेलवे के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से 6 मई 2026 तक आसनसोल, सियालदह, मालदह और हावड़ा मंडलों में यह कार्रवाई की गई। आंकड़ों के मुताबिक, 1 जुलाई 2024 से 6 मई 2026 तक कुल 1,18,152 लिटरिंग मामलों में कार्रवाई करते हुए 1,98,16,810 का जुर्माना वसूला गया। सियालदह मंडल में सबसे अधिक 35,187 मामले दर्ज किए गए। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि रेलवे का उद्देश्य केवल जुर्माना लगाना नहीं, बल्कि यात्रियों में स्वच्छता और रेलवे संपत्ति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

## फिजिक्सवाला के छात्र आरव गोयनका ने आईसीएसई 10वीं में हासिल किए 99.8 प्रतिशत अंक

**कोलकाता, समाज्ञा :** फिजिक्सवाला के छात्र आरव गोयनका ने आईसीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में 500 में से 499 अंक प्राप्त कर देश के शीर्ष विद्यार्थियों में स्थान बनाया है। कोलकाता निवासी आरव द हेरिटेज स्कूल के छात्र हैं। आरव ने पूरे शैक्षणिक वर्ष में अनुशासन, नियमित अभ्यास और निरंतर पुनरावृत्ति के साथ पढ़ाई की। उन्होंने स्कूल की पढ़ाई के साथ ऑनलाइन माध्यम से भी तैयारी की, जिससे विषयों की अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली। अपनी सफलता पर आरव ने कहा कि उनके माता-पिता और शिक्षकों का सहयोग हमेशा उनके साथ रहा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन कक्षाओं ने कठिन विषयों को सरल तरीके से समझने में मदद की, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। आरव की यह उपलब्धि दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन, निरंतर मेहनत और तकनीक आधारित शिक्षा के समन्वय से विद्यार्थी उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर सकते हैं।

## रेडिएशन ऑन्कोलॉजी: कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक मज़बूत स्तंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कैंसर के खिलाफ लड़ाई में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी एक बहुत ही आधुनिक और लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही इलाज की पद्धति के रूप में उभरी है, जो दुनिया भर में लाखों मरीज़ों को उम्मीद की किरण दिखा रही है। मुंबई के नानावती मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के नानावती मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के प्रिंसिपल डायरेक्टर और एकेडमिक्स व क्लिनिकल रिसर्च के प्रमुख डॉ. कौस्तव तलापात्रा के अनुसार, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए हाई-एनर्जी रेडिएशन का इस्तेमाल किया जाता है। यह या तो ट्यूमर को सीधे खत्म करके काम करता है, या फिर उन्हें बढ़ने और फैलने से रोककर। कई तरह के कैंसर के लिए, यह सिर्फ़ एक विकल्प नहीं, बल्कि इलाज की पहली पंक्ति है।

## 'शुभ हेल्थ क्रिटी' योजना लाई टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस

**कोलकाता, समाज्ञा :** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने 'शुभ हेल्थ क्रिटी' नामक नया यूनिट-लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस प्लान पेश किया है। यह योजना पॉलिसीधारकों को बाजार आधारित रिटर्न के साथ एक समर्पित हेल्थ फंड बनाने की सुविधा देती है। योजना के तहत 60 से अधिक गंभीर बीमारियों का कवर मिलेगा और इलाज संबंधी खर्चों के लिए टैक्स-फ्री निकासी की जा सकेगी। कंपनी के अनुसार, यह योजना पारंपरिक बीमा मॉडल से अलग है, क्योंकि इसमें बीमारी के बाद भुगतान के बजाय पहले से हेल्थ फंड तैयार किया जाता है। योजना को टाटा एआईए के 'हेल्थ बडी' वेलनेस प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिसमें कैंसर स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य जांच और व्यक्तिगत हेल्थ ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## इंस्टामार्ट समर ट्रेंड्स 2026: कोलकाता में आम, नारियल पानी और आइसक्रीम की बढ़ी मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में इस बार गर्मियों की खरीदारी में आम, नारियल पानी, दही और आइसक्रीम की मांग सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है। इंस्टामार्ट की 'समर ट्रेंड्स 2026' रिपोर्ट के अनुसार, शहर के उपभोक्ता हाइड्रेशन और स्वाद दोनों पर बराबर ध्यान दे रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि कोलकाता की सबसे बड़ी समर बास्केट 10,600 से अधिक की रही, जिसमें आम, नारियल पानी, दही और आइसक्रीम प्रमुख उत्पाद रहे। देशभर में भी गर्मियों के दौरान दही सबसे पसंदीदा उत्पाद बनकर उभरा है। रिपोर्ट के मुताबिक, रात 9 बजे आइसक्रीम की मांग अपने चरम पर पहुंच जाती है और हर चार में से एक ऑर्डर चॉकलेट फ्लेवर का होता है। आइसक्रीम की खपत में बेंगलुरु देश में सबसे आगे है। वहीं, जीरा मसाला सोडा और कोल्ड कॉफी जैसे पेय पदार्थों की मांग में भी तेज़ बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आम, डेयरी और ठंडे पेय इस सीजन में उपभोक्ताओं की पहली पसंद बने हुए हैं।

## तत्काल वर्किंग कैपिटल लोन बदल रहे कंपनियों की फंडिंग व्यवस्था : कोटक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोटक महिंद्रा बैंक ने कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए तत्काल वर्किंग कैपिटल डिमांड लोन सुविधा का विस्तार किया है। बैंक ने पायलट चरण में 9,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया। इस डिजिटल सुविधा के तहत पात्र कंपनियां कुछ सेकंड में वर्किंग कैपिटल लोन प्राप्त कर सकती हैं। बैंक की कॉर्पोरेट एंड ट्रांजैक्शन बैंकिंग प्रमुख अनु अग्रवाल ने कहा कि अब कंपनियां बैंकिंग समय-सीमा के बजाय जरूरत के अनुसार तुरंत फंड ले पा रही हैं। पहले मंजूर सीमा होने के बावजूद रकम मिलने में घंटों लग जाते थे। बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म 'फिन' के जरिए कंपनियां लोन राशि और अवधि दर्ज कर तुरंत आवेदन कर सकती हैं। जांच और ब्याज निर्धारण की प्रक्रिया भी डिजिटल तरीके से पूरी होती है। बैंक के अनुसार एसएमई और मिड-मार्केट कंपनियों ने इस सुविधा को तेजी से अपनाया है। कोटक का मानना है कि भविष्य में तत्काल वर्किंग कैपिटल लोन कॉर्पोरेट बैंकिंग का नया मानक बन सकते हैं।

## 8 मई से शुरू होगी अमेजन ग्रेट समर सेल, एआई आधारित शॉपिंग पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया की 'ग्रेट समर सेल 2026' 8 मई से शुरू होगी। कंपनी ने बताया कि सेल में स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम अप्लायंसेज, ग्रॉसरी और डेली एसेंशियल्स पर बड़े ऑफर्स दिए जाएंगे। प्राइम मेंबर्स को अतिरिक्त 5 प्रतिशत छूट और 250 रुपये तक कैशबैक मिलेगा, जबकि एचडीएफसी बैंक कार्ड व ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10 प्रतिशत तक की बचत का लाभ मिलेगा। कंपनी ने एआई आधारित शॉपिंग फीचर्स 'रुफस' और 'लेंस एआई' को भी पेश किया है, जिनकी मदद से ग्राहक नेचुरल भाषा में सवाल पूछकर प्रोडक्ट सुझाव पा सकेंगे। ग्राहक 20,000 रुपये के अंदर बेस्ट कूलिंग अप्लायंसेज जैसे सवाल पूछकर पर्सनलाइज्ड सुझाव हासिल कर सकते हैं। सेल में सैमसंग, एप्पल, वनप्लस, एलजी, हायर, नाइकी और माइकल कोर्स जैसे ब्रांड्स पर भारी छूट मिलेगी। कंपनी ने कहा कि अमेजन नाउ सेवा के जरिए कई शहरों में मिनटों में डिलीवरी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# SHREE JAIN VIDYALAYA
## GIRLS & BOYS
*(A unit of Shree S. S. Jain Sabha)*

25/1, Bon Behari Bose Road, **HOWRAH-1**, Ph : 2641 1319, 2637 5851/2210

*Congratulations*

to the Students for Excellent
**MADHYAMIK** Results

ADMISSION OPEN 26-27

bindumedia.co.in

**Best Option for +2 (H.S.)**

## COMMERCE, SCIENCE & ARTS (HUMANITIES)

Option of **ARTIFICIAL INTELLIGENCE (AI)**
Subject in all Streams

**AIR CONDITION**
**CLASS ROOMS**

*Scholarship*
For Meritorious Students

**Forms** available from School Office **9 a.m.** to **3 p.m.** http://sjvhowrah.com

**Introduces**

# PATHWAY

**JEE/NEET** Curriculum for **Class XII**

- Competitive Exam Preparation
- Weekly Practice & Tests • Study Material
- Personalized Mentoring | Feedback
- AI-Based performance analysis

On Campus
by **Expert Faculty**
at No Extra Fee

IN ASSOCIATION WITH
ZERO VELOCITY

# शुभेंदु दा ने इस बार 'दीदी' के घर में घुसकर उनको हराया : अमित शाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता में भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने कहा कि मैं हाथ जोड़कर बंगाल की जनता का कोटि-कोटि धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्टों के समय से जिस प्रकार का माहौल बनाया जाता था, ममता बनर्जी ने इसे और गहरे तरीके से भय में परिवर्तित किया। वहां मत की अभिव्यक्ति लगभग असंभव थी। हिंसा और क्रूरता के सैकड़ों उदाहरण उसके प्रमाण हैं। उसके बीच भाजपा और हमारे नेता नरेंद्र मोदी पर भरोसा कर बंगाल की जनता ने जो प्रचंड विजय हमें दी है, उसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कम्युनिस्ट शासन के दौरान बंगाल में जो माहौल था, ममता के शासनकाल में वह और भी बदतर हो गया है, और अब डर का माहौल छा गया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लगभग नामुमकिन हो गई है। हिंसा और बर्बरता की कई घटनाओं के बावजूद, जनता ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को भारी जनादेश दिया है, जिसके लिए मैं अत्यंत आभारी हूं। निवर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के कार्यकाल में 'प्रशासन का राजनीतिकरण' और 'राजनीति का अपराधीकरण' हुआ, जबकि हिंसा, गिरोह, भ्रष्टाचार और 'कट मनी' जड़ जमा चुके थे। उन्होंने कहा कि ममता के 15 वर्षों के शासनकाल में प्रशासन पूरी तरह से राजनीतिकरण का शिकार हो गया और राजनीति का अपराधीकरण हो गया। अपराधी स्वयं नेता बन गए। सुशासन की कोई संभावना ही नहीं थी। शाह ने कहा कि गुंडागर्दी, हिंसा, सिंडीकेट, भ्रष्टाचार और कट मनी- ये सब बंगाल के लिए अभिशाप बन गए। हमारे नए मुख्यमंत्री के प्रभार संभालने के कुछ महीने के भीतर यह सब समाप्त हो जाएगा। राज्य में 'डबल इंजन की सरकार' का वादा करते हुए शाह ने कहा कि राजनीतिक कारणों से केंद्रीय योजनाएं और निधि को रोके जाने के कारण बंगाल का विकास रुक गया। उन्होंने कहा कि 'कई सालों से केंद्र सरकार बंगाल का विकास चाहती थी, लेकिन मोदी जी की लोकप्रियता बढ़ने के डर से धन और योजनाओं को रोक दिया गया। आज लंबे समय बाद केंद्र और राज्य दोनों जगह विकास की राह खुल गई है। अब बंगाल के विकास को कोई नहीं रोक सकता। गृह मंत्री ने भाजपा की बंगाल विजय को दशकों की राजनीतिक हिंसा के बाद लोकतांत्रिक सामान्य स्थिति लाने का जनादेश बताया। उन्होंने कहा कि आइए हम संकल्प लें और सभी दलों से अपील करें कि चुनाव में हिंसा न हो। यह भाजपा सरकार की जिम्मेदारी होगी कि चुनाव में हिंसा या धांधली की एक भी घटना न हो। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकार के शासनकाल में आधुनिक कृषि बंगाल तक नहीं पहुंच पाई, उद्योग राज्य से पलायन कर गए और बुनियादी ढांचे का विकास रुक गया था। शाह ने यह भी वादा किया कि साहित्य, शिक्षा और कला के क्षेत्र में बंगाल एक बार फिर भारत के सांस्कृतिक चेहरे के रूप में उभरेगा। शाह ने नव निर्वाचित विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि मित्रो, सौ वर्षों से हम सोनार बांग्ला का सपना देखते आ रहे हैं। अब बंगाल की जनता के लिए उस सपने को साकार करना हमारा दायित्व है। शाह ने कहा कि मैं बंगाल के लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। कम्युनिस्ट जमाने से यहां जो माहौल बना था, वह ममता जी के राज में और बढ़ गया। ऐसे हालात में, अपना वोट देना लगभग नामुमकिन हो गया था। उन्होंने कहा कि हिंसा और क्रूरता के सैकड़ों मामलों के बावजूद, बंगाल के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी और हमारे नेता नरेन्द्र मोदी पर भरोसा किया और हमें भारी जीत दिलाई।

## अमित शाह ने कोलकाता पहुंचने के बाद दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा-अर्चना की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को कोलकाता पहुंचने के बाद दक्षिणेश्वर काली मंदिर गए और वहां पूजा-अर्चना की। शाह सुबह लगभग 11.10 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। हवाई अड्डे पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं शुभेंदु अधिकारी, दिलीप घोष, राहुल सिन्हा और सुकांत मजूमदार सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे से शाह भट्टाचार्य और अधिकारी के साथ दक्षिणेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुए। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वह न्यू टाउन के एक होटल में गए, जहां वह दो दिवसीय दौरे के दौरान ठहरेंगे।

# ब्रिगेड ग्राउंड तैयार : स्टेज पर दुर्गा प्रतिमा से झालमुड़ी तक, भाजपा का शपथ ग्रहण समारोह होगा खास

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शनिवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। राज्य में पहली बार भाजपा सरकार के गठन को लेकर पार्टी इसे बड़े सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजन के रूप में पेश करने की तैयारी में है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। जानकारी के अनुसार, ब्रिगेड ग्राउंड में विशाल मंच तैयार किया जा रहा है, जहां एक बड़ी दुर्गा प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मंच के आसपास बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाने वाले कई प्रतीक और प्रतिष्ठित हस्तियों के चित्र लगाए जाएंगे। आयोजन स्थल पर दर्जनों फूड स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं, जहां झालमुड़ी, रसोगोला और संदेश जैसे पारंपरिक बंगाली व्यंजन परोसे जाएंगे। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह सिर्फ शपथ ग्रहण नहीं बल्कि बंगाली संस्कृति के उत्सव जैसा आयोजन होगा।

**✒ सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद**

शहर में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पुलिस, नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों की कई टीमें लगातार मैदान का निरीक्षण कर रही हैं। लगभग 900 एकड़ में फैले ब्रिगेड परेड ग्राउंड को सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए 30 अलग-अलग सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी डीसीपी या असिस्टेंट कमिश्नर स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई है। करीब चार हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय सशस्त्र बलों की अतिरिक्त कंपनियां भी मोर्चा संभालेंगी। कार्यक्रम में लाखों लोगों की संभावित भीड़ और वी-वीआईपी सुरक्षा को देखते हुए हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी प्रवेश द्वारों पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे। हैंडहेल्ड स्कैनर जांच और शारीरिक तलाशी के बाद किसी को भी मैदान में प्रवेश की अनुमति होगी। पूरे कार्यक्रम स्थल की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए की जाएगी। आसपास की ऊंची इमारतों पर पुलिस बल और स्नाइपर भी तैनात रहेंगे।

**✒ बारिश होने की संभावना**

हालांकि, तैयारियों के बीच मौसम सबसे बड़ी चिंता बन गया है। बंगाल इस समय बारिश के दौर से गुजर रहा है और मौसम विभाग ने शनिवार की सुबह तेज हवाओं, गरज और बिजली के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि मौसम के बावजूद कार्यक्रम तय समय पर ही होगा।

**✒ समारोह में 50 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद**

आयोजकों के मुताबिक, समारोह में 50 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। मुख्य मंच को तीन हिस्सों में बांटा जाएगा। पहले हिस्से में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, अन्य केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री बैठेंगे। दूसरे हिस्से में राज्यपाल मौजूद रहेंगे, जो नए मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। तीसरे हिस्से में मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण करने वाले नेता और नए मंत्रिमंडल के सदस्य बैठेंगे।

**✒ तृणमूल शासन में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं के परिजनों को शपथ ग्रहण समारोह में मिला निमंत्रण**

तृणमूल कांग्रेस शासनकाल में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले और हत्याओं के आरोपों के बीच पार्टी ने कथित रूप से मारे गए कार्यकर्ताओं के परिवारों को समारोह में आमंत्रित किया है। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल शासन के दौरान राज्य में उसके कार्यकर्ताओं को लगातार राजनीतिक हिंसा का सामना करना पड़ा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि तृणमूल के अत्याचार में अब तक 321 भाजपा कार्यकर्ताओं की जान गई है। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में इन मृत कार्यकर्ताओं के परिजनों को विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया है।

## शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कोलकाता में यातायात नियंत्रित, कई सड़कें रहेंगी बंद

नव-निर्वाचित भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कई वीवीआईपी और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर कोलकाता पुलिस ने शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की है और कई महत्वपूर्ण मार्गों पर यातायात नियंत्रण का फैसला लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एस्प्लानेड, केपी रोड, हॉस्पिटल रोड, लवर्स लेन, कैसुरिना एवेन्यू और क्रीस वे पर विशेष यातायात नियंत्रण लागू रहेगा। इसके अलावा शनिवार सुबह 4 बजे से रात 8 बजे तक मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर भी प्रतिबंध रहेगा। हालांकि दवाइयां, ऑक्सीजन, सब्जियां, मछली, फल, दूध तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। एलपीजी सिलेंडर, सीएनजी और पेट्रोलियम वाहनों को भी अनुमति दी जाएगी। कोलकाता पुलिस ने कई इलाकों में पार्किंग पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया है। विक्टोरिया मेमोरियल के आसपास एजेसी बोस रोड के कुछ हिस्सों से लेकर हेस्टिंग्स क्रॉसिंग, कैथेड्रल रोड, खिदिरपुर रोड, हॉस्पिटल रोड, क्रीस वे और लवर्स लेन के किनारे वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर अन्य सड़कों पर भी अतिरिक्त यातायात नियंत्रण लागू किया जा सकता है।

# राज्य के अगले मुख्य सचिव बन सकते हैं मनोज कुमार अग्रवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल को राज्य का अगला मुख्य सचिव नियुक्त किया जा सकता है। प्रशासनिक सूत्रों से यह जानकारी मिली है। अग्रवाल वेस्ट बंगाल कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। बंगाल में स्वतंत्र व शांतिपूर्ण तरीके से गत विधानसभा चुनाव कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इससे पहले वे कार्मिक व प्रशासनिक सुधार विभाग के प्रधान सचिव, वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ आपदा प्रबंधन व नागरिक सुरक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार और वेस्ट बंगाल हाइवे कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष का दायित्व बखूबी संभाल चुके हैं। अग्रवाल 2001 में अविभक्त बर्दवान के जिलाधिकारी भी रहे हैं। वे वर्तमान में राज्य के आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्र अग्रवाल के लंबे प्रशासनिक अनुभव व दक्षता को देखते हुए मुख्य सचिव के पद के लिए उनके नाम पर विचार किया जा रहा है। उनका कार्यकाल इस साल 31 जुलाई को समाप्त होने वाला है। उन्हें शुरू में उनके शेष कार्यकाल के लिए मुख्य सचिव बनाया जा सकता है और उसके बाद कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। बता दें कि गत गुरुवार को राज्य के वर्तमान मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला ने कथित तौर पर सीईओ कार्यालय जाकर अग्रवाल से मुलाकात की थी, जिसके बाद अगले मुख्य सचिव के तौर पर उनके नाम पर चर्चा शुरू हुई है।

# नयी सरकार की पहली मंत्रिमंडल बैठक के लिए विधानसभा भवन में तैयारियां तेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आज नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद मंत्रिमंडल की संभावित बैठक के लिए विधानसभा भवन में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि किसी भी आधिकारिक सूचना के अभाव में, विधानसभा सचिवालय इस संभावना को देखते हुए तैयारी कर रहा है कि शपथ ग्रहण के बाद नए मंत्रिमंडल के सदस्य वहां आ सकते हैं और नए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अपनी पहली बैठक कर सकते हैं।

**✒ विधानसभा में ममता की तस्वीरें हटी, चार महत्वपूर्ण कक्ष अस्थायी रूप से बंद**

विधानसभा में प्रशासनिक स्तर पर बड़े बदलावों की तैयारी के बीच कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक तथा सहायक मुख्य सचेतक के कक्षों को फिलहाल बंद रखने का निर्देश दिया गया है। इन चार कमरों में किसी के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। यह निर्देश प्रशासन के सर्वोच्च स्तर से विधानसभा प्राधिकरण को दिया गया है। इसी के साथ विधानसभा परिसर में स्थित मंत्रियों के कमरों से निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सभी तस्वीरें हटा दी गई हैं। दूसरी ओर विधानसभा के एनेक्स भवन में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं और आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इसी भवन में मुख्यमंत्री सचिवालय तैयार किया जा रहा है। विधानसभा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। मुख्यमंत्री कक्ष के बाहर वाले गलियारे में अतिरिक्त पुलिस पहरा लगाया गया है।

**✒ आखिरकार खोला गया पार्थ चटर्जी का कमरा**

इसी बीच, विधानसभा में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का कमरा भी गुरुवार को खोल दिया गया। उल्लेखनीय है कि इसी कमरे के पास मुख्यमंत्री का कक्ष स्थित है। अब नए मंत्रिमंडल में यह कमरा किस मंत्री को मिलेगा, इसे लेकर विधानसभा के गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद यह कमरा बंद कर दिया गया था और जुलाई 2022 से इसमें ताला लगा हुआ था।

# जल जीवन मिशन परियोजना के लिए राज्य को केंद्र से मिलेंगे 2700 करोड़ रुपये

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में राजनीतिक बदलाव के माहौल के बीच पश्चिम बंगाल को जल जीवन मिशन परियोजना के तहत केंद्र सरकार से बड़ी वित्तीय राहत मिलने जा रही है। केंद्र सरकार जल्द ही राज्य को 2700 करोड़ रुपये जारी करने वाली है। इस संबंध में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव और राज्य के जनस्वास्थ्य एवं कारिगरी विभाग के सचिव के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद यह जानकारी सामने आई कि लंबे समय से लंबित राशि जल्द राज्य को दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकार के बीच बहुत जल्द एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे, जिसके बाद बकाया राशि जारी की जाएगी। नवान्न सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने राज्य को धन जारी करने के संकेत दे दिए हैं। राज्य सरकार की ओर से केंद्र को विस्तृत रिपोर्ट भी भेजी गई है, जिसमें अब तक की बकाया राशि, घर-घर जल कनेक्शन की स्थिति और परियोजना की प्रगति से संबंधित जानकारी शामिल है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पहुंचाने के कार्य को गति देने के लिए इस राशि को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## ममता ने नहीं बदली सोशल मीडिया प्रोफाइल, 'मुख्यमंत्री' का टैग अभी तक बरकरार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 17वीं विधानसभा भंग होने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल नहीं बदली है। वे आधिकारिक तौर पर राज्य की 'पूर्व मुख्यमंत्री' बन चुकी हैं, लेकिन सोशल मीडिया प्रोफाइल में अभी भी 'मुख्यमंत्री' का टैग बरकरार रखा है। ममता बनर्जी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक और 'एक्स' पर अभी भी 'माननीय मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल' का इस्तेमाल कर रही हैं। हार के बावजूद ममता ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने के इनकार किया था, जिसे वे सोशल मीडिया पर बरकरार रखे हुए हैं।

## 'स्वास्थ्य साथी' योजना के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न, 'आयुष्मान भारत' योजना लागू करने की चर्चा तेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में ममता सरकार के अंत के साथ ही उसकी महत्वाकांक्षी 'स्वास्थ्य साथी' योजना के अस्तित्व पर प्रश्न चिह्न लग गया है। निजी अस्पतालों ने स्वास्थ्य साथी कार्ड वाले मरीजों को लौटाना शुरू कर दिया है। एक अस्पताल श्रृंखला के अधिकारी ने बताया कि पीएम मोदी ने राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद 'आयुष्मान भारत' योजना लागू करने की बात कही है, जिससे पिछली सरकार की स्वास्थ्य साथी योजना की प्रासंगिकता नहीं रह गई है। इस कारण हमने स्वास्थ्य साथी कार्ड वाले मरीजों को भर्ती लेना बंद कर दिया है। वैसे भी यह हमारे लिए लाभदायक योजना नहीं थी। हम नई योजना के शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विभिन्न अस्पतालों के प्रबंधन राज्य में नई सरकार के गठन के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मिलकर स्वास्थ्य साथी योजना के भविष्य को लेकर बातचीत करने की योजना बना रहे हैं।

# शुभेंदु के पीए की हत्या में इस्तेमाल दूसरी बाइक बरामद, एसआईटी उत्तर प्रदेश रवाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में शुक्रवार को जांचकर्ताओं ने कथित तौर पर इस्तेमाल की गई दूसरी मोटरसाइकिल बरामद कर ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं, पश्चिम बंगाल पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई संदिग्ध कार की तलाश तेज कर दी है। अधिकारी ने ज्यादा जानकारी दिए बिना बताया कि हत्या की जांच के लिए गुरुवार को राज्य सीआईडी, आईबी और बंगाल एसटीएफ के अधिकारियों को मिलाकर गठित सात सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) मामले में 'तकनीकी और जमीनी स्तर के साक्ष्य जुटाने' के लिए उत्तर प्रदेश रवाना हो गया। अधिकारी ने बताया कि अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई दूसरी मोटरसाइकिल बारासात में रेल गेट संख्या 11 के पास बरामद की गई, जो उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम से लगभग छह किलोमीटर दूर है। जांचकर्ताओं ने कोलकाता हवाई अड्डे के पास से एक मोटरसाइकिल जब्त की थी। हालांकि, पुलिस ने पाया कि उस दोपहिया वाहन की पंजीकरण संख्या फर्जी थी। अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता अब दूसरी मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट और इंजन नंबर की प्रामाणिकता की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपराध में इस्तेमाल किए गए चार पहिया वाहन का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। जांच जारी है और छानबीन की जा रही है। पुलिस को संदेह है कि लाल रंग के इस चार पहिया वाहन में अपराध में शामिल सात से आठ लोग सवार हो सकते हैं और यह वाहन राज्य के बाहर का हो सकता है। बता दें कि पुलिस ने इससे पहले मध्यमग्राम में घटनास्थल के पास एक कार जब्त की थी। उस वाहन की नंबर प्लेट भी फर्जी निकली।

# दृष्टिहीन शिक्षकों को पोलिंग ड्यूटी और कारण बताओ नोटिस पर हाई कोर्ट सख्त, चुनाव आयोग को कड़ा निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में दृष्टिहीन शिक्षकों को पोलिंग अधिकारी की ड्यूटी देने और बाद में उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि जब आयोग के अपने नियमों में दृष्टिहीन सरकारी कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी से छूट देने का प्रावधान है, तब हजारों शिक्षकों को इस तरह की जिम्मेदारी कैसे सौंपी गई, इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ में 'ऑल बंगाल ब्लाइंड टीचर्स एसोसिएशन' की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि राज्यभर में लगभग दो हजार दृष्टिहीन शिक्षकों को पोलिंग अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। शारीरिक अक्षमता के कारण जब उन्होंने ड्यूटी से छूट की मांग की, तब उनकी बात सुनने के बजाय चुनाव आयोग की ओर से उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजे गए। इतना ही नहीं, कई शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि इस कदम से दृष्टिहीन शिक्षक मानसिक और सामाजिक दबाव में आ गए। उनका आरोप था कि आयोग ने अपनी ही गाइडलाइन की अनदेखी करते हुए यह नियुक्तियां कीं और बाद में शिक्षकों को प्रताड़ित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता संगठन की शिकायतों और पक्ष को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि आयोग को 60 दिनों के भीतर इस मामले में अंतिम निर्णय लेना होगा। सुनवाई के दौरान अदालत ने टिप्पणी की कि जहां आयोग की स्पष्ट नीति दृष्टिहीन कर्मचारियों को पोलिंग ड्यूटी से मुक्त रखने की है, वहां इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति गंभीर प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करती है। अदालत के निर्देश के बाद अब निगाहें चुनाव आयोग पर टिकी हैं। कानूनी जानकारों का मानना है कि यदि आयोग ने समय रहते कार्रवाई वापस नहीं ली, तो आने वाले दिनों में मामला और जटिल हो सकता है।

# तृणमूल के पूर्व विधायक राज चक्रवर्ती ने की राजनीति से सन्यास की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर सीट से हारने के बाद तृणमूल के पूर्व विधायक एवं फ़िल्म निर्माता राज चक्रवर्ती ने राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की है। गुरुवार की रात उन्होंने इस बारे में सोशल मीडिया पर तीन अलग-अलग पोस्ट किया है। फ़िल्म निर्माता से नेता बने राज चक्रवर्ती ने पहले पोस्ट में लिखा कि ज़िंदगी में जब भी मुझे कोई ज़िम्मेदारी मिली है, मैंने उसे पूरी ईमानदारी और लगन से निभाने की कोशिश की है। एक फ़िल्म निर्माता के तौर पर, मैंने हमेशा अपनी फ़िल्मों के ज़रिए लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है।

अपने दूसरे पोस्ट में उन्होंने कहा कि 2021 में, मैंने राजनीति में आने की और विधायक के तौर पर लोगों की सेवा करने का मौका मिला। पिछले पांच सालों से, मैंने उसी रोल में अपनी ड्यूटी पूरी करने की कोशिश की है। 2026 में, वह चैप्टर खत्म हो जाएगा और उसके साथ, मेरा राजनीति सफर भी खत्म हो जाएगा। तीसरे पोस्ट में, उन्होंने उम्मीद जताते हुए लिखा कि भाजपा सरकार के तहत पश्चिम बंगाल विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। बंगाल के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है और नौ मई को एक नई सरकार शपथ लेगी। मुझे उम्मीद है कि राज्य विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

# टीएमसी ने पांच प्रवक्ताओं को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी विरोधी टिप्पणी करने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस ने अपने पांच प्रवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन सभी को 24 घंटे के भीतर लिखित जवाब देने को कहा गया है। एक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिजू दत्ता, कृष्णेंदु चौधरी, कोहिनूर मजूमदार, पापिया घोष और कार्तिक घोष को भेजे गए नोटिस में उनसे पूछा गया कि 'पार्टी अनुशासन का उल्लंघन' करने के लिए उनके खिलाफ क्यों नहीं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। सूत्र ने कहा कि ये नोटिस पार्टी की अनुशासनात्मक समिति द्वारा जारी किए गए हैं। तृणमूल की अनुशासन समिति द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि इन नेताओं के हालिया बयान पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले हैं और पार्टी अनुशासन के विपरीत हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि ऐसे बयान संगठन की एकता और कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पार्टी संविधान के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जांच प्रक्रिया पूरी होने तक संबंधित नेताओं को इस मुद्दे पर सार्वजनिक टिप्पणी से भी दूर रहने का निर्देश दिया गया है। चुनावी हार के बाद, टीएमसी के कई नेताओं, पूर्व विधायकों और प्रवक्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व की भूमिका पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए, जो पार्टी के भीतर असंतोष को दर्शाता है।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# हावड़ा में तृणमूल शासन में न्याय न मिलने का आरोप, हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग की तैयारी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में 2016 में हुए एक सुरक्षा गार्ड की हत्या के मामले ने एक बार फिर राजनीतिक और न्यायिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में उन्हें न्याय नहीं मिला, जिसके कारण अब राज्य में सरकार बदलने के बाद वे इस मामले की सीबीआई जांच की मांग नए सरकार से करने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, जिस पूर्व तृणमूल पार्षद पर आरोप लगे थे, उन्होंने किसी भी जांच का सामना करने की बात कही है। यह मामला 17 जून 2016 की रात का है, जब हावड़ा के मल्लिक फाटक के पास स्थित शांतिनिकेतन अपार्टमेंट के गेट पर 54 वर्षीय सुरक्षा गार्ड विजय मल्लिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस की जांच में हावड़ा सिटी पुलिस की टीम ने तृणमूल कांग्रेस के 29 नंबर वार्ड के तत्कालीन पार्षद शैलेश राय सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था। हालांकि, जून 2020 में हावड़ा अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। बाद में मृतक के परिवार ने इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। सरकार बदलने के बाद मृतक की बेटी मिताली बंद्योपाध्याय ने आरोप लगाया कि पर्याप्त सबूत जैसे सीसीटीवी फुटेज और कॉल रिकॉर्ड मौजूद होने के बावजूद आरोपियों को छोड़ दिया गया और उन्हें धमकाया भी गया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री से मिलने और नवान्न को पत्र लिखने की कोशिश की, लेकिन न्याय नहीं मिला। वहीं, पूर्व पार्षद शैलेश राय ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे अदालत से बरी हो चुके हैं और किसी भी जांच का सामना करने को तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया था और अब वे सामान्य जीवन जी रहे हैं। परिवार ने अब नई सरकार से इस मामले में सीबीआई जांच कर न्याय दिलाने की अपील की है।

## टीएमसी ने चुनाव बाद हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के नेता सौगत राय ने शुक्रवार को राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा में पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्या और तोड़फोड़ की घटनाओं की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की। राय ने कहा कि पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता चुनाव परिणाम के बाद हुई हिंसा के शिकार हुए हैं। पार्टी की हार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लोग टीएमसी से नाराज हो सकते हैं, लेकिन चुनाव 'निष्पक्ष' नहीं था। राय ने मध्यमग्राम में चंद्रनाथ रथ की हत्या की निंदा की और दावा किया कि पिछले तीन दिनों में टीएमसी के तीन अन्य कार्यकर्ताओं की भी हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हम इस मामले में अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच सहित कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं, ताकि दोषियों की पहचान की जा सके और उन्हें बिना देरी किए न्याय के कठघरे में लाया जा सके। राय ने आरोप लगाया कि ये हमले 'भाजपा समर्थित गुंडों' द्वारा किए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से टीएमसी कार्यालयों में आगजनी, तोड़फोड़ और कार्यकर्ताओं पर हमलों से जुड़ी कई घटनाएं हुई हैं। राय ने दावा किया कि राज्य भर में 2,000 से अधिक टीएमसी कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टॉलीगंज, बरुईपुर, कमरहाटी, बारानगर और हावड़ा सहित कई क्षेत्रों में पार्टी कार्यालयों पर हमला किया गया, जबकि जगतबल्लभपुर और सिलीगुड़ी में कार्यालयों में आग लगा दी गई।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल से तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति करने को कहा

### ☛ वीसी की नियुक्तियों से जुड़ा मामला किया बंद

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राज्यपाल आर एन रवि को पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित की अध्यक्षता वाली एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा चयनित नामों में से राज्य के तीन विश्वविद्यालयों के कुलपति नियुक्त करने का निर्देश दिया। न्यायालय के आदेश के साथ ही राज्यपाल (जो कुलाधिपति भी हैं) और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच राज्य-सहायता प्राप्त 36 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर जारी विवाद समाप्त हो गया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश ललित, राज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता द्वारा विवाद के समाधान में किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद, चयनित तीन व्यक्तियों को शेष तीन विश्वविद्यालयों - उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय, मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय - के कुलपति के रूप में चार सप्ताह के भीतर नियुक्त किया जाए। इसके बाद, पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 2023 में दायर याचिका का निपटारा कर दिया।

## विश्व भारती यूनिवर्सिटी में झालमुड़ी खाते हुए 'जय श्रीराम' का लगाया नारा, छात्र से मंगवाई गई माफी

**बीरभूम :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के माहौल के बीच विश्व भारती विश्वविद्यालय के एक शोध छात्र द्वारा 'जय श्रीराम' का नारा लगाते हुए इंटरनेट मीडिया पर रील पोस्ट करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र को लिखित माफी और मुचलका देने का निर्देश दिया। छात्र ने निर्देश मानते हुए माफी मांग ली है और कथित विवादित रील भी इंटरनेट मीडिया से हटा दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि एक शैक्षणिक संस्थान के रूप में विश्व भारती किसी भी राजनीतिक बयानबाजी का समर्थन नहीं करता। जानकारी के अनुसार, अर्थशास्त्र विभाग के एक शोध छात्र ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो में वह विश्वविद्यालय परिसर में हाथ में झालमुड़ी लेकर 'जय श्रीराम' के नारे लगाते दिखाई दे रहा था। वीडियो में छात्र यह भी कहते सुनाई दे रहा था कि यह हमारे बंगाल की प्रसिद्ध झालमुड़ी है। इसी झालमुड़ी को खाकर सरकार बदली है। अब हम भी विश्व भारती में बदलाव का ट्रेंड शुरू कर रहे हैं। वीडियो प्रसारित होने के बाद विश्वविद्यालय परिसर में विवाद शुरू हो गया। इसके बाद, संबंधित छात्र को लिखित रूप से माफी मांगने और मुचलका देने को कहा गया। विभाग को दिए गए मुचलके में छात्र ने अपनी पोस्ट पर खेद जताया और भविष्य में विभाग या विश्वविद्यालय को लेकर कोई विवादित पोस्ट नहीं करने का आश्वासन दिया। हालांकि, इस घटना को लेकर विश्वविद्यालय के भीतर अलग-अलग राय भी सामने आई है। इस पूरे मामले पर विश्व भारती के कार्यवाहक जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि यह पूरी तरह विभागीय स्तर का आंतरिक मामला है और इसका समाधान हो चुका है।

# उत्तरपाड़ा में नशे में धुत प्रेमी युगल ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र के एक आवासीय परिसर में अजीबोगरीब घटना से हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक प्रेमी युगल हाथ में शराब की बोतल लेकर ओवरहेड पानी की टंकी पर चढ़ गए। लोगों ने मजाक में इस घटना की तुलना शोले के वीरू-बसंती वाले दृश्य से की। घटना घोरबाड़ी स्थित राजबाड़ी आवासन में हुई। सुबह-सुबह आवास के लोगों ने देखा कि एक युवक-युवती छत पर बनी पानी की टंकी के अंदर बैठे हुए हैं। लोगों ने उन्हें नीचे उतरने को कहा। इसके बाद युवक तो नीचे उतर आया, लेकिन युवती काफी देर तक ऊपर ही बैठी रही। बताया गया कि युवती नशे में ज्यादा थी। काफी देर बाद जब वह बांस की सीढ़ी से नीचे उतरने लगी, तो अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह छत पर गिर पड़ी। गिरने से उसके सिर में चोट लगी और खून निकलने लगा। इसके बाद युवक उसे तुरंत उत्तरपाड़ा स्टेट जनरल अस्पताल लेकर गया। आवास के लोगों का आरोप है कि दोनों शराब की बोतल लेकर पानी की टंकी में घुसे थे और उन्होंने टंकी का पानी भी गंदा कर दिया। घटना के बाद पूरी टंकी का पानी फेंककर उसे दोबारा साफ कराया गया। जानकारी के मुताबिक, टंकी की सफाई के लिए पहले से बांस की सीढ़ी लगाई गई थी। उसी रास्ते से दोनों छत के ऊपरी हिस्से तक पहुंच गए। युवक उसी आवास का निवासी बताया जा रहा है, जबकि युवती का घरबाली में है। घटना की सूचना मिलने पर उत्तरपाड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घटना के बाद आवास के एक निवासी ने नाराजगी जताते हुए कहा, समाज आखिर किस दिशा में जा रहा है।

# पत्नी की हत्या के बाद शव के टुकड़े कर घर में छिपाया, 21 साल बाद पति को उम्रकैद

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर में 21 वर्ष पुराने बहुचर्चित हत्या मामले में अदालत ने आरोपी पति नरसिंह सेनापति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दहेज की मांग को लेकर पत्नी रूपा की निर्मम हत्या कर शव के कई टुकड़े कर प्लास्टिक बैग में भरकर घर में छिपाने की घटना ने उस समय पूरे इलाके को झकझोर दिया था। शुक्रवार को दुर्गापुर महकमा अदालत के न्यायाधीश गिरिजानंद जना ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। घटना वर्ष 2005 की है। दुर्गापुर के कोकओवन थाना क्षेत्र स्थित रेल कॉलोनी निवासी नरसिंह सेनापति की शादी रूपा से हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही दहेज को लेकर रूपा पर अत्याचार शुरू हो गया था। शादी के महज तीन महीने बाद नरसिंह ने पत्नी की हत्या कर दी। पहले गला दबाकर हत्या की गई, फिर धारदार हथियार से शव के कई टुकड़े किए गए। हाथ-पैर काटकर अलग-अलग प्लास्टिक बैग में भर दिए गए और घर के कोयला रखने वाले स्थान में छिपा दिया गया। घटना के दिन जब नरसिंह के माता-पिता घर लौटे और बहू को नहीं देखा तो उन्होंने बेटे से पूछताछ की। शुरुआत में टालमटोल करने के बाद नरसिंह ने पत्नी की हत्या की बात स्वीकार कर ली और बताया कि शव के टुकड़े घर में छिपाकर रखे गए हैं। यह सुनकर परिवार के लोग स्तब्ध रह गए। बाद में स्थानीय लोगों ने कोकओवन थाने को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव के टुकड़े बरामद किए और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की सुनवाई दुर्गापुर महकमा अदालत में लंबे समय तक चली। दो दशक से अधिक समय तक चली न्यायिक प्रक्रिया के दौरान आरोपी ने अदालत में पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की थी। सभी पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## Change of Name

I, Rahul Kumar, son of Sanjay Kumar residing at 112/113/16, Dharamtala Road, Mali-panchghara, Howrah-711106, do hereby solemnly affirm and declare that my correct name is Rahul Kumar and Rahul Kumar and Rahul Pandey is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated 8th May 2026.

## शहर में आज

☛ **श्री राणी सती जी सत्संग भजन मंडली :** संगीतमय भजन कीर्तन संध्या, सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, स्थान- श्री किशन झुंझुनवाला, नीलाचल कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक-बी, 3 तल्ला, फ्लैट-3बी, 38, रफी किदवई अहमद रोड, जैसोर रोड, डायमंड सिटी नॉर्थ के पीछे, कोलकाता।

☛ **बाबा श्री रामदेव जी प्राचीन मंदिर :** बाबा रामदेवजी की आरती, सायं 7 बजे से, स्थान- 3, जगबंधु बोराल लेन, मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हॉस्पिटल के सामने गली में, बड़ाबाजार, कोलकाता।

☛ **रजनी फाउंडेशन :** बाबा रामदेवजी की आरती, रात्रि 8 बजे से, स्थान- 28/1ए, रतन सरकार गार्डेन स्ट्रीट,तारा सुंदरी पार्क के पास, बड़ाबाजार, कोलकाता।

☛ **श्री रामदेव बाल प्रचार समिति ट्रस्ट :** बाबा रामदेव जी की आरती, सायं 7 बजे से, स्थान- बाबा रामदेव जी का मंदिर, 24, शिव ठाकुर लेन, 3 तल्ला, शिव ठाकुर धाम, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

☛ **श्री राणी सती जी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान- 24, गोयनका लेन, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

## 'लल्ला डोंट बॉय' कैंपेन में दिखी मां की चिंता और बचत का संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन म्यूचुअल फंड ने मदर्स डे के मौके पर 'लल्ला डोंट बॉय' नाम से नई कैंपेन फिल्म लॉन्च की है। यह पारंपरिक लोरी का आधुनिक और मजेदार रूप है, जिसमें मांएं अपने बड़े हो चुके बच्चों को देर रात तक ऑनलाइन शॉपिंग और बेवजह स्क्रॉलिंग से बचने की सलाह देती नजर आती हैं। कंपनी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि मां हमेशा भविष्य के बारे में सोचने और समझदारी से बचत करने की सीख देती हैं। यह कैंपेन उसी भावना को आज की डिजिटल दुनिया से जोड़ता है। फिल्म में देर रात तक मोबाइल चलाने, फ्लैश सेल और ऑनलाइन खरीदारी की आदतों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। साथ ही लोगों को भविष्य के लिए निवेश और सोच-समझकर खर्च करने का संदेश दिया गया है। यह कैंपेन बंधन म्यूचुअल फंड और 'ऑल इन' की संयुक्त पहल है।

## एफवाई- 26 में पेटीएम पहली बार पूरे साल रहा मुनाफे में

**कोलकाता, समाज्ञा :** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में पहली बार पूरे साल का मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी ने एफवाई- 26 में 552 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ (पीएटी) हासिल किया, जबकि उसका राजस्व 22 प्रतिशत बढ़कर 8,437 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के अनुसार, ईबीआईटीडीए 502 करोड़ रुपये रहा। यह वृद्धि उपभोक्ता और मर्चेंट पेमेंट्स कारोबार में बाजार हिस्सेदारी बढ़ने तथा एआई आधारित लागत दक्षता के कारण संभव हुई। मार्च 2026 को समाप्त तिमाही में कंपनी का ऑपरेटिंग रेवेन्यू 2,264 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 18 प्रतिशत अधिक है। तुलनात्मक आधार पर इसमें 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। तिमाही के दौरान ईबीआईटीडीए 132 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने कहा कि डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवाओं के विस्तार के साथ लाभप्रदता में लगातार सुधार हो रहा है।

## जेके मैक्स पेंट्स का नया अभियान 'मैक्स करो, रिलेक्स करो' लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेके मैक्स पेंट्स ने अपना नया ब्रांड अभियान 'मैक्स करो, रिलेक्स करो' लॉन्च किया है। इस विज्ञापन अभियान में अभिनेता अक्षय कुमार पहली बार ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नजर आएंगे। अभियान का उद्देश्य घर की पेंटिंग से जुड़ी परेशानियों और उलझनों को आसान बनाना है। विज्ञापन में हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है कि अक्षय कुमार हर सवाल का जवाब जेके मैक्स देते हैं। बाद में फ्लैशबैक में दिखाया जाता है कि घर की पेंटिंग के दौरान हर विशेषज्ञ उन्हें जेके मैक्स के पुट्टी, प्राइमर और पेंट इस्तेमाल करने की सलाह देता है। कंपनी के बिजनेस हेड नीतिश चोपड़ा ने कहा कि उपभोक्ताओं के सामने कई विकल्प होने से सही उत्पाद चुनना मुश्किल होता है। यह अभियान भरोसेमंद और टिकाऊ समाधान देने का संदेश देता है। यह अभियान टेलीविजन, डिजिटल, सोशल मीडिया, ओटीटी और आउटडोर प्लेटफॉर्म पर चलाया जाएगा।

## पीआरएस व यूटीएस सेवाएं 9 और 10 मई को कुछ घंटों के लिए रहेंगी प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे के यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) और यूटीएस सेवाओं में तकनीकी रखरखाव एवं सिस्टम अपग्रेड के कारण 9 और 10 मई को कुछ घंटों के लिए सेवाएं प्रभावित रहेंगी। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, पीआरएस प्रणाली में सिस्टम डिस्क डिफ्रैग्मेंटेशन कार्य किए जाने के कारण 9 मई 2026 की रात 11:45 बजे से 10 मई 2026 की सुबह 3:30 बजे तक कोलकाता पीआरएस सिस्टम उपलब्ध नहीं रहेगा। इस दौरान चार्टिंग, करंट बुकिंग, इंटरनेट टिकट बुकिंग और पूछताछ जैसी सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इसके अलावा, कोलकाता डाटा सेंटर में यूटीएस सिस्टम फर्मवेयर अपग्रेड गतिविधि के चलते 10 मई 2026 को रात 12:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक यूटीएस और उससे संबंधित सेवाएं प्रभावित रहेंगी। हालांकि, रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में यूटीएस एवं संबद्ध गतिविधियां डीआर सर्वर, सिकंदराबाद के माध्यम से संचालित की जाएंगी, ताकि यात्रियों को न्यूनतम परेशानी हो।

# चुंचुड़ा में क्लब में बम फेंके जाने से हड़कंप

**हुगली, समाज्ञा :** चुंचुड़ा नगरपालिका के 19 नंबर वार्ड के खागड़ाजोल इलाके में स्थित उन्नयन परिषद नामक क्लब पर बीती रात कथित रूप से बम फेंकने की घटना सामने आई। घटना के बाद मौके पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के नेता पहुंचे। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद विभिन्न इलाकों में अशांति की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस चुनाव बाद हिंसा रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, इसके बावजूद कई अप्रिय घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार रात कुछ बदमाशों ने क्लब पर बम फेंका। विस्फोट के कारण क्लब की खिड़कियों के शीशे टूट गए और अंदर रखी कई चीजों में आग लग गई। सूचना मिलने पर चुंचुड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। क्लब सदस्य मोहम्मद शमीम ने बताया कि घटना देर रात हुई। यह किसने और क्यों किया, इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इलाके में सभी लोग शांतिपूर्वक रहते हैं और यहां किसी तरह का भेदभाव नहीं है। घटनास्थल पर पहुंचे भाजपा नेता और चुंचुड़ा से नवनिर्वाचित सुबीर नाग ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व इलाके में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में ऐसे कार्यकर्ता नहीं हैं जो बमबाजी करें। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि सरकार बनने के बाद जो भी अशांति फैलाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# राजनीतिक परिवर्तन के बीच जादवपुर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक स्थगित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के बीच जहां आज भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण होना है, वहीं जादवपुर विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक स्थगित कर दी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बैठक में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम और 50 लाख रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी सहित शैक्षणिक मामलों पर चर्चा होने की उम्मीद थी। विश्वविद्यालय के अधिकारी के अनुसार, राज्यपाल के कार्यालय ने छह मई को कुलपति चिरंजीब भट्टाचार्य से संपर्क किया और उन्हें सलाह दी कि ऐसे समय में बैठक नहीं की जाए जब राज्य में नई भाजपा सरकार शपथ ग्रहण करने वाली हो। कुलपति ने एक नोटिस जारी कर कहा कि 'कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण' कार्यकारी परिषद की बैठक स्थगित कर दी गई है। भट्टाचार्य ने कहा कि हमने इस परिवर्तन की अवधि में बैठक न करने का निर्णय लिया है। जादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जूटा) के सदस्यों ने बैठक स्थगित किए जाने की आलोचना करते हुए सवाल उठाया कि राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के कारण शैक्षणिक मामलों को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई। जूटा के महासचिव और कार्यकारी परिषद के सदस्य पार्थप्रतिम रॉय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वविद्यालय की सर्वोच्च निर्णायक इकाई की बैठक नहीं हो सकी।

# ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन ने उत्कृष्ट कर्मचारियों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ईस्टर्न रेलवे ऑफिसर्स क्लब, बेलवेडियर पार्क, अलीपुर, कोलकाता में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ईस्टर्न रेलवे के विभिन्न मंडलों और कार्यशालाओं में कार्यरत कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी, समर्पण और सुरक्षित रेल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष 1 मई को अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो श्रमिकों के राष्ट्र निर्माण में योगदान को समर्पित होता है। इसी भावना के तहत ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने 92 नामांकित कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और प्रतीकात्मक उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सीमा देउस्कर एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया और सभी सम्मानित कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीमा देउस्कर ने अपने संबोधन में रेलवे के संचालन में अनुशासन, टीमवर्क और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ईस्टर्न रेलवे के सांस्कृतिक कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह को और अधिक आकर्षक बना दिया।


## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा, पिन-723121, पश्चिम बंगाल निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। निविदा बंद होने की तारीख और समय है **29.05.2026 को सुबह 11:00 बजे**। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सूचना संख्या: एसएनटी ई टेंडर एडीए 26 27 06, दिनांक: 07.05.2026। कार्य का नाम:** आद्रा मंडल में चार (04) अदद स्टेशनों (अर्थात कुस्तौर, महुदा, खानुडीह एवं राधागांव) में इलेक्ट्रॉनिक इन्-मोशन वे-ब्रिज (ईआईएमडब्ल्यूबी) की स्थापना के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 58,11,355.30। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: एसएनटी ई टेंडर एडीए 26 27 07, दिनांक: 07.05.2026। कार्य का नाम:** भारतीय रेल में संहिता सम्बन्धी प्रावधान के अनुसार आद्रा मंडल में 03 अदद समपार फाटकों (केए-48, आरसी-2 एवं एमआर-35) की इंटरलॉकिंग के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य (यूडब्ल्यू 24-25)। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,31,27,719.09। (PR-140)

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-25-2025-26-आर, दिनांक** 06.05.2026 वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-25-2025-26-आर, कार्य का नाम** : "सियालदह मंडल में कम ऊँचाई वाले ब्रिजों के नीचे इंसुलेशन पेंट का प्रावधान"। **निविदा मूल्य** : रु.1,38,29,530/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि :** रु.2,76,600/- **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि :** दिनांक 28.05.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-32/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मेट्रो रेलवे, कोलकाता

वरिष्ठ परिवहन प्रबंधक, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के सभी कॉरिडोर के सभी मौजूदा और आगामी स्टेशनों से कैश पिक अप सेवाएँ। **कार्य की अवधि:** 05 (पाँच) वर्ष, अर्थात 60 (साठ) माह। **बोली शुरू होने की तिथि:** 18.05.2026, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 01.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा कागजात की लागत:** शून्य। **बयाना राशि:** रु.2,99,900/-, **परफॉर्मेंस गारंटी:** अनुबंधित मूल्य का 5%, **निविदा अनुभाग:** प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक का कार्यालय, मेट्रो रेलवे, मेट्रो रेल भवन (7वीं मंज़िल), 33/1, जे.एल. नेहरू रोड, कोलकाता-700071, पश्चिम बंगाल, भारत। वेबसाइट का विवरण: **www.ireps.gov.in**

ई-निविदा सं.: मेट्रो-सी354-कैशपिकअप26 (खुली) (दो पैकेट प्रणाली)

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ मंजिल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा दो चरणों में तीन वर्ष के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 03 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 एसएलआर और ट्रेन नं. 13033/34 के 01 आरटीवीपी की पार्सल जगह की लीजिंग के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न ऑक्शन कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। (1) **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-5बी, **कम्पार्टमेंट :** ट्रेन नं. 13035 का एफएसएलआर-I, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 15.05.2026 को 14.00 बजे। (2) **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-5सी, **कम्पार्टमेंट:** 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 02 एसएलआर और ट्रेन नं. 13033/34 का 01 आरटीवीपी, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 20.05.2026 को 14.30 बजे।

HWH-56/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली

**निविदा संख्या : TankClean-25-26-192-2**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम & पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या- **TankClean-25-26-192-2** नियत तिथि:- **28.05.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फ़र्मों को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है।

| कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत रूपया में |
|---|---|
| खुली निविदा के माध्यम से दो वर्ष की अवधि के लिए बोगी शॉप में स्थापित 02 अंडरवाटर प्लाज्मा मशीन, 01 सीएनसी प्रो आर्क ऑक्सी एसिटिलीन, 01 सीएनसी प्रो आर्क ऑक्सी प्रोफाइल और 01 सीएनसी प्रो आर्क एयर प्लाज्मा कटिंग मशीन के टैंक को सफाई, कटिंग बेड के पुराने फिन की मरम्मत और प्रतिस्थापन का कार्य। | रू. 22,61,484.00 रूपये (बाईस लाख इकसठ हजार चार सौ चौरासी रूपये मात्र) |
| | धरोहर राशि: रू. 45,200.00 |
| | निविदा प्रपत्र का मूल्य: रू. 3,000.00 |
| | कार्य समापन की अवधि: दो वर्ष (24 माह) |

• **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय- 28.05.2026 को 15.30** बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

कार्य प्रबंधक/संयंत्र

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 07 ईटी/2026 दिनांक: 06.05.2026**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03231437ए | एमरजेंसी आपेनेबल विण्डो | 896 नग | 26.05.2026 |
| 02 | 03261098 | सेट ऑफ सीट एंड बर्थ फॉर एलएचबी एसएलआर अमृत भारत कोचेज | 14 सेट | 02.06.2026 |
| | | सेट ऑफ सीट एंड बर्थ फॉर एलएचबी एसी हाट बफर कोचेज | 19 सेट | |
| 03 | 04261075 | सेट ऑ पीलर असेम्बली बोलटेड टाईप फॉर अमृत भारत एससीएन कोच | 72 सेट | 01.06.2026 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|

# कार्डियोलॉजिस्ट बनकर रखें लोगों के दिलों का ख्याल

**एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ बनने के लिए छात्रों के पास ना सिर्फ चिकित्सा और विज्ञान में संबंधित ज्ञान होना चाहिए, बल्कि रोगियों की सेवा करने, दूसरों के प्रति दया करने, आत्म-प्रेरित होने और चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लंबे समय तक जीवित रहने में सक्षम होना चाहिए। हृदय हमारे शरीर का एक बेहद महत्वपूर्ण आंतरिक अंग है और एक हेल्दी लाइफस्टाइल जीने के लिए जरूरी है कि आप इसका पूरी तरह ख्याल रखें।**

आमतौर पर लोग अपने दिल का ख्याल रखने के लिए खानपान से लेकर अन्य कई उपाय अपनाते हैं, लेकिन फिर भी कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में व्यक्ति को कार्डियोलॉजिस्ट को कंसल्ट करने की जरूरत पड़ती है। कार्डियोलॉजी चिकित्सा का एक प्रभाग है जो हृदय विकारों से संबंधित निदान और उपचार से संबंधित है। दिल के विकारों से निपटने वाले चिकित्सा चिकित्सकों को आमतौर पर कार्डियोलॉजिस्ट या हृदय रोग विशेषज्ञ कहा जाता है। चिकित्सा विज्ञान की इस शाखा का बेहद महत्व है और अगर आप चाहें तो इस दिशा में अपना कदम बढ़ा सकते हैं-

## क्या होता है काम

एक हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय, धमनियों और नसों का डॉक्टर है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय की विफलता, जन्मजात हृदय दोष और कोरोनरी धमनी रोग का निदान और उपचार प्रदान करते हैं। इसमें धमनियों के संकीर्ण होने, हृदय के वाल्व में समस्याएं, मांसपेशियों के ऊतकों को नुकसान और पेरिकार्डियम के विकार के कारण प्रतिबंधित परिसंचरण के कारण होने वाली समस्याएं शामिल हैं।

## स्किल्स

एजुकेशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ बनने के लिए छात्रों के पास ना सिर्फ चिकित्सा और विज्ञान में संबंधित ज्ञान होना चाहिए, बल्कि रोगियों की सेवा करने, दूसरों के प्रति दया करने, आत्म-प्रेरित होने और चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लंबे समय तक जीवित रहने में सक्षम होना चाहिए। कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए अनुशासन, धैर्य, उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास का होना भी उतना ही आवश्यक है। उनके पास जीवन की खतरनाक स्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। कैरियर कोच कहते हैं कि हृदय रोग विशेषज्ञ को भी आहार और व्यायाम विशेषज्ञ भी होना चाहिए।

## योग्यता

एक कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए एमबीबीएस की डिग्री के अलावा कई सालों की प्रैक्टिस, लाइसेंस व बोर्ड सर्टिफिकेशन होना चाहिए। कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए एमडी/एमएस या डीएनबी की डिग्री लेने के बाद इस क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन के लिए डीएम इन कार्डियोलॉजी की डिग्री लेनी होगी। इस डिग्री की अवधि लगभग तीन साल की होती है।

## अवसर

कॅरियर काउंसलर के अनुसार, एक प्रोफेशनल कार्डियोलॉजिस्ट के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप सरकारी या प्राइवेट हास्पिटल में बतौर डॉक्टर काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप कार्डियक रिहैबिलेशन सेंटर या क्लीनिक टेस्टिंग सेंटर्स में भी काम कर सकते हैं। वहीं आप खुद की प्रैक्टिस भी शुरू कर सकते हैं और खुद का क्लीनिक खोल सकते हैं। जो कार्डियोलॉजिस्ट पढ़ाना पसंद करते हैं, वे मेडिकल कॉलेजों में बतौर लेक्चरर भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

## आमदनी

एक कार्डियोलॉजिस्ट की आमदनी उसके अनुभव व भौगोलिक स्थान पर मुख्य रूप से निर्धारित होती है। जो कार्डियोलॉजिस्ट शहर में काम करते हैं, उन्हें अपेक्षाकृत अधिक सैलरी मिलती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आमदनी का स्तर कम हो सकता है। हालांकि अगर आप किसी सरकारी अस्पताल में बतौर फ्रेशर काम शुरू करते हैं, तब भी शुरूआती दौर में आप 25000 रूपए आसानी से कमा सकते हैं। जबकि निजी अस्पतालों में वेतन अधिक हो सकता है। वहीं कुछ वर्षों के अनुभव के बाद आपकी आमदनी लाखों में हो सकती है।

## प्रमुख संस्थान

- गोविंद वल्लभ पंत इंस्टीट्यूटी ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, नई दिल्ली
- रविन्द्रनाथ टैगोर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंस, कोलकाता
- मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली
- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, नई दिल्ली
- आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज, पुणे
- संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, लखनऊ

# फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में कॅरियर कैसे बनाएं? कोर्स, जॉब और सैलरी

**फॉरेंसिक साइंस की फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।**

फॉरेंसिक साइंस का इस्तेमाल आपराधिक मामलों की जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है। फॉरेंसिक साइंस में केमिस्ट्री, बायोलॉजी, फिजिक्स, जियोलोजी, साइकोलॉजी, सोशल साइंस, इंजीनियरिंग आदि फील्ड्स शामिल होती हैं। इस फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।

## कोर्स

फॉरेंसिक साइंस में करियर बनाने के लिए 12पद्ध में साइंस होनी जरूरी है। आप फोरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी या फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ में एक वर्षीय डिप्लोमा कर सकते हैं। आप फॉरेंसिक साइंस 3 साल की बीएससी, 2 साल की एमएससी भी कर सकते हैं। इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और रिसर्च करने के इच्छुक हों तो फॉरेंसिक साइंस में पीएचडी और एमफिल भी कर सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को जिज्ञासु होना चाहिए और साहसिक कार्यों में दिलचस्पी होनी चाहिए। इस फील्ड में हर कदम पर चुनौती है इसलिए आपको दिमागी तौर पर मजबूत होना जरूर है। इसके साथ ही आपके अंदर मजबूत कम्युनिकेशन स्किल्स होना भी बेहद जरूरी है। एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को कई तरह की टेस्ट रिपोर्ट लिखनी होती हैं इसलिए आपकी राइटिंग स्किल्स भी अच्छी होनी चाहिए।फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को सबूतों की जाँच करनी होती है इसलिए आपको एकाग्रता और सतर्कता के साथ काम करना आना चाहिए।

## कहां मिलेगी नौकरी

इस फील्ड में सरकारी और प्राइवेट जॉब्स की भरमार है। फॉरेंसिक साइंस में डिग्री हासिल करने के बाद आपको पुलिस, लीगल सिस्टम, इंवेस्टिगेटिव सर्विस जैसी जगहों पर जॉब मिल सकती है। वहीं, कोई प्राइवेट एजेंसी भी आपको बतौर फॉरेंसिक साइंटिस्ट्स जॉब ऑफर कर सकती है। अगर आप में योग्यता है तो आपको फॉरेंसिक साइंटिस्ट इंटेलि?जेंस ब्यूरो और सीबीआई में भी नौकरी का अवसर प्राप्त हो सकता है। इसके अलावा आप किसी फॉरेंसिक साइंस शिक्षण संस्थान में टीचर के रूप पढ़ा कर अच्छी सैलरी कमा सकते हैं।

## सैलरी

योग्यता के आधार पर आपको शुरुआत में 20-50 हजार रुपये प्रतिमाह तक सैलरी मिल सकती है। समय के साथ अनुभव होने पर आप 6 से 8 लाख रुपये तक महीना कमा सकते हैं।

# विदेशों में स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

विदेशों से हायर एजुकेशन प्राप्त करना कई लोगों की टू-डू लिस्ट में शामिल होता है। कई लोग इसे प्राप्त कर लेते हैं और कई लोग इसे प्राप्त करने से वंचित भी रह जाते हैं। विदेशों से हायर एजुकेशन की पढ़ाई करने पर जीवन में कई अवसर मिलते हैं। हालांकि हायर एजुकेशन जितने बेहतर अवसर देता है उतना ही खर्चीला भी है। विदेशों में पढ़ाई करने के लिए एक बेहतर प्लानिंग की आवश्यकता तो होते ही है साथ ही आवश्यकता होती है नॉलेज की। उसी नॉलेज और प्लानिंग में से एक है स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना। जब स्कॉलरशिप की बात आती है तो हमें कई बातों को ध्यान में रखना पड़ता है। आइए जानते हैं कुछ महत्वपूर्ण बातों को जिन्हें स्कॉलरशिप प्राप्त करने से पहले ध्यान में रखना पड़ता है।

## स्ट्रांग प्रोफाइल बनाएं

हालांकि स्कॉलरशिप के लिए एकेडमिक स्ट्रेन्थ आवश्यक है। अगर मास्टर्स करने का आप प्लान बना रहे हैं तो आपका जीपीए 70 से अधिक है तो स्कोर बेहतर माना जाता है। लेकिन केवल इतना ही आवश्यक नहीं है। स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आपका प्रोफाइल बेहद स्ट्रांग होना चाहिए। इसके लिए आप इसमें एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी जैसे स्पोर्टस, म्यूजिक, ड्रामा इत्यादि की डिटेल जरूर लिखें। इससे आपका प्रोफाइल बेहद स्ट्रांग बनेगा।

## यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप से आगे बढ़कर सोचें

ध्यान रखें कि विदेशों में पढ़ने के लिए केवल यूनिवर्सिटी ही नहीं बल्कि कई संस्था स्कॉलरशिप प्रदान करती है। ये स्कॉलरशिप सरकारी के साथ-साथ प्राइवेट संस्थाओं द्वारा भी दिया जाता है। अगर आप भारत में हैं तो कई संस्था जैसे टाटा आपको विदेश में पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप देगी। इसके साथ ही अगर आप विदेश में हैं तो वो देश भी विदेशों छात्रों के लिए कई स्कॉलरशिप प्लान पर कार्य करता है। इन स्कॉलरशिप के बारे में दोनें देशों के एजुकेशन डिपार्टमेंट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## कोर्स से पहले कर दें अप्लाई

आप जो कोर्स करना चाहते हैं उसके शुरू होने से 18 महीने पहले आप अप्लाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दें। ऐसा इसलिए क्योंकि आवेदन करने के बाद डॉक्यूमेंट सबमिशन और वेरिफिकेशन में काफी वक्त लगता है। ऐसे में आपको समय पर स्कॉलरशिप भी मिल जाएगा और कोर्स में भी कोई समस्या नहीं होगी।

## एप्लीकेशन का कराएं रिव्यू

एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद यह सबसे बेहतर आइडिया है कि उसका रिव्यू करा लिया जाए। रिव्यू कराने से एप्लीकेशन की कमियां सामने आएगी और उसके बाद सुधार किया जा सकेगा। अपना एप्लीकेशन और डॉक्यूमेंट लें और उसे किसी प्रोफेशनल के पास ले जाएं। ये प्रोफेशनल आपके शिक्षक या कोई अन्य एक्सपर्ट भी हो सकते हैं। इससे आपको रिव्यू मिलेगा और आप एप्लीकेशन में सुधार कर पाएंगे।

## अधिक से अधिक रियल रहने का प्रयास करें

जब एप्लीकेशन लिखे तो ज्यादा से ज्यादा रियल रहने का प्रयास करें। यूनिवर्सिटी में आप खुद को निखारने और खुद को बेहतर बनाने के लिए जाते हैं इसी कारण एप्लीकेशन में खुद को ज्यादा बढ़ा-चढ़ा कर ना लिखें। जो हैं वह ईमानदारी के साथ लिखें और अपने स्किल, पैशन और इंटरेस्ट आदि के विषय में लिखें।



# पेंट टेक्नोलॉजिस्ट बनकर कॅरियर को दें एक रंगीन दिशा

**एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट अलग-अलग एप्लीकेशन के लिए विभिन्न पेंट की उपयुक्तता की पहचान और मूल्यांकन करता है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ग्राहकों को पेंट के सही उपयोग के बारे में समझाता है और उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहचान करता है। रंगों का जीवन से एक गहरा नाता है। रंगों के बिना दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कपड़ों से लेकर घर तक हर जगह तरह-तरह के रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आपने कभी इन्हीं रंगों में अपना करियर बनाने की सोची है। अगर नहीं, तो अब आप इस क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। जी हां, पेंट टेक्नोलॉजी एक ऐसा ही क्षेत्र है। अगर आप भी चाहें तो इस क्षेत्र में अपना सफल भविष्य बना सकते हैं। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस क्षेत्र के बारे में**

## क्या है पेंट टेक्नोलॉजी

पेंट टेक्नोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें पेंट बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले विभिन्न इंग्रीडिएंट जैसे रॉल, पॉलिमर व पिगमेंट आदि के बारे में अध्ययन किया जाता है। पेंट टेक्नोलॉजी में, विभिन्न प्रकार के पेंट, उनके निर्माण, विभिन्न प्रकार के पेंट के उपयोग और पेंट के अनुप्रयोग के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकों के बारे में अध्ययन किया जाता है। इस विषय क्षेत्र में स्नातक करने वालों को पेंट टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में जाना जाता है।

## क्या होता है काम

एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट अलग-अलग एप्लीकेशन के लिए विभिन्न पेंट की उपयुक्तता की पहचान और मूल्यांकन करता है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ग्राहकों को पेंट के सही उपयोग के बारे में समझाता है और उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहचान करता है। उनके काम में पेंट के नए रंग और बनावट विकसित करना, पेंट एप्लीकेशन के लिए नई तकनीक को विकसित करना आदि शामिल हैं। सरल भाषा में, वे नए उत्पादों को विकसित करने के साथ-साथ उन उत्पादों के गुणों को बढ़ाने और उन्नत करने के लिए जिम्मेदार हैं जो पहले से ही विकसित किए गए हैं।

## पर्सनल स्किल्स

एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट को रंगों से बेहद प्यार होना चाहिए। साथ ही उसमें कई तरह के एक्सपेरिमेंटल स्किल्स भी होने चाहिए, ताकि वह नए रंगों के साथ-साथ उनके टेक्टचर को भी बेहतर बना सके। एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट को मेहनती होना चाहिए। इसके अलावा, आपमें अच्छी संचार कौशल और टीम भावना होनी चाहिए, क्योंकि आपको इस उद्योग में अन्य पेशेवरों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होगी। साथ ही विभिन्न विभागों में टीमों का नेतृत्व करने के लिए पेंट टेक्नोलॉजिस्ट में प्रबंधकीय कौशल भी आवश्यक है।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए आपको बीटेक इन पेंट टेक्नोलॉजी करना होगा। बीटेक के बाद आप एमटेक कर सकते हैं। अधिकांश संस्थानों द्वारा पेंट इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को केमिकल इंजीनियरिंग में एक विषय के रूप में भी पेश किया जाता है।

## संभावनाएं

पेंट उद्योग के विभिन्न विभागों में पेंट टेक्नोलॉजिस्ट की आवश्यकता होती है। वे पेंट निर्माण कंपनियों के किसी भी विभाग में काम पा सकते हैं। पेंट उद्योग मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल और रियल एस्टेट उद्योग पर निर्भर है। कई बड़ी-बड़ी पेंट मैन्युफैक्चिरिंग कंपनियों जैसे एशियन पेंट्स इंडिया लिमिटेड, शालीमार पेंट्स, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड, नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड आदि में पेंट टेक्नोलॉजिस्ट की हमेशा ही जरूरत होती है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, होम फर्निशिंग इंडस्ट्री आदि में भी कार्य कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में वेतन आपके अनुभव और उस सेक्टर पर निर्भर करता है, जिसके लिए आप काम कर रहे हैं। इस क्षेत्र में शुरुआत करने वाले व्यक्ति प्रारंभ में 1,25000 रूपए से 2,00000 रूपए प्रति वर्ष कमा सकते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ काम कर रहे हैं तो आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है। वहीं, अनुभव बढ़ने के साथ-साथ आपका वेतन भी बढ़ता जाता है।

## प्रमुख संस्थान

हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर
यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, जलगांव, महाराष्ट्र
गार्वेयर इंस्टीट्यूट ऑफ कॅरियर एजुकेशन एंड डेवलपमेंट, सांताक्रूज, महाराष्ट्र
लक्ष्मीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नागपुर

## नासिक टीसीएस धर्मांतरण मामला :

# महाराष्ट्र सरकार ने पॉश अधिनियम को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने नासिक के टीसीएस कार्यालय में कथित धर्मांतरण मामला आने की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए यौन उत्पीड़न निवारण (पॉश)अधिनियम को सख्ती से क्रियान्वित करने का आदेश जारी किया। राज्य सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि 10 या उससे अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले सभी सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों को आंतरिक शिकायत समितियां (आईसीसी) गठित करनी होंगी और उन्हें केंद्र के 'शी-बॉक्स' पोर्टल पर पंजीकृत कराना होगा। विज्ञप्ति में टीसीएस मामले का जिक्र करते हुए कहा गया

है कि ये निर्देश नासिक स्थित एक प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी में हुई एक गंभीर घटना के बाद जारी किए गए हैं। विज्ञप्ति में महिला एवं बाल विकास आयुक्त जगदीश मिनियार के हवाले से कहा गया, ''नियमों का पालन न करने पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, जबकि बार-बार उल्लंघन करने पर दोगुना जुर्माना या लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'' विज्ञप्ति के मुताबिक राज्य में कई निजी प्रतिष्ठान अभी तक पॉश अधिनियम के तहत अनिवार्य रूप से आंतरिक शिकायत समितियों का गठन नहीं कर पाए हैं। इसमें कहा गया है कि सभी प्रतिष्ठानों को तत्काल आंतरिक शिकायत समितियां गठित करनी चाहिए और 'शी-बॉक्स' पोर्टल पर पंजीकरण पूरा करना चाहिए, ऐसा न करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कानून के तहत, प्रत्येक समिति में एक वरिष्ठ महिला कर्मचारी अध्यक्ष होनी चाहिए, कम से कम दो कर्मचारी सदस्य और एक गैर-सरकारी संगठन का सदस्य होना चाहिए तथा समिति में कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य महिलाएं हों। विज्ञप्ति के मुताबिक जिला कलेक्टर, उप कलेक्टर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारियों और विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि सभी पात्र प्रतिष्ठान कानून के अनुसार समितियां गठित करें और पोर्टल पर पंजीकरण पूरा करें।

### एआईएमआईएम पार्षद ने टीसीएस मामले की आरोपी निदा खान को शरण दी थी : पुलिस

**मुंबई :** नासिक पुलिस ने शुक्रवार को दावा किया कि एआईएमआईएम के एक पार्षद ने टीसीएस में कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण के लिए दबाव डालने के मामले में आरोपी निदा खान और उसके परिवार को छत्रपति संभाजीनगर में शरण दी थी। नासिक पुलिस ने बताया कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पार्षद मतीन पटेल से लगातार पूछताछ के बाद बृहस्पतिवार को एक उच्च स्तरीय संयुक्त पुलिस अभियान में खान को गिरफ्तार किया गया।

### प्रधान ने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों की छपाई की समीक्षा की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कक्षा 1 से 8 तक की एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की छपाई और वितरण की समीक्षा की तथा अधिकारियों को बाजार में उनकी समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रधान ने कक्षा 10, 11 और 12 के लिए भी पाठ्यपुस्तकों के संबंध में समयसीमा की समीक्षा की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण पर जोर देते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि नयी पाठ्यपुस्तकें उच्च शिक्षा और उच्च स्तरीय चिंतन की नींव रखेंगी इसलिए इन्हें कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, साक्ष्य-आधारित समझ, नैतिक मूल्यों, कौशल उन्मुखीकरण और देश से जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाना चाहिए।

### आरोपी निदा खान को 11 मई तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**नासिक :** नासिक की एक अदालत ने शुक्रवार को यहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में यौन उत्पीड़न और धार्मिक दबाव मामले की आरोपी निदा खान को 11 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। टीसीएस की कर्मचारी रही निदा खान को बृहस्पतिवार को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया गया था। मामला सामने आने के बाद से वह फरार थी। उसे शुक्रवार को यहां नासिक रोड अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने मामले की पूरी जांच के लिए उसकी हिरासत की मांग की। पुलिस की अर्जी स्वीकार करते हुए अदालत ने उसे 11 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अदालत ने दो मई को, उसे अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि ऐसा लगता है कि 'संगठित कोशिशों' के माध्यम से पीड़ितों का 'ब्रेनवॉश करने की सुनियोजित योजना' थी। अदालत ने उस समय कहा था कि ''अपराध की गंभीरता सच में बहुआयामी और बहुस्तरीय है'' और मामले की जड़ तक जाने के लिए हिरासत में पूछताछ ज़रूरी है। नासिक पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) आईटी कंपनी की नासिक इकाई में छेड़छाड़ और उत्पीड़न के नौ मामलों की जांच कर रहा है।

### मणिपुर में भाजपा नेता ने पार्टी छोड़ी

**इंफाल :** मणिपुर में भाजपा नेता एलंगबम जॉनसन ने शुक्रवार को राज्य सरकार की जनता की आकांक्षाओं का सम्मान करने में ''विफलता'' का हवाला देते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जॉनसन ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। जॉनसन ने 2022 का विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़ा था। उन्होंने कहा, ''तीन मई, 2023 से हम जनता की इच्छा के अनुरूप आगे बढ़ने में असमर्थ रहे हैं। केइसमथोंग में अपने कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद मैंने भाजपा छोड़ने का निर्णय लिया है। मैं प्रदेश प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे रहा हूं और पार्टी की सदस्यता त्याग रहा हूं।''

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 34 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त, बैंकॉक से आ रहे दो यात्री हिरासत में

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे दो यात्रियों के पास से लगभग 34.93 करोड़ रुपये मूल्य का संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त कर लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों यात्रियों को स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि यात्रियों के विवरण की जांच के बाद सीमा शुल्क अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर उन्हें रोका। उन्होंने बताया कि सामान की 'एक्स-रे' जांच के दौरान कुछ संदिग्ध तस्वीरें देखी गईं। बयान के मुताबिक, सामान की जांच करने पर संदिग्ध मादक पदार्क से भरे सील बंद पैकेट बरामद किए गए। बयान में बताया गया कि बरामद पदार्थ का वजन 34,935 ग्राम (पैकिंग सामग्री सहित) था और इसका बाजार मूल्य लगभग 34.935 करोड़ रुपये है। बयान के अनुसार, बरामद पदार्थ 'प्रथम दृष्टया गांजा प्रतीत होता है'।

### एनआईए मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए विशेष अदालतों की स्थापना का आदेश

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि उन मामलों में लंबित 10 से 15 मुकदमों की त्वरित सुनवाई के लिए कम से कम एक विशेष अदालत स्थापित की जाए, जिनकी जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रही है। शीर्ष अदालत ने ऐसे मुकदमों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए कई निर्देश जारी किए, जिनमें एनआईए के माध्यम से केंद्र सरकार अभियोजक है। उसने स्पष्ट किया कि विशेष अदालतों की स्थापना एक महीने के भीतर की जानी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र को संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने और एनआईए अधिनियम-2008 की धारा-11 के तहत विशेष अदालतों की स्थापना के लिए परामर्श करने का निर्देश दिया।

### भारत-न्यूजीलैंड एफटीए आर्थिक साझेदारी को देगा नई मजबूती : डॉ. जयशंकर

**कोलकाता :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दोनों देशों के संबंधों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता आर्थिक सहयोग, निवेश और व्यापारिक साझेदारी को नई दिशा देगा।भारत और न्यूजीलैंड के बीच 27 अप्रैल को कई वर्षों की बातचीत के बाद एफटीए पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड को होने वाले भारत के 100 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ छूट मिलेगी, जबकि न्यूजीलैंड से भारत आने वाले 95 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में राहत दी गई है। समझौते पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के वाणिज्य मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी

में हस्ताक्षर हुए।डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह समझौता निवेश, निर्यात और बाजार पहुंच को मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि न्यूजीलैंड अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डॉलर का निवेश करेगा। साथ ही कपड़ा, फार्मा और इंजीनियरिंग क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। समझौते में कुशल पेशेवरों के लिए हर वर्ष 5,000 वीजा का प्रावधान भी किया गया है, जिससे आईटी और स्वास्थ्य क्षेत्र को फायदा होगा।

### भाजपा के जाने का 'टाइम' आने वाला है, सिर्फ कांग्रेस हरा सकती है: राहुल गांधी

**गुरुग्राम :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भले ही सोच रहे हैं कि इनका राज बना रहेगा, लेकिन इनका जाने का 'टाइम' आने वाला है तथा उन्हें जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं भाजपा के सामने कोई दूसरी पार्टी खड़ी नहीं हो पाएगी तथा सिर्फ कांग्रेस ही इन्हें हरा सकती और हराएगी। वह हरियाणा कांग्रेस के नेता बृजेंद्र सिंह की 'सद्भाव यात्रा' में शामिल हुए। सिंह पिछले कुछ महीने से हरियाणा में पदयात्रा निकाल रहे हैं। 'भारत जोड़ो यात्रा' में करीब 4000 किलोमीटर की पदयात्रा करने

वाले राहुल गांधी पहली बार बृजेंद्र सिंह की यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर बृजेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद व अन्य नेता भी थे। राहुल गांधी ने यात्रा के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, '' हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी किया...अब पश्चिम बंगाल और असम में चुनाव चोरी किया है। इन्होंने चुनाव चोरी करने का सिस्टम बना दिया है।''

### तमिलनाडु में सियासी खींचतान जारी, वीसीके ने समर्थन देने के लिए मांगा उप-मुख्यमंत्री का पद

**चेन्नई :** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद राजनीतिक अनिश्चितता के बादल छंटते नहीं दिख रहे हैं। विदुथलई चिरुथयगल काची (वीसीके) ने अभिनेता से नेता बने सी. जोसेफ विजय की तमिलनाडु वेत्री कषगम (टीवीके) के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के लिए समर्थन का संकेत दिया है। हालांकि, पार्टी ने इस समर्थन के बदले उप-मुख्यमंत्री पद की मांग रखी है।टीवीके 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन बहुमत के 118 सीटों के आंकड़े को पार करने के लिए संघर्ष कर रही है। समर्थन जुटाने की कोशिश में पार्टी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के नेतृत्व वाले गठबंधन के घटकों से संपर्क किया है। कांग्रेस ने पहले ही टीवीके का समर्थन करने का फैसला किया है, भले ही वह सरकार में शामिल न हो। इसी तरह सीपीआई और सीपीआईएम ने भी टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार को बाहर से समर्थन देने की घोषणा की है, लेकिन वे मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होंगे।

**वीसीके ने डिप्टी सीएम पद के साथ और क्या की मांग?**

वीसीके ने शुक्रवार शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक उच्च-स्तरीय समिति की बैठक बुलाई। इसमें 20 से अधिक वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, अधिकांश पदाधिकारियों ने टीवीके की सरकार बनाने की कोशिशों का समर्थन करने के पक्ष में राय दी।

बैठक के दौरान वीसीके के वरिष्ठ नेता रवि कुमार ने कथित तौर पर इस बात पर जोर दिया कि किसी भी ऐसे समझौते में, जिसमें वीसीके का सरकार को समर्थन शामिल हो, पार्टी अध्यक्ष थोल. तिरुमावलवन को उप-मुख्यमंत्री का पद दिया जाना चाहिए। कई अन्य नेताओं ने भी इसी विचार का समर्थन किया।

**वीसीके उप-महासचिव के लिए भी मांगा मंत्री पद**

उन्होंने तर्क दिया कि अगर वीसीके औपचारिक रूप से टीवीके सरकार का समर्थन करने का फैसला लेती है, तो पार्टी को मंत्रिमंडल में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। कुछ पदाधिकारियों ने यह भी सुझाव दिया कि वीसीके के उप-महासचिव वन्नी अरसु को भी मंत्री पद में शामिल किया जाना चाहिए।

### द्रमुक ने लोकसभा में अलग बैठने की मांग की, भाजपा ने कांग्रेस को बताया, 'पीठ में छुरा घोंपने वाला'

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सबसे बड़ी 'धोखेबाज' और 'पीठ में छुरा घोंपने का इतिहास रखने वाली' पार्टी करार दिया। भाजपा ने दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन का कोई भी घटक दल अब कांग्रेस पर भरोसा नहीं करता। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के सोशल मीडिया पोस्ट और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) द्वारा लोकसभा में पार्टी सांसदों के लिए 'इंडिया' गठबंधन के अन्य सदस्यों से अलग बैठने की मांग की खबरों के बाद भाजपा ने यह जुबानी हमला किया। यादव ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एम.के. स्टालिन के साथ तस्वीरें पोस्ट कीं तथा लिखा, हम वो नहीं जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। द्रमुक सांसद कनिमोई का एक पत्र ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें 'बदले हुए राजनीतिक हालात' के मद्देनजर लोकसभा में पार्टी सदस्यों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था का अनुरोध किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को संबोधित इस पत्र में द्रमुक सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की गई और कहा गया कि कांग्रेस के साथ पार्टी का गठबंधन 'समाप्त हो गया है'। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि ये घटनाक्रम कांग्रेस के प्रति 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों के बीच बढ़ते 'अविश्वास' को दर्शाता है और ये राहुल गांधी पर सीधा हमला है। पूनावाला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, तस्वीरें लाखों बातें बयां करती हैं।

### भारतीय वायुसेना के आधिकारी बनकर साइबर ठगी करने वाले मेवात गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने मेवात आधारित एक साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसके सदस्य कथित तौर पर भारतीय वायुसेना के अधिकारी बनकर व्यापारियों के साथ ठगी कर रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस मामले में सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले और बिचौलियों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया कि गिरोह के बारे में तब पता चला जब एक शिकायतकर्ता ने अपराध शाखा से संपर्क कर आरोप लगाया कि औद्योगिक श्रेणी की सामग्री 'एल्यूमिनस लैटेराइट' की आपूर्ति के बहाने उससे पांच लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने बयान में कहा, ''आरोपियों ने कथित तौर पर सेना और भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकरी बनकर पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए जाली खरीद ऑर्डर भेजे।'' पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता को सामग्री वायुसेना स्टेशन भेजने के लिए कहा गया और बाद में उसे बताया गया कि उसका नाम मंजूरी प्राप्त विक्रेताओं की सूची में नहीं है तथा विक्रेता पंजीकरण और खाता सत्यापन के लिए पैसे जमा करने को कहा गया। गड़बड़ी की आशंका होने पर शिकायतकर्ता ने पुलिस को सूचना दी।

### हैदराबाद में प्रेम प्रसंग को लेकर इंजीनियरिंग के छात्र की हत्या

**हैदराबाद :** हैदराबाद के चिलकलगुडा में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे 22 वर्षीय एक छात्र की प्रेम प्रसंग के संदेह में हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि छात्र जिस युवती के साथ रिश्ते में था, उसके परिजन इसके खिलाफ थे। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे चिलकलगुडा में युवती के परिजनों और रिश्तेदारों ने बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र पर कथित तौर पर चाकू से कई बार हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद कुछ स्थानीय लोगों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित के परिजनों ने शुक्रवार को प्रदर्शन कर हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। बाद पुलिस ने उन्हें वहां से तितर-बितर कर दिया। बताया जाता है कि युवक का अपनी कनिष्ठ रही 22 वर्षीय युवती के साथ स्कूल के दिनों से ही प्रेम प्रसंग था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवती के परिजन इस रिश्ते के खिलाफ थे और उन्होंने लगभग चार महीने पहले भी छात्र को धमकी दी थी। हालांकि, उस वक्त इस संबंध में पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। अधिकारी के मुताबिक, चिलकलगुडा में छात्र जब कमरे में अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट मैच देख रहा था, तभी युवती के भाई, जीजा और कुछ अन्य रिश्तेदारों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

### पहलगाम हमले की बरसी पर अमेरिका में भारतीय दूतावास की प्रदर्शनी

**कोलकाता :** भारतीय दूतावास, वाशिंगटन डीसी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर वाशिंगटन डीसी में 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' विषय पर विशेष प्रदर्शनी आयोजित की। भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।प्रदर्शनी का उद्देश्य 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 26 पीड़ितों को श्रद्धांजलि देना और सीमा पार आतंकवाद के दुष्प्रभावों को उजागर करना था। कार्यक्रम में अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रवासी भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।डिजिटल प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम विस्फोट और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों समेत दुनिया भर की बड़ी आतंकी घटनाओं को दर्शाया गया। इसमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों की भूमिका का भी उल्लेख किया गया।भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य निर्दोष पीड़ितों की स्मृति को सम्मान देना और भारत-अमेरिका आतंकवाद विरोधी साझेदारी को मजबूत करना है।इस मौके पर राजदूत क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के अटूट संकल्प को स्पष्ट किया है।

### भाजपा विधायक दल 10 मई को असम के अगले मुख्यमंत्री का चुनाव करेगा

**गुवाहाटी :** निवर्तमान मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा विधायक दल असम विधानसभा के नये नेता का चुनाव करने के लिए 10 मई को बैठक करेगा। उन्होंने बताया कि नयी सरकार 12 मई को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में शपथ ग्रहण करेगी। शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि नये नेता का चुनाव पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और सह-पर्यवेक्षक एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में होगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा नेता के चुने जाने के बाद, राजग के सहयोगी दल - बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) - इसकी पुष्टि करेंगे। इसके बाद, निर्वाचित भाजपा नेता राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।''

### प्रधानमंत्री मोदी सोमनाथ मंदिर में आयोजित 'अमृत महोत्सव' समारोह में भाग लेंगे

**सोमनाथ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मई को गुजरात के वेरावल स्थित प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में आयोजित 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में भाग लेंगे। राज्य के एक मंत्री ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह समारोह भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। गुजरात के कैबिनेट मंत्री जीतू वाघाणी ने कहा, ''11 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक मंदिर में आयोजित अमृत महोत्सव में भाग लेंगे।'' उन्होंने बताया कि मोदी 10 मई को रात 9:30 से 9:45 बजे के बीच हैदराबाद से जामनगर पहुंचेंगे और लाल बंगला सर्कल पर विधायक रिवाबा जडेजा, सांसद पूनम मादम और अन्य भाजपा नेताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जामनगर में रात्रि विश्राम करेंगे और 11 मई को सोमनाथ के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा, ''एक हजार साल पहले हुए विनाश के बावजूद, अटूट आस्था का प्रतीक सोमनाथ मंदिर आज भी खड़ा है। हम सोमनाथ विरासत की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में मनाएंगे, जो उस दिन को चिह्नित करता है जब सरदार वल्लभभाई पटेल ने मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था।'' उन्होंने बताया कि मोदी सोमनाथ स्थित हेलीपैड से वीर हमीरजी गोहिल की प्रतिमा तक रोड शो करेंगे।

### इस साल विधानसभा चुनाव लड़ने वाले तृतीय लिंग के दोनों उम्मीदवार हारे : निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** पांच राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में तृतीय लिंग के दो उम्मीदवारों (एक केरल में और एक तमिलनाडु में) ने किस्मत आजमाई। हालांकि, उनमें से एक को भी जीत नसीब नहीं हो सकी। निर्वाचन आयोग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह बात सामने आई है। आयोग ने बताया कि तृतीय लिंग के दोनों उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई। केरल और तमिलनाडु में साल 2021 में हुए विधानसभा चुनावों में भी इसी तरह का रुझान देखने को मिला था। केरल में 2021 में तृतीय लिंग के एक उम्मीदवार ने चुनाव लड़ा था। हालांकि, वह अपनी जमानत तक नहीं बचा पाया था। वहीं, तमिलनाडु में पिछले विधानसभा चुनाव में तृतीय लिंग के दो उम्मीदवार मैदान में उतरे थे। हालांकि, दोनों की जमानत जब्त हो गई थी। अप्रैल 2026 में असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हुए, जिनके परिणाम चार मई को घोषित किए गए। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, बंगाल चुनाव के पहले चरण में तृतीय लिंग के 56.79 फीसदी और दूसरे चरण में 91.28 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। आयोग के अनुसार, राज्य में तृतीय लिंग के कुल 1,257 मतदाता हैं, जिनमें से 465 ने चुनाव के पहले चरण में और 792 ने दूसरे चरण में वोट डाले। आयोग ने बताया कि पुडुचेरी में तृतीय लिंग के 139 मतदाता हैं और वहां मतदान में इस श्रेणी के मतदाताओं की भागीदारी सबसे ज्यादा 91.81 फीसदी दर्ज की गई। आयोग के मुताबिक, तमिलनाडु में तृतीय लिंग के 7,728 मतदाता हैं, जिनमें से केवल 60.49 प्रतिशत ने 23 अप्रैल को हुए मतदान में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। आयोग ने बताया कि तृतीय लिंग के 343 मतदाताओं वाले असम और 277 मतदाताओं वाले केरल में इस वर्ग के मतदाताओं का मतदान प्रतिशत क्रमश: 36.84 फीसदी और 57.04 फीसदी दर्ज किया गया।

# सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं पर्वतीय बचावकर्मी : राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सीमा की रक्षा करते हुए सैनिक अभूतपूर्व कठिनाइयों का सामना करते हैं, और उनकी सुरक्षा कई बार पर्वतीय बचावकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर सुनिश्चित करते हैं। सिंह ने भारत के अग्रणी पर्वतीय बचाव संगठन 'तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू (टीएमआर)' की ओर से यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 'राष्ट्र के लिए मौन सेवा का एक दशक' शीर्षक वाली फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जो टीएमआर की 10 साल की समर्पित सेवा के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। उन्होंने इस मौके पर कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में टीएमआर के साहस, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की सराहना की। उन्होंने कहा, सीमाओं की रक्षा करते हुए हमारे सैनिक अभूतपूर्व कठिनाइयों का सामना करते हैं। कई बार तो प्रकृति भी उनके खिलाफ खड़ी हो जाती है। ऐसे में ये पर्वतीय बचावकर्मी ही अपनी जान जोखिम में डालकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना की संयुक्त कार्रवाई को दर्शाया: राजनाथ सिंह

**जयपुर/नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के हितों की रक्षा के लिए भारतीय सेना की तेज, सटीक और संयुक्त कार्रवाई का सबूत है। साथ ही, उन्होंने सेना से किसी भी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। सिंह ने जयपुर में संयुक्त सैन्य कमांडर सम्मेलन में अपने भाषण में यह बात कही। इस सम्मेलन में बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा हालात के मद्देनजर तीनों सेनाओं की युद्ध की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई।

### बच्चों के खिलाफ 10 साइबर अपराध में से नौ मामले अश्लील चित्रण की सामग्री वाले: एनसीआरबी के आंकड़े

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में भारत में बच्चों के खिलाफ हुए प्रत्येक 10 में से लगभग नौ साइबर अपराधों में बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री भेजना शामिल था। एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों से पता चला है कि देश भर में कुल मिलाकर अपराध में कमी आने के बावजूद बच्चों के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। साल 2024 में पूरे भारत में बच्चों के खिलाफ अपराध के कुल 1,87,702 मामले दर्ज किए गए थे, जो 2023 के 1,77,335 मामलों से 5.8 प्रतिशत अधिक थे। इसके उलट, पिछले चार साल में भारत में कुल अपराध में लगभग 10.8 प्रतिशत की कमी आई है, जो 2020 में 66.01 लाख मामलों से घटकर

2024 में 58.86 लाख मामले हो गए। इसी दौरान, बच्चों के खिलाफ अपराध 2020 में 1,28,531 मामलों से बढ़कर 2024 में 1,87,702 हो गए जो 46 प्रतिशत से अधिक की चिंताजनक बढ़ोतरी दर्शाती है। 'चाइल्ड राइट्स एंड यू' (क्राई) संस्था द्वारा एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2024 में बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत 1,238 मामले दर्ज किए गए, जो बच्चों के खिलाफ सभी अपराध का लगभग 0.7 प्रतिशत हैं। इनमें से 1,099 मामलों में बच्चों का अश्लील तरीके से चित्रण करने वाली सामग्री प्रकाशित या प्रसारित की गई जबकि बाकी सभी श्रेणियों के कुल मामले सिर्फ 139 थे। क्राई के राज्य-वार एनसीआरबी डेटा के विश्लेषण के अनुसार, छत्तीसगढ़ में बच्चों के खिलाफ सबसे ज़्यादा 268 साइबर अपराध के मामले दर्ज किए गए। इसके बाद राजस्थान (174), दिल्ली (151), उत्तर प्रदेश (137) और केरल (92) का स्थान रहा। इन पांच राज्यों में कुल मिलाकर देश में दर्ज ऐसे सभी मामलों का 66.4 प्रतिशत हिस्सा था।

### अलीगढ़ में मगरमच्छ के हमले से बच गई किशोरी, घायल होने के बाद भी बची जान

**अलीगढ़ (उप्र):** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए 19 वर्षीय एक लड़की ने मगरमच्छ के हमले का मुकाबला किया और उसके जबड़े से अपना हाथ छुड़ाने में कामयाब रही। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अतरौली कस्बे के पास एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों के अनुसार, यह घटना बृहस्पतिवार को अलीगढ़-बुलंदशहर सीमा के निकट गंगा की सहायक काली नदी के तट पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुमन (19) रायपुर मुफ्ता गांव के पास घास काट रही थी, तभी एक मगरमच्छ अचानक सामने आया और उसने उसका दाहिना हाथ पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि मगरमच्छ के हमले के बावजूद, लड़की ने शोर मचाया और खुद को बचाने की कोशिश में अपने बाएं हाथ से मगरमच्छ की आंखों में मुक्का मारना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि उसकी चाची ट्रोपा, जो पास में घास काट रही थी, उसकी मदद के लिए दौड़ी और दरांती से सरीसृप की आंख पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

### झारखंड के पलामू में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत

**मेदिनीनगर:** झारखंड के पलामू जिले में शुक्रवार को एक जर्जर मकान की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे बिश्रामपुर पुलिस थाना क्षेत्र के पहाड़ गेरुआ गांव में घटी। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान सतीश बैठा (20) और दुखी भुइयां (60) के रूप में हुई है। सतीश मकान मालिक प्रदीप उर्फ गटौरी बैठा का पुत्र है जबकि भुइयां गांव का मजदूर था। बिश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया, पीड़ित लोग पानी पी रहे थे तभी अचानक दीवार गिर गई और वे मलबे के नीचे दब गए। मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सतीश को मेदिनीराई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब परिसर में मरम्मत का काम चल रहा था। दुबे ने बताया, मरम्मत के काम में तीन से चार मजदूर लगे हुए थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बारिश के कारण दीवार कमजोर हो गई थी। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बुलंदशहर में सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत

**बुलंदशहर (उप्र):** बुलंदशहर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तम कुमार (45), उनकी पत्नी उर्मिला (40) और बच्चे निशान्त (आठ), दिशा (छह) एवं अनायरा (छह) के रूप में हुई है जो धमैडा कीरत गांव के निवासी थे। उन्होंने कहा कि उत्तम कुमार किसी से मोटरसाइकिल लेकर खुर्जा गए थे और लौटते समय रास्ते में यह हादसा हो गया। एसएसपी के अनुसार, मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। पुलिस का कहना है कि मौके से हरियाणा नंबर की एक ट्रक की नंबर प्लेट मिली है, जिसके आधार पर ट्रक की तलाश की जा रही है। जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सिंह ने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

### बिहार के सारण में ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर में तीन की मौत, नौ घायल

**छपरा:** बिहार के सारण जिले में शुक्रवार को एक पिकअप वाहन और ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के बनवार ढाला के पास हुई। दाउदपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, शुक्रवार तड़के 12 लोगों को लेकर जा रहा एक पिकअप वाहन बनवार ढाला के पास एक ट्रक से टकरा गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने कहा, पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# शिकायतों का त्वरित निस्तारण एवं सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी तत्वों की निगरानी करें : डीजीपी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जन-शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित करें, सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी और जाति आधारित सामग्री की निगरानी करें तथा गौहत्या, पशु तस्करी, हत्या और डकैती जैसे गंभीर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई तेज करें। राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में राज्य के सभी जोनल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों (एडीजी), पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी), पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी)/पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ ऑनलाइन अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में डीजीपी ने जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण, सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी तत्वों की निगरानी और नव नियुक्त 60,244 आरक्षियों के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने उनके लिए उचित प्रशिक्षण, आवास और भोजन सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक में जन शिकायतों और आईजीआरएस मामलों के निपटारे, जांचों की गुणवत्ता, समयबद्धता और शहर में यातायात की भीड़ कम करने, अभियानों के कार्यान्वयन, डूबने की घटनाओं की रोकथाम और ई-समन और ई-साक्ष्य प्रणालियों के उपयोग की समीक्षा की गई। उत्तर प्रदेश के क्राइम इन इंडिया 2024 रिपोर्ट में प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कृष्णा ने कहा कि सकारात्मक परिणाम पुलिस कर्मियों की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस बल बेहतर परिणाम देना जारी रखेगा। डीजीपी ने अधिकारियों को थाना और चौकी स्तर पर शिकायतों की नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से महिलाओं से संबंधित और पारिवारिक विवादों के प्रभावी निपटारे पर जोर दिया।

### दो दिनों में 35 पुलिस मुठभेड़: तीन अपराधी ढेर, 36 घायल, कई गिरफ्तार

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पिछले दो दिनों में मुठभेड़ की 35 कार्रवाइयां कीं तथा इस दौरान तीन कथित अपराधी मारे गए, 36 से अधिक घायल हुए और 60 से ज्यादा संदिग्ध गिरफ्तार किए गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने कहा कि यह कार्रवाई राज्य सरकार की ''अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति'' और संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान ऐसे समय में चलाया गया जब एनसीआरबी की 'क्राइम इन इंडिया 2024' रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में अपराध दर प्रति एक लाख आबादी पर 180.2 है, जबकि राष्ट्रीय औसत 252.3 से कम है।

## न्यूज अपडेट

### शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बंगाल प्रगति करेगा: चंपई सोरेन

जमशेदपुर: झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शुक्रवार को विश्वास व्यक्त किया कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल प्रगति और विकास के नए मानक स्थापित करेगा। अधिकारी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता चुने गए। वह शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर शुभेंदु अधिकारी जी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन और आपके सक्षम नेतृत्व में पश्चिम बंगाल प्रगति और विकास के नए मानक स्थापित करेगा। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत करने में महिलाओं की भूमिका की सराहना करते हुए सोरेन ने कहा कि पार्टी के लिए अनुकूल माहौल बनाने में महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, गांवों में स्वागत समारोहों से लेकर नुक्कड़ सभाओं तक, भाजपा के लिए समर्थन जुटाने में महिला शक्ति ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई। सोरेन ने आरोप लगाया कि कई मामलों में महिला समर्थकों के परिवार के सदस्यों को झूठे मुकदमों में फंसाया गया, जबकि कुछ महिलाएं तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा बढ़ते अत्याचारों से परेशान थीं। उन्होंने दावा किया कि कुछ महिलाएं सामाजिक ताने-बाने पर हो रहे अतिक्रमणों से प्रभावित थीं, जबकि कुछ कारखानों के बंद होने के कारण हो रहे पलायन को रोकना चाहती थीं।

### गोरखपुर जिले में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, चार अन्य घायल

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के गगहा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार देर रात यह हादसा तब हुआ जब राजमार्ग पर एक नीलगाय से बचने की कोशिश में एक 'बोलेरो' गाड़ी अनियंत्रित हो गई। पुलिस का कहना है कि गाड़ी पहले डिवाइडर से टकराई, फिर विपरीत लेन में चली गई और लगभग 100 मीटर तक फिसलने के बाद एक खड़ी रोड रोलर से जा टकराई। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई तथा आगे की सीट पर बैठे विजय नारायण तिवारी (65) का शव टूटी हुई खिड़की से बाहर लटका हुआ मिला, जबकि उन्नति तिवारी (18) और शिवम तिवारी (20) गाड़ी के अंदर फंसे रह गए और उनकी सांस थम गई। पुलिस के अनुसार यह परिवार गोरखपुर जिले के कौड़ीराम में हरिखोरा में एक धार्मिक समारोह और भोज में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। नित्यानंद तिवारी ने बताया कि उनके पिता विजय नारायण, उनकी पत्नी साधना (35), भतीजी उन्नति (18), रिश्तेदार नर्मदा (70), भांजा शिवम (20) और शशांक पांडे बोलेरो गाड़ी से लौट रहे थे तथा कोठा निवासी अनिल त्रिपाठी (21) गाड़ी चला रहा था। पुलिस के अनुसार, मझगांवा पुल के पास अचानक राजमार्ग पर एक नीलगाय आ गई तथा उसे बचाने के चक्कर में चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। बचाव दल ने घायलों - साधना, शशांक, नर्मदा और चालक अनिल को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

### प्रयागराज में साधु संतों ने संगम ब्रांड नाम से शराब बेचे जाने पर आक्रोश जताया

**प्रयागराज:** प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम के नाम पर एक शराब कंपनी द्वारा शराब का नाम रखकर बेचे जाने पर साधु संतों ने कड़ी नाराजगी जताई है और यह शराब बाजार से नहीं हटाए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। भारद्वाज आश्रम पर यहां प्रदर्शन कर रहे जगद्गुरु रामानुजाचार्य शांडिल्य महाराज ने पत्रकारों से कहा, हमारे सनातन धर्म में प्रयागराज तीर्थ में स्थित गंगा, यमुना, सरस्वती के मिलन स्थल का नाम संगम है। उन्होंने कहा, पूरे विश्व में संगम क्षेत्र की बड़ी महिमा है और पूरे विश्व के लोग यहां का जल लेकर जाते हैं। आज यह स्थिति हो गई है कि संगम के नाम पर मदिरा बनाने वाली एक कंपनी शराब बेच रही है। शांडिल्य महाराज ने कहा, शराब कंपनी के इस कृत्य को लेकर साधु संतों में बहुत आक्रोश है। हमारी योगी सरकार से मांग है कि तत्काल इस पर कठोर कार्रवाई करे और जो भी इसमें दोषी हैं, सभी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा, हमारी पूर्व में भी मांग रही है और फिर से हम यह मांग करते हैं कि संगम क्षेत्र से पांच किलोमीटर के दायरे में मांस मदिरा की बिक्री पर योगी सरकार प्रतिबंध लगाए। अखिल भारतीय दंडी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज का कहना है कि कुछ अराजक तत्वों ने तीर्थराज प्रयागराज के संगम के नाम पर अपनी शराब का नाम रखा है। यह विद्रोह पैदा करने वाला कृत्य है और सभी साधु संत इसको लेकर बहुत आक्रोशित हैं।

### मुख्यमंत्री आवास बम से उड़ाने की धमकी देने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज (उप्र):** प्रयागराज पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को फंसाने के उद्देश्य से उसके नाम का उपयोग कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आवास बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। डीसीपी (गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितेश कटियार ने पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को फंसाने के उद्देश्य से उसके नाम का दुरूपयोग करते हुए 'वाट्सऐप' पर मुख्यमंत्री के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी कर जान से मारने की धमकी दी थी।

### बीपीएससी 'टीआरई-4' परीक्षा में देरी के विरोध में प्रदर्शनरत विद्यार्थियों पर पुलिस का बल प्रयोग

**पटना:** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 की अधिसूचना जारी करने में हो रही देरी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को तितर-बितर करने के लिए पटना पुलिस ने शुक्रवार को बल प्रयोग किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पटना के पुलिस अधीक्षक (एसपी-मध्य) दीक्षा ने कहा, ''प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया।'' हालांकि, विद्यार्थियों का आरोप है कि पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज भी किया। बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 के अभ्यर्थियों ने बड़ी संख्या में पटना महाविद्यालय से विरोध मार्च निकाला था और वे डाकबंगला चौराहा की ओर बढ़ रहे थे, इसी दौरान गांधी मैदान के पास पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बिहार में बीपीएससी टीआरई-4 परीक्षा के माध्यम से 46 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की उम्मीद है, लेकिन परीक्षा की अधिसूचना अप्रैल 2026 की तय समयसीमा के बाद भी जारी नहीं की गयी है। शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने वाले शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बीपीएससी टीआरई-4 समेत सभी लंबित भर्तियां जल्द पूरी की जाएंगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'अब कोई भी भर्ती लंबित नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मैं यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगा कि शिक्षा क्षेत्र बिहार के समग्र विकास की मजबूत नींव बने।' तिवारी ने कहा, 'पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की थी तथा नई सरकार इसे और आगे बढ़ाएगी।' प्रदर्शन मार्च का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता दिलीप कुमार ने पूर्व शिक्षा मंत्री सुनील कुमार पर अभ्यर्थियों को झूठा आश्वासन देने का आरोप लगाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि तिवारी इस मुद्दे का शीघ्र समाधान करेंगे।

### विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता राहुल-अखिलेश का असली चेहरा बेनकाब कर देगी : मौर्य

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता इन दोनों का असली चेहरा पूरी तरह बेनकाब कर देगी और प्रदेश कांग्रेस-सपा मुक्त होगा। मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की 'जोड़ी' ने 2024 के लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण समाप्त करने का 'झूठा ढिंढोरा' पीटकर जनता को गुमराह करने का 'महापाप' किया था।' मौर्य ने दावा किया,'यदि यह दुष्प्रचार नहीं किया गया होता, तो उत्तर प्रदेश में दोनों दलों का खाता भी बमुश्किल ही खुल पाता। लेकिन अब दोनों की पोल खुल चुकी है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता इन दोनों का असली चेहरा पूरी तरह बेनकाब कर देगी और प्रदेश कांग्रेस-सपा मुक्त होगा।' उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व में हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार के बाद असम और पश्चिम बंगाल की तरह उत्तर प्रदेश में भी 'कमल ही कमल' खिलेगा।

### बिहार में जातिवाद और वंशवाद की राजनीति कर रहा राजग : तेजस्वी यादव

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को बिहार के सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर राज्य में जातिवाद और वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने यहां पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता में यह भी आरोप लगाया कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव के बाद बनी राजग सरकार 'अस्थिरता' और 'निष्क्रियता' से घिरी हुई है। यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा,' वह मुझे युवराज कहते थे। लेकिन हाल में बने मंत्रिमंडल में कम से कम 17 मंत्री वंशवाद की राजनीति की उपज हैं।'' उन्होंने कहा कि वर्तमान मंत्रिमंडल में तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों को मंत्री बनाया गया है। उनका इशारा निशांत कुमार, संतोष कुमार सुमन और नीतीश मिश्र की ओर था। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार और उपेंद्र कुशवाहा के पुत्रों को बिना चुनाव लड़े मंत्री बना दिया गया। उन्होंने दावा किया, 'निकट भविष्य में आप दोनों उपमुख्यमंत्रियों के पुत्रों को भी सक्रिय राजनीति में आते देखेंगे।'' यादव ने कहा कि अब राजग नेताओं को वंशवाद की राजनीति पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने सहयोगी दलों में व्याप्त वंशवाद भी देखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार मंत्रिमंडल में मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व काफी कम कर दिया गया है। यादव ने कहा, 'पूर्व मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री रहे विजय कुमार सिन्हा जातीय राजनीति के शिकार हुए हैं। जातीय समीकरण में फिट नहीं बैठने के कारण उनकी वरिष्ठता कम कर दी गई। राजद शासन में सात-आठ मुस्लिम मंत्री हुआ करते थे, लेकिन अब उनकी संख्या काफी कम हो गई है।' उन्होंने कहा कि भाजपा नेता महिला आरक्षण को लेकर काफी बातें करते हैं, लेकिन मंत्रिमंडल में पर्याप्त संख्या में महिलाओं को जगह नहीं दी गई। राजद नेता ने दावा किया, ''उन्होंने मंत्रिमंडल में 33 प्रतिशत महिलाएं क्यों नहीं रखीं।

### अब लड़ाई केवल चुनाव प्रक्रिया बचाने की नहीं, बल्कि देश को बचाने की है: अखिलेश यादव

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल दौरे के बाद शुक्रवार को कहा कि चुनावी महाधांधली और महाबेईमानी देखकर लगा कि अब लड़ाई केवल चुनाव प्रक्रिया बचाने की नहीं, बल्कि देश को बचाने की है। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार यादव ने कहा कि आज देश उन हाथों में है जो संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, स्वतंत्रता, समता, न्याय, गरिमा, एकता-अखंडता, सद्भाव, बंधुत्व, महिलाओं के मान-सम्मान तथा युवाओं, किसानों, मजदूरों, शोषित, वंचित और गरीब, यानी पीडीए के हक और अधिकारों के घोर विरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपाई और उनके संगी-साथी आजादी से पहले भी देश के विरोधी थे और आजादी के बाद भी ऐसे ही हैं। यादव ने कहा,'अब देशवासियों को समझना होगा कि देश की एकता और व्यवस्था को कमजोर करने वाले ये लोग किसके एजेंट हैं? स्वदेशी की बात कर विदेश से पैसा लेने वाले ये लोग कौन हैं? ये संगठन गैर पंजीकृत क्यों हैं और भूमिगत क्यों रहते हैं? कोविड के नाम पर जमा चंदे का हिसाब क्यों नहीं देते हैं?' उन्होंने पूछा,' योजना आयोग खत्म कर देश का विकास क्यों रोका गया? शिक्षा पर कब्जा कर देश की मानसिक शक्ति खोखली क्यों की जा रही है? सरकारी स्कूल बंद कर आम जनता के बच्चों को अनपढ़ रखने का षड्यंत्र क्यों रचा गया?'' उन्होंने कहा कि विश्वगुरु का दावा करने वाले, विदेश भागे देश के लुटेरों को वापस क्यों नहीं ला रहे? उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिकता फैलाकर एकता तोड़ने और राजनीतिक दलों को तोड़कर राज-व्यवस्था नेस्तनाबूद करने पर वे क्यों आमादा हैं?

### अभिनेत्री आकांक्षा दूबे की मृत्यु के मामले में आरोपियों

**प्रयागराज:** अभिनेत्री आकांक्षा दूबे की संदिग्ध स्थिति में मृत्यु के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कथित आरोपियों-समरजीत सिंह उर्फ समर सिंह और संजय सिंह को नोटिस जारी किया तथा इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 22 मई तय की। भोजपुरी अभिनेत्री की मृत्यु के मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग करते हुए दायर की गयी एक याचिका में आरोप लगाया गया है कि अभिनेत्री की मृत्यु खुदकुशी नहीं थी, बल्कि हत्या थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की पीठ ने वाराणसी के सारनाथ थाने के प्रभारी को जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा और हलफनामा दाखिल करने में विफल रहने पर वह अगली तिथि पर अदालत के समक्ष पेश होंगे। इससे पूर्व, शुक्रवार का दिन निर्णय देने के लिए तय किया गया था, लेकिन अदालत ने कहा कि कुछ बिंदुओं पर नए सिरे से सुनवाई आवश्यक है, इसलिए अगली तिथि 22 मई तय की। वर्ष 2023 में आकांक्षा दूबे का शव सारनाथ के एक होटल में पाया गया था। अभिनेत्री की मां ने समर सिंह और संजय सिंह पर अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया।

### बिहार में 11 नए उपनगरीय शहर बसाने की योजना : मंत्री नीतीश मिश्र

**पटना:** बिहार के विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्र ने शुक्रवार को कहा कि सरकार 11 नए उपनगरीय शहर बसाने की योजना पर काम कर रही है और इसके लिए स्थलों की पहचान भी कर ली गई है। उन्होंने इसे राज्य के शहरी विकास की दिशा में एक महत्वाकांक्षी और दूरगामी पहल बताया। मिश्र ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रोहतास में भी एक उपनगरीय शहर बसाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य शहरी क्षेत्रों के 'मास्टर प्लान' भी तैयार किए जाएंगे, ताकि आगामी 50 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा सके। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बिहार के शहरी क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हुआ है और राज्य में शहरीकरण का स्तर लगभग 17 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में शहरी विकास को सुव्यवस्थित और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाना आवश्यक है। मिश्र ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन, बिजली व्यवस्था, निगरानी, स्वच्छता और आधुनिक नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में विभाग लगातार कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है और वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी शहर उस राज्य के सुशासन और विकास का प्रतिबिंब होता है। मिश्र ने कहा कि बिहार आने वाला कोई भी व्यक्ति सबसे पहले पटना और अन्य शहरों को देखकर राज्य के विकास की छवि अपने मन में बनाता है।

### संभल में कथित रंगदारी वसूलने वाले 'बाबा गैंग' के छह आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र):** उत्तर प्रदेश के संभल में पुलिस ने कथित तौर पर शौक और मौज-मस्ती के लिए लोगों से रंगदारी वसूलने वाले 'बाबा गैंग' का भंडाफोड़ करते हुए शुक्रवार को उसके छह सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इस गिरोह में 25-30 युवा हैं, जो व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर 'बाबा गैंग' नाम से ग्रुप चलाते थे। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी-दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने बताया कि छह मई को जूनावई थानाक्षेत्र के रामपाल ने तहरीर दी थी कि अंकित, अवधेश और 10-15 अज्ञात लोगों ने उनसे एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी तथा रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। रावत के अनुसार इस तहरीर पर थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया तथा जांच के बाद आज गैंग के छह सदस्यों-- अंकित, अवधेश, कुलदीप, अमन, सुरेंद्र और प्रिंस को गिरफ्तार किया गया। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने 25-30 युवाओं का 'बाबा' नामक एक ग्रुप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर बना रखा है।

### राजस्थान के सवाई माधोपुर से नर चीते को वापस कूनो लाया गया

**श्योपुर:** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले से शुक्रवार को एक नर चीते को सफलतापूर्वक वापस कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) लाया गया। मध्यप्रदेश के वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'केएपी12' नामक इस चीते को सुरक्षित तरीके से यहां केएनपी लाया गया और बाद में उसे फिर से जंगल में छोड़ दिया गया। अधिकारी के अनुसार, पिछले साल पांच फरवरी को जंगल में छोड़ा गया यह चीता पिछले कुछ दिनों से मानव आबादी वाले इलाके में पहुंच गया था। उन्होंने कहा, ''चीते और स्थानीय लोगों दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे वापस केएनपी लाने का फैसला किया गया। केएनपी प्रबंधन इस अभियान में सहयोग और समर्थन के लिए राजस्थान वन विभाग का आभारी है।'' छह मई को भी राजस्थान के झालावाड़ से नर चीते को बचाया गया था। धरती पर सबसे तेज दौड़ने वाले जानवर माने जाने वाले चीते 1950 के दशक में भारत से विलुप्त हो गए थे। वर्ष 2022 में शुरू की गई महत्वाकांक्षी पुनर्स्थापन परियोजना के बाद मध्यप्रदेश अब चीतों का घर बन गया है।

# बिहार: मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों ने संभाला कार्यभार, गिनाईं सरकार की प्राथमिकताएं

**पटना:** बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शुक्रवार को नवनियुक्त मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों का कार्यभार संभाला और सरकार की प्राथमिकताओं को लोगों के सामने सामने रखा। मंत्रियों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, सहकारिता, समाज कल्याण और जन वितरण प्रणाली समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार एवं पारदर्शिता लाने की बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता निशांत कुमार ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद निशांत कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सरकारी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह बनने और सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने के निर्देश दिए। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता तक त्वरित सेवा पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उसे रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ा जाएगा। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधर

## यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पुष्टि की थी कि विनेश ने आईटीए को संन्यास के बारे में बताया था

**नयी दिल्ली :** यूनाइटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के डोपिंग रोधी विभाग की एक सूचना में दिसंबर 2024 में साफ तौर पर माना गया था कि विनेश फोगाट ने अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) को अपने संन्यास की जानकारी दे दे थी जबकि इस पहलवान के पति सोमबीर राठी ने दावा किया था कि उन्होंने आधिकारिक तौर से संन्यास की घोषणा नहीं की थी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शुक्रवार को कहा कि एक गलत खबर फैलाई जा रही है कि उसने विनेश को मुकाबला करने से रोकने के लिए एशियाई खेलों के लिए अपने चयन मानदंड बदल दिए हैं। विनेश के पति सोमबीर ने शुक्रवार को एक वेबसाइट से बात करते हुए दावा किया कि उन्होंने आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा नहीं की है और इसलिए वाडा का नियम 5.6.1 उनके मामले में लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि विनेश ने सिर्फ सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की पोस्ट की है। लेकिन यूडब्ल्यूडब्ल्यू डोपिंग रोधी द्वारा 20 दिसंबर 2024 को पहलवान को भेजे गए ईमेल में लिखा था, ''हमने आपके संन्यस पर ध्यान दिया है जिसकी जानकारी 20.12.2024 को आईटीए को दे दी गई थी। '' मेल में विनेश को यह भी बताया गया कि उन्हें 'रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल' (आरटीपी) से हटा दिया गया है और अब उन्हें अपने रहने की जगह की जानकारी देने की जरूरत नहीं है। इसमें यह भी साफ तौर पर बताया गया था कि अगर वह सक्रिय भागीदारी में वापस आना चाहती हैं तो वह विश्व डोपिंग रोधी संहिता के अनुच्छेद 5.6.1 के अनुसार आईटीए या अंतरराष्ट्रीय महासंघ को छह महीने पहले नोटिस देकर जांच के लिए 'खुद को उपलब्ध कराने तक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगी। '

# एलेन के आक्रामक शतक से केकेआर ने दिल्ली को हराकर उम्मीदें कायम रखी

**नयी दिल्ली :** फिन एलेन के विस्फोटक शतक और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के अहम मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की टीम आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। जवाब में केकेआर ने लक्ष्य 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।न्यूजीलैंड के बल्लेबाज फिन एलेन ने 47 गेंदों में नाबाद 100 रन की आतिशी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 10 छक्के लगाए। एलेन ने



मुकेश कुमार की गेंद पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया और टीम को जीत भी दिलाई। कप्तान अजिंक्य रहाणे जल्दी रन आउट हो गए, जबकि अंगकृष रघुवंशी भी ज्यादा देर नहीं टिक सके। इसके बाद एलेन ने कैमरन ग्रीन के साथ मिलकर मैच पूरी तरह केकेआर के पक्ष में कर दिया।इस जीत के साथ केकेआर 10 मैचों में नौ अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं दिल्ली की टीम 11 मैचों में आठ अंक के साथ प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है।दिल्ली के लिए पाथुम निसांका ने 29 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि आशुतोष शर्मा ने 39 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। केकेआर के लिए अनुकूल रॉय और कार्तिक त्यागी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने कसी हुई गेंदबाजी कर दिल्ली के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

## राजस्थान रॉयल्स से आगे निकलने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

**जयपुर :** शानदार लय में चल रही गुजरात टाइटंस की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में जीत दर्ज कर अंक तालिका में बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों ने अब तक 10 मैचों में छह-छह जीत हासिल की हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर राजस्थान फिलहाल गुजरात से ऊपर है।गुजरात टाइटंस लगातार तीन मैच जीतकर आत्मविश्वास से भरी हुई है। कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं और 378 रन बना चुके हैं। साई सुदर्शन ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन

किया है और वह 385 रन के साथ टीम के प्रमुख बल्लेबाज बने हुए हैं। जोस बटलर की निरंतरता ने गुजरात के शीर्ष क्रम को और मजबूत बनाया है।गुजरात की गेंदबाजी भी उसकी बड़ी ताकत रही है। कैगिसो रबाडा 16 विकेट लेकर तेज आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने भी अहम योगदान दिया है।दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स को पिछले पांच मैचों में तीन हार का सामना करना पड़ा है। कप्तान रियान पराग ने पिछले मैच में 90 रन बनाए थे, लेकिन टीम 225 रन का बड़ा स्कोर भी बचा नहीं सकी। वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मध्यक्रम अपेक्षा के अनुरूप योगदान नहीं दे पाया है।सवाई मानसिंह स्टेडियम में इस सत्र में बड़े स्कोर आसानी से हासिल हुए हैं। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकती है।

## डायमंड हार्बर की शानदार वापसी, राजस्थान यूनाइटेड को 5-2 से हराकर खिताब के करीब पहुंची

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल) :** डायमंड हार्बर एफसी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) चैंपियनशिप में राजस्थान यूनाइटेड एफसी को 5-2 से हराकर खिताब के करीब पहुंच गई। राजस्थान यूनाइटेड के लिए जेरार्ड आर्टिगास ने पांचवें और 27वें मिनट में गोल कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था, लेकिन इसके बाद टीम की रक्षापंक्ति पूरी तरह बिखर गई और डायमंड हार्बर ने पांच गोल दाग दिए। केविन अडेमोला (40वां, 53वां मिनट) और ह्यूगो डियाज रोड्रिगेज (47वां, 90वां मिनट) ने दो-दो गोल किए, जबकि वाहेंगबाम अंगौसाना लुवांग ने 88वें मिनट में एक गोल दागा।

## खिलाड़ियों के कमरों में अनधिकृत प्रवेश पर रोक, बीसीसीआई ने हनी ट्रैप, सुरक्षा जोखिम के प्रति चेताया

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और टीम अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर सख्त रोक लगा दी है। बोर्ड ने संभावित 'हनी ट्रैप', कानूनी विवाद और सुरक्षा जोखिमों का हवाला देते हुए सभी 10 फ्रेंचाइजियों को नई आचार संहिता का पालन करने का निर्देश दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया द्वारा फ्रेंचाइजियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मौजूदा सत्र में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ ने टीम मैनेजर की जानकारी या अनुमति के बिना बाहरी लोगों को अपने होटल कमरों में प्रवेश दिया। बोर्ड ने इसे गंभीर प्रोटोकॉल उल्लंघन मानते हुए तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है।नई व्यवस्था के तहत अब किसी भी खिलाड़ी या स्टाफ सदस्य के कमरे में किसी अन्य व्यक्ति को

प्रवेश देने से पहले टीम मैनेजर से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बीसीसीआई ने सभी टीमों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है, जिसका पालन पूरे टूर्नामेंट के दौरान करना होगा।पत्र में कहा गया है कि यदि इन घटनाओं को समय रहते नहीं रोका गया तो इससे आईपीएल, संबंधित फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। बोर्ड ने फ्रेंचाइजियों को विशेष रूप से 'हनी ट्रैपिंग' जैसे मामलों के प्रति सतर्क रहने को कहा है। बीसीसीआई के अनुसार, खिलाड़ियों और अधिकारियों को प्रेम, आकर्षण या भावनात्मक जाल में फंसाकर ब्लैकमेल या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में फंसाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।बीसीसीआई ने खिलाड़ियों और स्टाफ को बिना सूचना देर रात या अनियमित समय पर टीम होटल से बाहर जाने से भी रोका है। अब उन्हें बाहर जाने से पहले अपने सुरक्षा अधिकारी और टीम इंटीग्रिटी अधिकारी को जानकारी देनी होगी। बोर्ड ने साफ किया है कि दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर आर्थिक दंड, निलंबन या अयोग्यता जैसी कार्रवाई की जा सकती है।बोर्ड ने मैच के दौरान टीम मालिकों और उनके प्रतिनिधियों के व्यवहार पर भी नाराजगी जताई है। पत्र में कहा गया है कि कुछ फ्रेंचाइजी मालिक मैच के दौरान खिलाड़ियों से बातचीत करने, उन्हें गले लगाने या मैदान और डगआउट तक पहुंचने की कोशिश करते हैं, जो आईपीएल प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। अब मालिकों और उनके प्रतिनिधियों को ड्रेसिंग रूम, डगआउट और मैदान में खिलाड़ियों या टीम अधिकारियों से संपर्क करने से सख्ती से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## एशियाई अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप: भारत के पांच मुक्केबाज सेमीफाइनल में

**ताशकंद :** भारत के पांच मुक्केबाजों ने शुक्रवार को यहां एशियाई अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में यश यादव (50 किग्रा) ने किर्गिस्तान के कुबानिचबेक बोलुशोव को कड़े मुकाबले में 4-1 से हराया। वहीं निवेश पाल (54 किग्रा) ने जापान के शिंगेन कनाई के खिलाफ एकतरफा प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 70 किग्रा वर्ग में नमन कुमार ने दमदार प्रदर्शन करते हुए ताजिकिस्तान के रुजिबेक मिरावोटोव को 5-0 से हराया। लक्ष्य फोगाट (75 किग्रा) ने भी प्रभावशाली खेल दिखाते हुए चीनी ताइपे के चेंग-एन ली को 5-0 से शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह बनाई। अन्य मुकाबलों में करुंग अल्बर्टसन (60 किग्रा) को कजाखस्तान के एमिर मुखित के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। रणवीर (66 किग्रा) कजाखस्तान के इस्लाम सुलेमानोगली से 0-5 से हार गए, जबकि सिद्धांत (+80 किग्रा) भी कजाखस्तान के सबीरझान सागिम से 0-5 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। आज चार और पदक पक्के होने के साथ अंडर-17 बालक वर्ग में भारत की कुल पदक संख्या अब पांच हो गई है। भारतीय दल अब इस लय को बरकरार रखते हुए सेमीफाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने की कोशिश करेगा।

## शुरुआती दो गोल की बदौलत ओडिशा एफसी ने एससी दिल्ली पर अहम जीत दर्ज की

**नयी दिल्ली :** ओडिशा एफसी ने पहले हाफ में किए गए शुरुआती दो गोल की बदौलत शुक्रवार को यहां खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले में स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली को 2-1 से हराया। सुहैर वीपी ने चौथे मिनट में गोल कर ओडिशा को बढ़त दिलाई जबकि के लालरिनफेला ने 13वें मिनट में दूसरा गोल दागकर मेजबान टीम को शुरुआती झटका दिया। एससी दिल्ली के लिए माटिजा बाबोविच ने 74वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर अंतर कम कियौ लेकिन लंबे समय तक गेंद पर नियंत्रण बनाए रखने के बावजूद टीम बराबरी का गोल नहीं कर सकी। इस जीत के साथ ओडिशा एफसी 11 मैचों में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में 11वें स्थान पर पहुंच गई और उसने चेन्नईयिन एफसी तथा नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को पीछे छोड़ दिया।

## रुद्रांक्ष पाटिल ने कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता

**भोपाल :** महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल ने हरियाणा के रोहित कन्यान की कड़ी चुनौती को पार करते हुए शुक्रवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के इस युवा निशानेबाज ने फाइनल में 252.9 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि कन्यान ने 251.9 के साथ रजत पदक जीता। पश्चिम बंगाल के बैदुरिया बिस्वास को 230.8 से कांस्य पदक मिला। पश्चिम बंगाल के अश्मित चटर्जी ने 251.0 के स्कोर के साथ जूनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता जबकि उत्तर प्रदेश के पीयूष शर्मा ने 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। हरियाणा के रोहित कन्यान ने 229.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक

जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 254.4 के स्कोर के साथ युवा वर्ग का खिताब जीता और हरियाणा के प्रियांशु (249.7) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। हरियाणा के जतिन लांबा ने 228.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

## आईओए ने ईएफआई की तदर्थ समिति से कर्नल यादव को हटाया, अंदरुनी मतभेद सामने आए

**नयी दिल्ली :** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) का कामकाज संभाल रही तदर्थ समिति से कर्नल अशोक यादव (सेवानिवृत्त) को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। आईओए ने इस फैसले के पीछे समिति के भीतर सहयोग की कमी और अनुशासन संबंधी शिकायतों को वजह बताया है।ईएफआई में नए चुनाव कराने और महासंघ के कामकाज की निगरानी के लिए आईओए ने 27 मार्च को तदर्थ समिति बनाई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद गठित इस समिति की अध्यक्षता यशोधरा राजे सिंधिया कर रही थीं। समिति में फ्रांसिस्को लीमा, विदुष्पत सिंघानिया और कर्नल यादव भी शामिल थे।आईओए अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा

जारी आदेश में कहा गया कि खिलाड़ियों और अधिकारियों सहित कई हितधारकों से कर्नल यादव के व्यवहार और कार्यशैली को लेकर शिकायतें मिली थीं। आदेश के अनुसार उनका आचरण संस्थागत मर्यादा और सहयोग की भावना के अनुरूप नहीं था, जिससे समिति के कामकाज पर असर पड़ रहा था।हालांकि कर्नल यादव ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उन्हें इसलिए हटाया गया क्योंकि उन्होंने कुछ खास घुड़सवारों को फायदा पहुंचाने और चयन नियमों में बदलाव का विरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चयन मानदंडों में बार-बार बदलाव किए जा रहे थे और कुछ खिलाड़ियों को निशाना बनाया जा रहा था।यादव ने यह भी कहा कि मुख्य तकनीकी सलाहकार अधिराज सिंह की नियुक्ति बिना उचित चर्चा के की गई थी और ट्रायल प्रतियोगिताओं के नियम बदले गए। उन्होंने यशोधरा राजे सिंधिया और दिल्ली घुड़सवारी एवं पोलो संघ से जुड़े 'हितों के टकराव' का भी आरोप लगाया।उन्होंने दावा किया कि आईओए के पास उनके खिलाफ कोई वास्तविक शिकायत नहीं है।

## बहु-खेल आयोजनों में 'छुट्टी मनाने' वाले अधिकारियों को वापस बुलाया जाएगा: मंत्रालय की चेतावनी

**नयी दिल्ली :** भारत के खेल प्रशासकों को चेतावनी दी गई है कि जो लोग बहु-खेल आयोजनों को 'वेतनभोगी अवकाश' की तरह लेंगे उन्हें प्रतियोगिता के बीच से ही वापस बुला लिया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को उनकी 'लापरवाही' के कारण नुकसान नहीं हो। देश आगामी राष्ट्रमंडल खेलों (जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में) और एशियाई खेलों (सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया) की तैयारियों में जुटा है और अंतिम रूप दिए जाने वाले दल में अधिकारियों की संख्या काफी अधिक होगी। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि खिलाड़ियों के साथ-साथ अधिकारियों के प्रदर्शन पर भी दोनों आयोजनों के दौरान कड़ी नजर रखी जाएगी। राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जो लोग खिलाड़ियों का समर्थन करने के अपने कर्तव्य में कोताही बरतते हैं और छुट्टियां मनाते पाए जाते हैं, उन्हें वापस बुलाने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमने वाले किसी भी व्यक्ति को तुरंत वापस बुला लिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''मंत्रालय का मानना है कि हर 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता प्राप्त कार्ड) महत्वपूर्ण है और यह केवल उन्हीं को मिलना चाहिए जो किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में योगदान दे सकें।'' भारत के प्रशासकों को अक्सर इस बात के लिए आलोचना का सामना करना पड़ता है कि बड़े आयोजनों में दल के साथ बड़ी संख्या में जाने के बावजूद वे खिलाड़ियों की मदद के लिए मौजूद नहीं रहते।

## क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल, लेकिन बास्केटबॉल के लिए भी अपार संभावनाएं: डिवैक

**नयी दिल्ली :** एनबीए के महान खिलाड़ी व्लाडे डिवैक इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में क्रिकेट नंबर एक खेल है लेकिन इसके बावजूद उन्हें उम्मीद है कि बास्केटबॉल भी देश में अपनी जगह बना लेगा। सैक्रामेंटो किंग्स के सात फीट एक इंच लंबे इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को यहां अमेरिकन सेंटर में राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्कूलों और अकादमियों के 100 से अधिक बच्चों के साथ बास्केटबॉल खेली। डिवैक ने कहा, ''मैं वास्तव में हैरान हूं। बच्चे काफी प्रतिभाशाली हैं।'' दो ओलंपिक रजत पदक (1988 और 1996) और दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक (1990 और 2002) के

विजेता डिवैक ने युवा खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताया। उन्होंने कहा, ''मैं लड़कियों के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हूं। भारत बड़ा देश है और यहां बहुत सारे बच्चे हैं। भारत अगर सही राह पर चले तो वह इस खेल में मजबूत शक्ति बन सकता है। एनबीए एक वैश्विक ब्रांड है और भविष्य में हमारे पास भारत से कुछ एनबीए खिलाड़ी हो सकते हैं।'' भारत की एनबीए में पहले भी उपस्थिति रही है, जब कनाडा में जन्मे सिम भुल्लर 2015 में लीग के साथ अनुबंध करने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने थे। संयोग से यह सैक्रामेंटो किंग्स ही था जिसने उन्हें टीम में शामिल किया था और उस समय डिवैक टीम के बास्केटबॉल संचालन के उपाध्यक्ष थे। सतनाम सिंह एनबीए में खेलने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने 2015 में डलास मावेरिक्स से अनुबंध किया था।

## केएससीए ने अतिरिक्त 10,057 मुफ्त आईपीएल टिकटों की मांग की : बीसीसीआई सूत्र

**बेंगलुरु :** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ द्वारा अतिरिक्त 10,057 मानार्थ टिकटों की मांग किए जाने के कारण यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल और प्लेऑफ मैचों को स्थानांतरित किया गया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। परंपरा के अनुसार, मौजूदा चैंपियन होने के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को फाइनल की मेजबानी करनी थी। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने हालांकि 'पीटीआई' से कहा कि अपेक्षाकृत कम क्षमता वाले इस स्टेडियम में मानार्थ टिकटों की अत्यधिक मांग के कारण यहां फाइनल आयोजित करना 'असंभव' हो गया था। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। इस सत्र के प्लेऑफ मुकाबले धर्मशाला (26 मई) और न्यू चंडीगढ़ (27 और 29 मई) में खेले जाएंगे, जबकि खिताबी मुकाबला 31 मई को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा। सूत्र ने बताया, ''केएससीए स्टेडियम क्षमता के 15 प्रतिशत तक मानार्थ टिकट पाने का हकदार है। हालांकि, केएससीए ने अतिरिक्त 10,057 टिकटों की मांग की थी।'' इनमें से लगभग 900 पास केवल राज्य विधानसभा के सदस्यों की मांग पूरी करने के लिए आवश्यक थे। उन्होंने कहा, ''केएससीए ने विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को तीन-तीन मानार्थ पास देने पर सहमति जताई थी, जो कुल मिलाकर लगभग 900 पास होते हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, विशेषज्ञ समिति और कर्नाटक सरकार के साथ अतिरिक्त प्रतिबद्धताओं के लिए मानक 15 प्रतिशत के अलावा 750 अतिरिक्त मानार्थ टिकटों की आवश्यकता थी।'' इससे प्रशंसकों के लिए सिर्फ 20,000 टिकट ही बचते। सूत्र ने यह भी कहा कि केएससीए को रियायती दरों पर कुछ सशुल्क टिकटों की भी आवश्यकता थी।

## कोहली का विकेट लेने से अच्छा लगा, लेकिन मैच जीतना महत्वपूर्ण: प्रिंस यादव

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने यहां आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को एक बेहतरीन गेंद से आउट किया, लेकिन वह इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते और उन्होंने कहा कि टीम का जीत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। आरसीबी की टीम बारिश से प्रभावित इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी लेकिन उसकी टीम निर्धारित 19 ओवर में छह विकेट पर 203 रन ही बना पाई। मिचेल मार्श के 111 रन की बदौलत

एलएसजी ने तीन विकेट पर 209 रन बनाए थे। प्रिंस ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। प्रिंस ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''कोहली का विकेट लेने के बाद मुझे अच्छा लगा, लेकिन सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि हमने मैच जीत लिया। अगर मैंने विकेट लिया होता और हम हार जाते, तो इतना अच्छा नहीं लगता।''

## तीरंदाजी विश्व कप में सिमरनजीत और साहिल ने भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा

**शंघाई :** रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं। एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं। हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की

तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है। इस मुकाबले में हारने पर भी उनके पास प्लेऑफ के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी और किशोरी कुमकुम मोहद प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन मजबूत प्रतिद्वंदियों से हार गईं। दीपिका को दक्षिण कोरिया की चेयॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा जो मौजूदा विश्व चैंपियन और तोक्यो ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता हैं। वहीं कुमकुम को मैक्सिको की अनुभवी खिलाड़ी एलेजांद्रा वालेंसिया से हार मिली, जो दो बार की ओलंपिक टीम कांस्य पदक विजेता हैं। धीरज बोम्मादेवरा पुरुषों के रिकर्व वर्ग में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहे। उनका अभियान भी प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाड़ी जीन-चार्ल्स वलाडोंट से 0-6 से हारकर समाप्त हुआ।

## धोनी का विकेट लेने के बाद जरूरत से ज्यादा जश्न मनाने पर वह नाराज हो गए थे: अश्विन

**नयी दिल्ली :** भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को खुलासा किया कि अपने करियर के शुरुआती दौर में चैलेंजर ट्रॉफी में महेंद्र सिंह धोनी को आउट करने के बाद जरूरत से ज्यादा जश्न मनाने पर यह पूर्व भारतीय कप्तान नाराज हो गया था। जियोस्टार के 'द रविचंद्रन अश्विन एक्सपीरियंस' कार्यक्रम में इस ऑफ स्पिनर ने याद किया कि उन्हें लगा था कि धोनी को आउट करने से उन्हें आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलने का मौका मिल सकता है। अश्विन ने कहा, ''सीएसके की टीम में मुथैया मुरलीधरन थे। एक दिग्गज खिलाड़ी जो अपने कोटे के पूरे ओवर कर रहे थे। इसलिए मुझे (सीएसके के लिए

खेलने के) मौके नहीं मिल रहे थे। मैं 2008 में नहीं खेला, लेकिन 2009 में मुझे केपटाउन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सचिन तेंदुलकर के सामने अपना पहला मैच खेलने का मौका मिला। मुझे 2009 और 2010 में भी ज्यादा मौके नहीं मिले।'' दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले अश्विन ने कहा, ''चैलेंजर ट्रॉफी में मुझे धोनी को गेंदबाजी करने का मौका मिला। धोनी हमारी टीम के खिलाफ खेलते हुए दो बार आउट हुए। एक बार उन्होंने डीप कवर की तरफ शॉट खेला और मैंने डाइव लगाकर कैच लपक लिया। मैंने इतना जश्न मनाया कि वह सच में नाराज हो गए।'' उन्होंने कहा, ''धोनी ने मुझसे पूछा, 'इतना जश्न मनाने की क्या जरूरत है।' मैंने कहा, 'आपका विकेट लेना मेरा सपना था। शायद इससे मुझे सीएसके में खेलने का मौका मिल जाए।' और अगले साल मुझे मौका मिल गया।'' भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 106 मैच में 537 विकेट लेने वाले अश्विन ने सीएसके के साथ अपने आईपीएल करियर का अंत किया क्योंकि वह वहीं खत्म करना चाहते थे जहां से उन्होंने शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, ''जब मुझे दोबारा सीएसके के लिए खेलने का मौका मिला, तो सबसे पहला विचार यही आया कि मैं उसी टीम के साथ अपने करियर को खत्म करूंगा जिससे मैंने शुरुआत की थी। मैं दो तीन साल और खेलना चाहता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह एक अलग कहानी है इसके बारे में मैं अभी बात नहीं करूंगा।'' अश्विन ने कहा, ''मेरा एक और सपना था कि मैं चेपॉक में अपना करियर खत्म करूं। ऐसा नहीं हुआ। मेरा आखिरी आईपीएल मैच दिल्ली में था। मैंने अपना आखिरी वनडे मैच चेपॉक में ही खेला था। उस मैदान से मेरी कई यादें जुड़ी हैं। वह मेरे दिल के बेहद करीब है।''

### टाइटन का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 35.4 प्रतिशत बढ़कर 1,179 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली:** आभूषण एवं घड़ी बनाने वाली कंपनी टाइटन का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 35.36 प्रतिशत बढ़ाकर 1,179 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 871 करोड़ रुपये रहा था। टाइटन ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की कुल बिक्री 48.28 प्रतिशत बढ़कर 20,607 करोड़ रुपये हो गई। 'टाइटन', टाटा समूह और तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम का संयुक्त उपक्रम है।

### आकसा एयर ने गिफ्ट सिटी में विमान वित्तपोषण एवं पट्टा गतिविधियों के लिए स्थापित की इकाई

**नयी दिल्ली:** अकासा एयर ने अपने विमान वित्तपोषण और पट्टे से जुड़ी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए गुजरात की गिफ्ट सिटी में एक इकाई स्थापित की है। करीब चार साल पुरानी इस विमानन कंपनी ने गांधीनगर स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में 'अकासा एयर लीजिंग आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड' (एएएलआई) की स्थापना की है। विमानन कंपनी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि एएएलआई का कार्यालय उसकी विमान वित्तपोषण रणनीति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे लागत दक्षता और वैश्विक पूंजी बाजारों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी।

### रिजर्व बैंक ने यस बैंक, हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस पर लगाया जुर्माना

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) से जुड़े कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर यस बैंक पर 31.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि बैंक ग्राहकों के साथ खाता-आधारित संबंध स्थापित करने के लिए केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा दिए गए केवाईसी पहचानकर्ता का इस्तेमाल करने की व्यवस्था लागू करने में नाकाम रहा। इससे पहले, 31 मार्च, 2025 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में, उसके पर्यवेक्षण मूल्यांकन के लिए रिजर्व बैंक द्वारा एक वैधानिक निरीक्षण किया गया था। एक अन्य बयान में, रिजर्व बैंक ने कहा कि संचालन से जुड़े कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर 1.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# पश्चिम एशिया संकट से सरकारी तेल कंपनियों को महीने में 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान

- कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर से बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंचीं
- पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने से सरकारी तेल कंपनियों पर बढ़ा दबाव

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में तेज उछाल के बावजूद देश की सरकारी तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दाम स्थिर होने की वजह से प्रतिदिन 700-1,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम एशिया संकट के बाद सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसील को प्रतिदिन करीब 700 से 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जो मासिक आधार पर लगभग 30,000 करोड़ रुपये बैठता है। पेट्रोलियम कंपनियों की लागत और खुदरा मूल्य के बीच का अंतर मार्च-अप्रैल में तेजी से बढ़ा है। हालांकि बाद में इसमें कुछ नरमी आई। अप्रैल में पेट्रोल पर करीब 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान होने का अनुमान है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव है और आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि कच्चे तेल की कीमत दो महीने पहले करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन अब यह बढ़कर लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। शर्मा ने कहा, सरकार का अब तक प्रयास रहा है कि कीमतों को स्थिर रखा जाए और उपभोक्ताओं पर कोई बढ़ोतरी न डाली जाए। इससे तेल विपणन कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर असर पड़ा है। मासिक नुकसान करीब 30,000 करोड़ रुपये पर है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें आगे भी स्थिर रहेंगी। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने कहा, अब तक प्रयास यही रहा है कि कीमतों में कोई बढ़ोतरी न हो। सरकार ने पेट्रोलियम कंपनियों पर आए दबाव को कम करने के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती की है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये और डीजल पर 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, यदि उत्पाद शुल्क में कटौती नहीं की जाती तो यह बोझ करीब 62,500 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता था। शर्मा ने कहा कि उत्पाद शुल्क में कटौती की वजह से सरकार खुद भी हर महीने करीब 14,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान उठा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंची कच्चे तेल की कीमतों और खुदरा दरों को स्थिर रखने के फैसले से तेल कंपनियों के बहीखाते और मार्जिन पर दबाव बढ़ा है। लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहने पर कंपनियों को कार्यशील पूंजी के लिए अधिक कर्ज लेना पड़ सकता है और पूंजीगत व्यय योजनाओं की समीक्षा करनी पड़ सकती है। हालांकि, रिफाइनिंग विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा और वैकल्पिक ईंधन से जुड़ा निवेश सरकार के समर्थन से जारी रहने की संभावना है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बने रहने से वैश्विक कच्चे तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव आया। इस दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई। इसके बावजूद भारत में 28 फरवरी के बाद से खुदरा ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। इसके उलट स्पेन, जापान, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई है। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि परिवहन लागत, आपातकालीन कच्चे तेल की खरीद, बीमा प्रीमियम और रिफाइनरी समायोजन जैसी अतिरिक्त लागतों ने भी कंपनियों पर दबाव बढ़ाया। हालांकि देशभर में ईंधन और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी रही। ब्रेंट क्रूड की कीमत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले करीब 72 डॉलर प्रति बैरल थी। लेकिन संघर्ष तेज होने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते जहाजों की आवाजाही बाधित होने से कीमतों में तेज उछाल आया। हालत यह हो गई कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें कुछ समय के लिए लगभग 144 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। हालांकि तनाव थमने की उम्मीद से अब यह नरम होकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ चुका है।

## न्यूज अपडेट

### भारत में एआई अवसंरचना के क्षेत्र में निवेश के अवसर तलाश रही है गूगल : वैष्णव

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी गूगल, भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना के क्षेत्र में निवेश के अवसर तलाश रही है। इसमें सर्वर और ड्रोन का विनिर्माण भी शामिल है। यह घोषणा विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में गूगल द्वारा 15 अरब अमेरिकी डॉलर के एआई केंद्र की अप्रैल में आधारशिला रखने के बाद की गई है। वैष्णव ने कंपनी अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सोशल मीडिया पर जानकारी दी,' गूगल, भारत में एआई अवसंरचना और सर्वर एवं ड्रोन के विनिर्माण में निवेश के अवसर तलाश रही है।'

### रुपया 25 पैसे टूटकर 94.47 प्रति डॉलर पर

मुंबई: रुपया शुक्रवार को 25 पैसे टूटकर 94.47 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका तथा ईरान के बीच ताजा टकराव के साथ घरेलू मुद्रा में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पिछले दो कारोबारी सत्रों में मजबूती के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। ईरान ने अमेरिका पर युद्धविराम उल्लंघन का आरोप लगाया है। ईरान का कहना है कि अमेरिका ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य और नागरिक इलाकों में नए हमले किए, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि युद्धविराम अब भी प्रभावी है। अमेरिका-ईरान शांति समझौते के बीच ब्रेंट तेल की कीमतें गिरकर 98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, लेकिन निवेशकों द्वारा पश्चिम एशिया शांति समझौते की संभावनाओं का आकलन करने के बाद कीमतों में मामूली वृद्धि हुई और यह बढ़कर लगभग 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.58 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.68 तक फिसल गया। अंत में रुपया 94.47 प्रति डॉलर पर रहा। यह पिछले बंद भाव से 25 पैसे की गिरावट है।

### फोर्स मोटर्स ने नई 'ट्रैवलर एन' रेंज को पेश किया

**नयी दिल्ली:** वाहन विनिर्माता फोर्स मोटर्स लिमिटेड ने अपनी नई 'फोर्स ट्रैवलर एन' रेंज को पेश किया है जिसका इस्तेमाल एंबुलेंस, डिलीवरी वैन एवं स्कूल बस जैसे विभिन्न उपयोगों के लिए किया जा सकता है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह रेंज एक ही वाहन प्लेटफॉर्म पर आधारित है और अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से अलग संस्करण में उपलब्ध होगी। इसकी दिल्ली में शुरुआती कीमत 14.92 लाख रुपये रखी गई है। फोर्स मोटर्स ने कहा कि वह चरणबद्ध तरीके से मौजूदा 'ट्रैवलर' मॉडल की जगह नई 'एन' रेंज को लेकर आएगी और भविष्य में उसके नए वाहन इसी प्लेटफॉर्म पर आधारित होंगे। बयान के मुताबिक, 'फोर्स ट्रैवलर' चार दशकों से अपने खंड में एक स्थापित ब्रांड रहा है और कंपनी का इस श्रेणी में करीब 70 प्रतिशत बाजार हिस्सा है। यह वाहन एंबुलेंस, स्कूल बस और डिलीवरी वैन समेत कई उपयोगों में इस्तेमाल होता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रसन फिरोदिया ने कहा, फोर्स ट्रैवलर साझा यात्री परिवहन क्षेत्र में एक भरोसेमंद उत्पाद रहा है और अपने खंड में लगातार अग्रणी बना हुआ है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक मई को समाप्त सप्ताह के दौरान 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पछले 24 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.82 अरब डॉलर घटकर 698.49 अरब डॉलर रहा था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान, पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले, यह कोष बढ़कर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इसके बाद कई हफ्तों तक इसमें गिरावट देखने को मिली। इसका कारण दबाव में आये रुपये को समर्थन देने के लिए रिजर्व बैंक को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, एक मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.79 अरब डॉलर घटकर 551.82 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में बदलाव का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि आलोच्य सप्ताह के दौरान उसके स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.02 अरब डॉलर घटकर 115.22 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.79 अरब डॉलर हो गए।

### उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड में बदलने का आदेश जारी: ऊर्जा मंत्री शर्मा

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर प्रणाली को बंद करने और संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत स्थापित सभी स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड में बदलने का फैसला किया है। इसके बाद उपभोक्ताओं को बिजली इस्तेमाल करने के बाद बिल मिलेगा। मई 2026 की खपत का बिल जून 2026 में पोस्टपेड प्रणाली के तहत जारी किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में संचालित स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था को समाप्त कर सभी स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगमों और केस्को कानपुर में लागू यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान करेगी। ऊर्जा मंत्री ने एक बयान में कहा कि उपभोक्ताओं को बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिये उपलब्ध कराया जाएगा। स्मार्ट पोस्टपेड बिल प्रत्येक माह की 10 तारीख तक जारी किए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में नेटवर्क अथवा संचार संबंधी समस्या के कारण स्मार्ट मीटर की स्वत: रीडिंग प्राप्त नहीं होगी, वहां एएमआईएसपी एजेंसियों के माध्यम से 'मैनुअल रीडिंग' लेकर समय से बिल उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं हैं या गलत दर्ज हैं, उनके लिए विमरण कंपनियों के स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# भारत विमानों को पट्टे पर देने में एक प्रमुख केंद्र बनने का इच्छुक: विमानन मंत्री

**गांधीनगर:** नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि भारत विमानों को पट्टे पर देने वाले वैश्विक लीजिंग केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय उनके पूरक के रूप में काम करते हुए मजबूत घरेलू परिवेश विकसित करने पर ध्यान दे रहा है। नायडू ने यहां गिफ्ट सिटी में आयोजित 'इंडिया एयरक्राफ्ट लीजिंग एंड फाइनेंसिंग समिट 2.0' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र तेज रफ्तार से बढ़ रहा है और यह न केवल देश बल्कि आसपास के क्षेत्र को भी सक्षम बना सकता है। उन्होंने कहा, वैश्विक विमान पट्टा बाजार, खासकर भारत से जुड़े हिस्से का आकार इतना बड़ा है कि दुनिया की कई निजी कंपनियां इसका हिस्सा बन सकती हैं। वैश्विक स्तर पर बढ़ते परस्पर जुड़ाव के कारण विभिन्न क्षेत्रीय केंद्र विकसित हो सकते हैं। भारत भी इस क्षेत्र में एक मजबूत वैश्विक खिलाड़ी बनना चाहता है लेकिन इसके साथ हम मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का पूरक भी बनना चाहते हैं। नायडू ने बताया कि भारत फिलहाल घरेलू नागर विमानन के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है और मौजूदा रफ्तार को देखते हुए वैश्विक स्तर पर भी तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है। नायडू ने कहा कि देश में वाणिज्यिक विमानों का बेड़ा 2027 तक 1,100 और 2032 तक बढ़कर 2,250 विमान हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 2026 में अब तक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर यात्री संख्या 19.1 करोड़ तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को विमानों को पट्टे पर देने यानी लीजिंग का एक पूर्ण-विकसित वैश्विक केंद्र बनाने की जरूरत है, जहां विमान लीजिंग से जुड़े लेन-देन की संरचना, निष्पादन और प्रबंधन देश के भीतर ही हो।

### एयर इंडिया ने 'मुश्किल समय' में उठाए खर्च घटाने के कदम, वेतन वृद्धि एक तिमाही टली

**नयी दिल्ली:** एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों को गैर-जरूरी खर्चों पर लगाम लगाने और अनावश्यक खर्चों को टालने का निर्देश दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि विल्सन ने इस समय के मुश्किल हालात में एयरलाइन की लागत घटाने की जरूरत पर जोर देते हुए यह निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कई चुनौतियों से जूझ रही एयर इंडिया के प्रबंधन ने कर्मचारियों की छंटनी की आशंका से इनकार किया। विल्सन ने एयरलाइन के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) संजय शर्मा और मुख्य मानव संसाधन अधिकारी रवींद्र कुमार जीपी के साथ कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यह निर्देश दिए। सूत्रों के मुताबिक, रवींद्र कुमार ने कहा कि कंपनी पिछले वित्त वर्ष के लिए 'परिवर्तनीय वेतन' (वेरिएबल पे) जारी रखेगी और तय पदोन्नतियों को भी लागू करेगी। हालांकि अनिश्चित आर्थिक माहौल को देखते हुए वार्षिक वेतन वृद्धि को कम से कम एक तिमाही के लिए टाल दिया जाएगा।

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 516 अंक फिसला

**मुंबई:** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 516 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 150 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से बाजार में जोखिम से बचने का रुझान देखा गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी गिरावट को बढ़ाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 516.33 अंक यानी 0.66 प्रतिशत गिरकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.09 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 24,176.15 अंक पर आ गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि एनएसई निफ्टी में 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की तेजी रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर में मार्च तिमाही नतीजों के बाद 6.62 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान में रहे। हालांकि, टाइटन के शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद 4.76 प्रतिशत चढ़ गया। इसके साथ एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस और एचसीएल टेक के शेयरों में भी तेजी रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, कमजोर वैश्विक संकेतों और नई भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच घरेलू बाजार दबाव में रहे। कच्चे तेल में फिर से तेजी आने से निवेशक धारणा बिगड़ गई। इसके अलावा रुपये में कमजोरी कायम रहने और संस्थागत निवेशकों के रुख से भी प्रभाव पड़ा। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.34 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही।







वर्ष 11, पूर्णांक 3586 अंक 052 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in